* वर्ष 39 * अंक 63 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर शनिवार दिनांक 30 नवम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# संभल मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट नहीं खुलेगी : सुप्रीम कोर्ट

## इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक और याचिका, पुलिस अफसरों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

**संभल (एजेंसी)।** संभल की जामा मस्जिद मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने आदेश दिया कि मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट नहीं खुलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट से कहा कि 8 जनवरी तक केस में कोई एक्शन न लें। शांति जरूरी है। गुरुवार को संभल की शाही जामा मस्जिद की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। सीजेआई की बेंच में इस पर सुनवाई हुई। वहीं, इलाहाबाद हाईकोर्ट में पुलिस अफसरों पर एफआईआर दर्ज कराने को लेकर एक और याचिका दाखिल की गई है। यह याचिका हजरत ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन महाराष्ट्र सचिव मोहम्मद यूसुफ ने दाखिल की है। उनका कहना है कि संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान विरोध में आई भीड़ पर एक पुलिस वर्दीधारी ने कहा कि सब लोग गोली चलाओ। इसके बाद अंधाधुंध गोली चलाते पुलिस को देखा गया, जिसमें 5 लोगों की मौत हो चुकी है। यह हादसा नहीं, हत्या है।



वहीं, शुक्रवार को जामा मस्जिद में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क नमाज पढ़ने पहुंचे। पुलिस ने जियाउर्रहमान बर्क को हिंसा भड़काने का आरोपी बनाया है। जुमे के दिन करीब एक हजार लोग नमाज पढ़ने पहुंचे। इससे पहले, संभल की चंदौसी कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट पेश नहीं हुई। एडवोकेश कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने कहा- 24 नवंबर को सर्वे के दौरान हिंसा हो गई थी, इसलिए रिपोर्ट तैयार नहीं हो पाई। कोर्ट ने सर्वे रिपोर्ट जमा करने के लिए 10 दिन का वक्त दिया है।

संभल में रविवार, 24 नवंबर को मस्जिद में सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में 4 युवकों की मौत हुई थी। संभल की चंदौसी कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका पर 19 नवंबर को एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त करते हुए सर्वे का आदेश दिया था। हिंदू पक्ष का दावा है कि जामा मस्जिद हरिहर मंदिर है।

**हिंदू पक्ष ने हाईकोर्ट में दाखिल की कैविएट :** संभल हिंसा के मामलें में सुप्रीम कोर्ट के वकील और वादी हरिशंकर जैन और पार्थ यादव ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में कैविएट दाखिल कर अपनी बात रखी है।

हिंदू पक्ष ने हाईकोर्ट से मांग की है कि अगर मुस्लिम पक्ष कोई भी याचिका दाखिल करता है तो बिना हिंदू पक्ष को सुने कोई भी आदेश न पारित किया जाए। कैविएट संभल के सिविल जज के 19 नवंबर के सर्वे आदेश से जुड़े मुकदमे को लेकर दाखिल की गई है।

इस मामले में मुस्लिम पक्ष भी इलाहाबाद हाईकोर्ट में जल्द ही सिविल जज के फैसले के खिलाफ अपनी अर्जी दाखिल कर सकता है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने संभल मामले में मुस्लिम पक्ष को इलाहाबाद हाईकोर्ट में जाने को कहा है।

**संभल हिंसा मामले में हाईकोर्ट में एक और याचिका दाखिल :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में पुलिस अफसरों पर एफआईआर दर्ज कराने को लेकर एक और याचिका दाखिल की गई है। यह याचिका हजरत ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन महाराष्ट्र सचिव मोहम्मद यूसुफ ने दाखिल की है। उनका कहना है कि संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान विरोध में आई भीड़ पर एक पुलिस वर्दीधारी ने कहा कि सब लोग गोली चलाओ। इसके बाद अंधाधुंध गोली चलाते पुलिस को देखा गया, जिसमें 5 लोगों की मौत हो चुकी है। यह हादसा नहीं, हत्या है।

संभल हिंसा को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल यह दूसरी याचिका है। इससे पहले हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की गई थी। याचिका में हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस की अध्यक्षता में एसआईटी से जांच कराने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि संभल में पुलिस ने बर्बरता की है।

### संभल हिंसा की जांच के लिए भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाएंगे

सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क का कहना है-हम सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले की सराहना करते हैं। सर्वे रिपोर्ट को सीलबंद कवर में रखने के लिए कहा गया है। संभल हिंसा की जांच सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जज की निगरानी में की जाए इसके लिए याचिका दाखिल करेंगे।

### सपा सांसद के पिता संभल जामा मस्जिद पहुंचे

संभल की शाही जामा मस्जिद में नमाज पढ़ने पहुंचे सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क। पुलिस ने जियाउर्रहमान बर्क को हिंसा भड़काने का आरोपी बनाया है। उनके खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

इधर, जामा मस्जिद में नजाम पढ़ने के लिए करीब एक हजार लोग पहुंचे। हालांकि, शाही इमाम ने लोगों से अपील की थी कि जामा मस्जिद की बजाए अपने-अपने घर के पास की मस्जिदों में नमाज अदा करें।

**विष्णु शंकर जैन ने कहा-कोर्ट ने कहा कि मस्जिद कमेटी हाईकोर्ट जा सकती है :** अधिवक्त ा विष्णु शंकर जैन ने बताया- सुप्रीम कोर्ट ने सबसे पहले चिंता जताई की वहां पर शांति और सद्भाव बरकरार रहे। सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद कमेटी से कहा कि आप इस ऑर्डर को हाई कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। सुप्रीम ने ये भी कहा है कि 3 दिन के अंदर अगर आप हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करते हैं तो मामला हाई कोर्ट में लिस्ट किया जाए और हाई कोर्ट के अगले निर्देश का इंतजार किया जाए। तब तक के लिए ट्रायल कोर्ट की कार्रवाई रुकी रहेगी।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-संभल मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट नहीं खुलेगी

संभल मामले पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट नहीं खुलेगी। इसके अलावा, ट्रायल कोर्ट यानी चंदौसी की सिविल कोर्ट को निर्देश दिया कि 8 जनवरी तक इस केस में कोई भी एक्शन मत लीजिए। शांति जरूरी है।

# 25 किलो सोना, 4 करोड़ की नकदी मिली

### ट्रांसपोर्ट कंपनी के ठिकानों पर दूसरे दिन भी इनकम टैक्स की कार्रवाई जारी रही



**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर में गोल्डन एंड लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट कंपनी के करीब 16 ठिकानों पर दूसरे दिन शुक्रवार देर रात तक इनकम टैक्स की कार्रवाई जारी रही। इस कार्रवाई में कारोबारी के ठिकानों से टीमों को 25 किलो सोना और 4 करोड़ की नकदी मिली। इसके साथ ही 100 करोड़ रुपए कैश के दस्तावेज मिले हैं। जिनकी जांच की जा रही है। हालांकि विभाग की ओर से अधिकृत रूप से कार्रवाई के आंकड़े जारी नहीं किए गए हैं। जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की टीमों ने गुरुवार तड़के से उदयपुर, बांसवाड़ा, भीलवाड़ा, जयपुर, मुंबई, गुजरात में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के 20 से अधिक ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई शुरू की थी।

टीमों की ओर से कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानों पर कारोबारी और उससे जुड़े अन्य कारोबारियों के कार्यालय पर ताला मिला था। ऐसे में उन स्थानों पर सील चस्पा की गई थी। शुक्रवार को सील किए गए कार्यालयों और अन्य प्रतिष्ठानों को खुलवाकर उनकी भी जांच की गई। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी, जिसमें और भी खुलासे की संभावना है।

## सोने-चांदी के दामों में फिर आई तेजी



**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी उठापाठक की वजह से सोने और चांदी की कीमत में एक बार फिर इजाफे का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके बाद शुक्रवार को जहां स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 800 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, चांदी प्रति किलो की कीमत 2100 रूपए बढ़कर 92 हजार रुपए को पार कर गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार बाजार में जारी अस्थिरता की वजह से सोने और चांदी की कीमत में तेजी का सिलसिला अगले सप्ताह भी देखने को मिल सकता है।

जयपुर के सर्राफा व्यापारी राकेश खंडेलवाल ने बताया- भारतीय शेयर बाजार में लगातार बदलाव हो रहा है। इसके बाद निवेशक कीमती धातुओं में निवेश करना पसंद कर रहे हैं। यही कारण है कि 76 हजार रुपए के नजदीक पहुंच चुकी सोने की कीमत एक बार फिर 79 हजार रुपए पर पहुंच गई है। जबकि चांदी की कीमत में भी फिर से बढ़ोतरी देखने को मिली है। ऐसे में आने वाले दिनों में चांदी एक बार फिर 95 हजार रुपए को पार कर सकती है। जबकि सोने की कीमत 80 हजार रुपए का आंकड़ा छू सकती है।

## संसद की कार्यवाही 2 दिसंबर तक स्थगित

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 25 नवंबर को हुई थी। 4 दिन में सदन की कार्यवाही सिर्फ 40 मिनट चली। हर दिन औसतन दोनों सदन (लोकसभा और राज्यसभा) में करीब 10-10 मिनट तक कामकाज हुआ।

लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने अडाणी और संभल मुद्दा उठाया। विपक्षी सांसद कार्यवाही के दौरान लगातार हंगामा करते रहे। स्पीकर ने कई बार उन्हें बिठाने की कोशिश की, मगर विपक्ष शांत नहीं हुआ।

शुक्रवार को स्पीकर ओम बिरला ने कहा- सहमति-असहमति लोकतंत्र की ताकत है। मैं आशा करता हूं सभी सदस्य सदन को चलने देंगे। देश की जनता संसद के बारे में चिंता व्यक्त कर रही है। सदन सबका है, देश चाहता है संसद चले। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार (2 दिसंबर) तक स्थगित कर दी गई।

राहुल ने बुधवार को संसद के बाहर कहा था कि अडाणी पर अमेरिका में 2 हजार करोड़ की रिश्वत देने का आरोप है। उन्हें जेल में होना चाहिए। मोदी सरकार उन्हें बचा रही है।

### कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक

# खड़गे बोले-कांग्रेस में ऊपर से नीचे तक बदलाव की जरूरत, हमें चुनावी रणनीति में सुधार करना होगा

### माहौल पक्ष में मतलब जीत की गारंटी नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की दिल्ली में मीटिंग हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- चुनाव परिणामों से निराश नहीं होना चाहिए। पार्टी को मजबूत करने के लिए ऊपर से लेकर नीचे तक बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमें चुनावी रणनीति में भी सुधार करना होगा, माहौल पक्ष में मतलब जीत की गारंटी नहीं होता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने बैठक में एक बार फिर ईवीएम पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, ईवीएम ने चुनाव प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है, चुनाव आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए। खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कोई भी अंकगणित परिणामों को सही नहीं ठहरा सकता। लोकसभा चुनाव में जिस तरह



से महाविकास अघाड़ी (एमवीए) ने प्रदर्शन किया, उस हिसाब से विधानसभा के परिणाम देखकर चुनावी पंडित भी भ्रमित हैं।

**संगठन में ऊपर से नीचे तक बदलाव की जरूरत :** खड़गे ने कहा- राज्य चुनावों में उम्मीद से कम प्रदर्शन हमारे लिए चुनौती है। पार्टी नेताओं में एकता की कमी, एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी चुनावों में हमें नुकसान पहुंचा रही है, इस पर सख्त अनुशासन की जरूरत है। पार्टी को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर से लेकर एआईसीसी तक बदलाव लाने होंगे।

**माहौल पक्ष में मतलब जीत की गारंटी नहीं :** खड़गे ने बैठक में कहा- चुनाव का माहौल हमारे पक्ष में होने से जीत की गारंटी नहीं मिलती। टाइम बाउंड स्ट्रैटेजी बनाने और पार्टी को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। विधानसभा चुनावों के लिए एक साल पहले से तैयारी करनी होगी, मतदाता सूचियों की जांच करनी होगी।

**हमें अपनी चुनाव रणनीति में सुधार करना होगा :** खड़गे ने कहा- महाराष्ट्र में कोई भी अंकगणित परिणामों को सही नहीं ठहरा सकता। स्र्ढ्ढ के लोकसभा चुनाव के परिणामों के बाद चुनाव पंडित भ्रमित हैं। हमें अपनी चुनाव रणनीति में सुधार करना होगा। दुष्प्रचार, गलत सूचना का मुकाबला करने के तरीके विकसित करने होंगे।

**कांग्रेस के लिए सत्ता में आना महत्वपूर्ण :** खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के लिए सत्ता में आना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे देश भर में लोगों के एजेंडे को लागू करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के अच्छे नतीजों के बाद विधानसभा चुनाव के नतीजों ने हमें झकझोर दिया, हमें कड़े कदम उठाने होंगे।

### कांग्रेस ने लेटर में इन मुद्दों को उठाया

वोटर्स को मनमाने ढंग से जोड़ा और हटाया गया। इसके चलते जुलाई 2024 से नवंबर 2024 के बीच महाराष्ट्र में वोटर लिस्ट में लगभग 47 लाख नए वोटर्स शामिल किए गए।

ऐसा 50 विधानसभा क्षेत्रों में औसतन 50 हजार नए वोटर्स जोड़े गए, उनमें से 47 सीटों पर सत्ताधारी गठबंधन और उसके सहयोगियों ने जीत दर्ज की।

21 नवंबर 2024 को शाम 5 बजे तक महाराष्ट्र में वोटिंग प्रतिशत 58.22त्न था, जो रात 11:30 बजे तक बढ़कर 65.02त्न हो गया। फाइनल रिपोर्ट में 66.05त्न वोटिंग दर्ज की गई।

जो काउंटिंग शुरू होने से कई घंटे पहले घोषित हुआ। एक घंटे में यानी शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच लगभग 76 लाख वोट डाले गए।

### सिटी पैलेस की विवादित जमीन पर जल्द होगा फैसला

## एडीएम कोर्ट को दोनों पक्षों के जबाव मिले, धूणी दर्शन को लेकर हुआ था विवाद

**उदयपुर (पुकार)।** मेवाड़ पूर्व राज परिवार में अब विवाद भले ही थम गया है लेकिन सिटी पैलेस के अंदर विवादित जमीन पर अभी जिला मजिस्ट्रेट का अधिकार है। इसको लेकर अभी निर्णय नहीं हो पाया है। इस संबंध एडीएम सिटी की कोर्ट को अंतिम निर्णय करना है। एडीएम सिटी वार सिंह के पास दोनों पक्षों के जबाव आ चुके हैं। विपक्ष की तरफ से पूर्व राज परिवार के लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ और दूसरे पक्ष की ओर से जिला मजिस्ट्रेट की तरफ से नियुक्त रिसीवर ने जबाव सौंप दिया है। दोनों ही पक्षों ने आखिर क्या जबाव दिया है इसे पूरी तरह से गोपनीय रखा गया है। इस संबंध में एडीएम वार सिंह का कहना है कि दोनों ही पक्षों के जबाव को देखकर जल्द ही निर्णय किया जाएगा।

**25 नवंबर को हुआ था बवाल**

25 नवंबर को चित्तौड़गढ़ में उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ के राजतिलक की रस्म हुई थी। बरसों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए उन्हें एकलिंगजी का 77वां दीवान घोषित किया था। इसके बाद वे उदयपुर में धूणी दर्शन के लिए रवाना हुए थे।



सैकड़ों समर्थकों के साथ सिटी पैलेस के गेट के बाहर पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस का सुरक्षा घेरा तोड़ दिया था। लेकिन, 25 दिसंबर को सिटी पैलेस का गेट बंद होने कारण वे धूणी दर्शन नहीं कर पा रहे थे। इसके बाद यहां विवाद की स्थिति पैदा हुई थी।

**विवादित प्रॉपर्टी सरकार के अधीन :** जिला प्रशासन ने सिटी पैलेस में विवादित प्रॉपर्टी को लेकर विपक्षी के रूप में पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को 25 नवंबर को नोटिस जारी करते हुए 2 दिन में जवाब मांगा था। लक्ष्यराज मेवाड़ ने बुधवार (27 नवंबर) को इसका जवाब प्रशासन को सौंप दिया। सिटी पैलेस में बड़ी पोल से धूणी व जनाना महल तक का क्षेत्र सरकार के अधीन है। जहां पर लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करने की जिम्मेदारी रिसीवर की रहेगी।

## दिल्ली में बीकानेर हाउस की नहीं होगी कुर्की

**जयपुर।** दिल्ली की पटियाला हाउस की कॉमर्शियल कोर्ट-2 ने इंडिया गेट के पास स्थित बीकानेर हाउस के कुर्की आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने यह रोक राज्य सरकार की रिकॉल एप्लीकेशन पर सुनवाई करते हुए लगाई। सरकार की ओर से पैरवी करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने कहा- बीकानेर हाउस राज्य सरकार की संपत्ति है। जबकि मामला नोखा नगरपालिका के खिलाफ है। उसका बीकानेर हाउस से कोई संबंध नहीं है। डिक्री होल्डर मैसर्स एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड ने शपथ पत्र में बीकानेर हाउस के स्वामित्व का गलत दावा पेश किया है। उन्होंने बीकानेर हाउस से संबंधित सरकारी रिकॉर्ड भी कोर्ट मे पेश किया। सरकार की ओर से कहा गया- सिविल प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 60 के तहत बीकानेर हाउस कुर्की से मुक्त है। यह एक सरकारी संपत्ति है। इसका उपयोग सार्वजनिक और प्रशासनिक कार्यों के लिए किया जाता है। बीकानेर हाउस में राजस्थान के मुख्यमंत्री का कार्यालय, राजस्थान हाईकोर्ट रजिस्ट्री और अतिरिक्त महाधिवक्ता सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यालय संचालित होते हैं। ऐसी महत्वपूर्ण संपत्ति की कुर्की से सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न होगी।

## भारत-पाक बॉर्डर पर बीएसएफ जवान की गोली लगने से मौत

**बाड़मेर।** भारत-पाकिस्तान इंटरनेशनल बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ जवान की गोली लगने से मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद अन्य जवान दौड़कर पहुंचे। घटना बाड़मेर जिले के बाखासर जाटों का बेरा (जेकेबी) चैक पोस्ट की शुक्रवार सुबह की है।

जानकारी के अनुसार- नीमकाथाना निवासी शंकरलाल गुर्जर (52) बाड़मेर में बीएसएफ की 83 बटालियन में हेड कॉन्स्टेबल पद पर तैनात थे। शुक्रवार सुबह बॉर्डर की



तारबंदी के पास ड्यूटी करने के लिए तैयार हो रहा थे। करीब 7 बजे चैक पोस्ट पर तैयार होने के दौरान राइफल का ट्रिगर दब गया। जिससे गोली उसकी ठोड़ी के नीचे लग गई और मौके पर ही मौत हो गई। शंकरलाल अगस्त 2020 से बाड़मेर में कार्यरत थे। वे नीमकाथाना जिले के थोई के नारलोट गांव के निवासी थे।

घटना की जानकारी पर 10 बजे बाखासर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। चौहटन डीएसपी जीवनलाल और बाखासर थानाधिकारी विशन सिंह ने मौका मुआयना किया। सबूत जुटाने के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया। इसके बाद शाम को शव को बाड़मेर के सरकारी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। हेड कांस्टेबल इंद्राराम ने बताया - बीएसएफ अफसरों ने पूछताछ में बताया कि राइफल का अचानक ट्रिगर दबने से जवान के गोली लग गई और उसकी मौत हो गई।

# बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को जान से मारने की धमकी

### कहा- तुमने नरेश मीणा के खिलाफ बोला; आरोपी पकड़ा, कांग्रेस सरकार में मंत्री का पीए रह चुका

**जयपुर।** बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले व्यक्ति ने मदन राठौड़ को शुक्रवार सुबह कॉल किया। फोन उठाते ही सामने वाले व्यक्ति ने मदन राठौड़ को अपशब्द कहना शुरू कर दिए।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि वो व्यक्ति मुझे कह रहा था कि तुमने नरेश मीणा के खिलाफ बोला है। तू बहुत उछल-कूद कर रहा है। तुझे गोली मार दूंगा। राज्यसभा में इसलिए भेजा है क्या? बताया जा रहा है कि कॉल करने वाला व्यक्ति कांग्रेस सरकार में मंत्री का पीए भी रहा है।

मदन राठौड़ ने फोन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ दिल्ली के पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है। पुलिस ने फोन करने वाले व्यक्ति को ट्रेस किया तो सिम अनूपगढ़ के व्यक्ति के नाम निकली। दोपहर बाद पुलिस ने धमकी देने वाले को डिटेन कर लिया।

घटना के बाद सीएम भजनलाल



शर्मा, बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल सहित भाजपा के कई नेताओं ने फोन करके मदन राठौड़ से घटना की जानकारी ली।

**कभी बिहार तो कभी अनूपगढ़ का बताया :** धमकी देने वाले व्यक्ति को जब फिर से मदन राठौड़ के स्टाफ की ओर से फोन किया गया तो उसने पहले खुद को बिहार का रहने वाला बताया। फिर कहा कि वो अनूपगढ़ से बोल रहा है। जब उससे पूछा गया कि उसने मदन राठौड़ को धमकी क्यों दी, तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। उसके बाद उसे कई बार फोन किए गए। लेकिन, उसने फोन रिसीव ही नहीं किया।

घटना के बाद मीडिया से बात करते हुए मदन राठौड़ ने कहा कि मैंने ऐसा कोई काम ही नहीं किया, जिससे कोई व्यक्ति मुझे धमकी दे। मैंने तो फोन करने वाले व्यक्ति के अपशब्द कहने के बाद भी उससे पूछा कि भाई तुम्हें तकलीफ क्या है? क्यों इस तरह से बोल रहे हो?

### राठौड़ ने कहा- मुझे कह रहा था कि तुमने नरेश मीणा के खिलाफ बोला

जयपुर में शुक्रवार शाम मीडिया से बातचीत में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि वो व्यक्ति मुझे कह रहा था कि तुमने नरेश मीणा के खिलाफ बोला है। अब हम तो जनप्रतिनिधि है, हम लोग मूकदर्शक बनकर तो नहीं बैठ सकते। समाज में जो घटनाएं होंगी, जो व्यक्ति गलत करेगा, उसके खिलाफ रिएक्शन तो दिया ही जाएगा। मदन राठौड़ ने कहा कि मेरी अनूपगढ़ एसपी से बात हुई थी। उन्होंने मुझे बताया कि उस व्यक्ति को पकड़ लिया है। उससे पूछताछ चल रही है। पुलिस ने उस व्यक्ति से पूछा कि उसने गोली मारने की बात क्यों कहीं, तो उसने कहा कि वह भी नेता है और मैं भी नेता हूं। मुझे यह भी बताया गया है कि वो व्यक्ति किसी समय में कांग्रेस सरकार में मंत्री का पीए भी रहा है। मदन राठौड़ ने कहा कि उस क्षेत्र में नशे का कारोबार ज्यादा है, पंजाब से सटे होने के कारण वहां युवा नशे की लत में पड़ गए हैं। इस दिशा में सरकार और हमें काम करना है।

### धमकी देने वाले को किया डिटेन

अनूपगढ़ एसपी रमेश मोर्य ने बताया- पुलिस ने धमकी देने वाले हेतराम को डिटेन किया है। उसने अपने बेटे के नाम पर रजिस्टर्ड सिम से कॉल किया था। इस सिम को हेतराम ही इस्तेमाल कर रहा था। सूचना मिली थी कि बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष को धमकी देने वाला मोबाइल नंबर किसी आशीष कुमार के नाम पर है, जो अनूपगढ़ का रहने वाला है। जिस पर पुलिस की टीम को मौके पर भेजकर अनूपगढ़ के गांव 3ह्रष्ठ के चक 1रूरूसे उसे ढिटेन किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने धमकी देना स्वीकार किया है। हालांकि धमकी देने का कारण सामने नहीं आया है। आरोपी समय-समय पर कलेक्ट्रेट, एसपी ऑफिस और थानों में परिवाद देता रहता है। साथ ही उसकी मानसिक स्थिति ठीक नजर नहीं आ रही।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर कार पलटी, पति-पत्नी और बेटे की मौत

### बहन-बहनोई समेत 4 घायल; मेहंदीपुर बालाजी दर्शन करने जा रहे थे

**अलवर ।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे कार पलट गई। हादसे में कार सवार पति-पत्नी और उनके बेटे की मौत हो गई। उनके बहन-बहनोई, भांजा-भांजी घायल हो गए। घायलों का अलवर जिला हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

सभी सोनीपत (हरियाणा) के रहने वाले हैं और मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन करने जा रहे थे। हादसा अलवर में बडौदामेव के पास हुआ। एएसआई हरिमन ने बताया- सोनीपत से मेहंदीपुर बालाजी जा रही कार के ड्राइवर को अचानक नींद की झपकी आ गई। इससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

**दूसरी कार से टकरा कर पलटी गाड़ी :** घायल राजकुमार (38) ने बताया- मैं पत्नी पूजा (32), बेटी



दिव्यांशी (6), बेटे रुद्राक्ष (3), साले कमल (29), उनकी पत्नी अनुष्का (26) और उनके बेटे विभान (2) के साथ मेहंदीपुर बालाजी दर्शन के लिए जा रहा था। बडौदामेव के पास बलेनो कार से टकराने के बाद हमारी कार (वैगन आर) पलटते हुए आगे पुलिया के बीच खाली हिस्से में फंस गई।

**3 साल पहले हुई थी शादी :** हादसे में कमल, उसकी पत्नी अनुष्का, बेटे विभान की मौत हो गई। राजकुमार, पूजा, दिव्यांशी, रुद्राक्ष घायल हो गए। कमल प्राइवेट कंपनी में सुपरवाइजर था। वह कार चला रहा था। कमल और अनुष्का की 3 साल पहले शादी हुई थी। कमल का परिवार सोनीपत में तारा नगर में रहता है।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. अनुष्का विधि महाविद्यालय के छात्रों ने किया सेन्ट्रल जेल की कार्यवाहियों का अवलोकन



**उदयपुर (पुकार)।** डॉ. अनुष्का विधि महाविद्यालय के निदेशक डॉ. एस.एस. सुराणा ने बताया कि शुक्रवार को 36 छात्र-छात्राओं के दल ने केन्द्रीय कारागार, उदयपुर का अवलोकन किया। दो घंटे के अवलोकन में जेलर मोहन मीणा ने छात्र-छात्राओं को केन्द्रीय कारागार में साधारण कारावास, कठोर कारावास व विचाराधीन कैदियों के बैरक, लंगर खाना, आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान, मुलाकात कक्ष, वीसी रूम, चिकित्सालय का अवलोकन करवाकर इनकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया । छात्र-छात्राओं ने कारागार में सश्रम कारावास से दण्डित बन्दियों द्वारा विभिन्न उत्पादों जैसे चित्रकारी, दरिया, टेबल-कुर्सी, निवार, कूलर, पलंग, धागा तथा कपड़ा बनाने की विधि के बारे में जानकारी प्राप्त की । छात्र-छात्राओं द्वारा कारागार में राज्य सरकार द्वारा बंदियों के लिए निर्मित पुस्तकालय तथा कम्प्यूटर लेब का भी अवलोकन किया । श्री मीणा ने बताया की केन्द्रीय कारागार, उदयपुर की 920 कैदियों की क्षमता है परन्तु वर्तमान में 1327 कैदी मौजूद है जिनमें 550 कैदी कठोर कारावास, 126 कैदी साधारण कारावास, 657 विचाराधीन कैदी हैं जिनमें 3 विदेशी नागरिक कैदी भी हैं।

केन्द्रीय कारागार के अधीक्षक राजपाल सिंह ने बंदियों को कारागार में लाने, कारागार से न्यायालय ले जाने, बंदियों से मुलाकात का समय, पेरोल, बंदियों के अधिकारों तथा खुले कारागृह से सम्बंधित नियमों की जानकारियां प्रदान की, साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा किये गए प्रश्नों का उत्तर देते हुवे उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. क्षेत्रपाल सिंह ने कहा की सैद्धांतिक विधि के अध्ययन के साथ साथ छात्रों को प्रायोगिक ज्ञान दिए जाने के उद्देश्य से ही महाविद्यालय द्वारा नियमित रूप से शैक्षणिक भ्रमण करवाया जाता है। छात्र-छात्राओं ने केन्द्रीय कारागार का अवलोकन महाविद्यालय के उपाचार्य डॉ. मोहम्मद हारून छीपा, सहायक आचार्य डॉ. मंजू कुमावत, डॉ. श्याम सिंह के मार्गदर्शन में किया।

### तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**उदयपुर (पुकार)।** मेनारिया समाज पानेरियों की मादड़ी के युवा टीम द्वारा तीन दिवसीय 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर 2024 तक क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रॉयल खेड़ा स्टेडियम, कानपुर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मेनारिया नागदा ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज पानेरी, विशिष्ट अतिथि गिर्वा उपाध्यक्ष अर्जुन मेनारिया, गिर्वा जोन मंत्री भूपेश मेनारिया एवं मेनारिया समाज के प्रवक्ता कैलाश मेनारिया थे।

मेनारिया समाज खेल मंत्री राजेश मेनारिया ने बताया कि शुक्रवार को पहले दिन पहला मैच श्रीजी ट्रेडिंग कंपनी बनाम एपेक्स सोलर, श्रीजी ने पहले बल्लेबाजी की रन 101-5 विकेट 10 ओवर में एवं एपेक्स 69-4 विकेट 10 ओवर श्री जी ने 32 रन से जीत दर्ज की। दूसरा मैच रिद्धि सिद्धि एडवरटाइजर्स बनाम बालाजी प्रॉपर्टी पहले बल्लेबाजी करते हुए रिद्धि सिद्धि 135-4 विकेट 10 ओवर में एवं बालाजी प्रॉपर्टी 124-5 विकेट 10 ओवर में, रिद्धि सिद्धि एडवरटाइजर्स 11 रन से विजयी रही। तीसरा मैच नेध्या स्पोर्ट्स एरिना बनाम मातेश्वरी डेवलपर्स प्रथम नेध्या स्पोर्ट्स एरिना 82-8 विकेट 10 ओवर में एवं मातेश्वरी 85-2 विकेट 7.3 ओवर में 8 विकेट से जीत रही। चौथा मैच श्री राम मोटर्स बनाम पवन फ्लोर मिल्स प्रथम बल्लेबाजी पवन फ्लोर मिल्स 52-10 विकेट 9.3 ओवर में एवं श्री राम मोटर्स ने 55-0 विकेट 3.2 ओवर में श्री राम मोटर्स ने जीत दर्ज की। पाँचवा मैच नेधिया स्पोर्ट एरिना बनाम श्री जी ट्रेडिंग कंपनी प्रथम बल्लेबाजी नेधियां स्पोर्ट एरिना 33 रन बनाकर आउट हो गई श्री जी ट्रेडिंग कंपनी ने 5 विकेट गवाकर जीत हासिल कर ली। छठवाँ मैच बालाजी प्रपोटी बनाम पवन फ्लोर मिल्स प्रथम बल्लेबाजी बालाजी प्रोपटी 60 बनाकर आउट हो गई पवन फ्लोर मिल्स ने 6 विकेट गवाकर पवन फ्लोर मिल्स ने जीत हासिल की। इस दौरान दिशान्त मेनारिया, तरूण मेनारिया, यशवन्त मेनारिया, सौरभ मेनारिया एवं अन्य कई मेनारिया समाज के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

### दाऊदी बोहरा जमाअत के 15वें आम चुनाव कल

**उदयपुर (पुकार)।** सुधारवादी बोहरा समुदाय से संबद्ध दाऊदी बोहरा जमाअत, उदयपुर के 15वे आम चुनाव आगामी 1 दिसंबर 2024 को बोहरवाड़ी स्थित जमाअत खाना में सम्पन्न करवाए जाएंगे। चुनाव कन्वीनर अनीस डीएम ने बताया कि नाम वापसी के पश्चात् कुल 27 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। 27 उम्मीदवारों मे से 21 सदस्यों का चयन चुनाव द्वारा किया जाएगा। लगभग 3500 मतदाता 21 उम्मीदवारों का चुनाव करेंगे। चुनाव का समय रविवार 1 दिसंबर 2024 को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। मतदान के बाद मतगणना उसी दिन शाम को जमाअत खाना में सम्पन्न होगी। चुनाव कमिटी के प्रवक्ता अनीस मियांजी ने बताया कि निष्पक्ष, पारदर्शी और लोकतान्त्रिक तरीके से चुनाव संपन्न करवाने के लिए मतदान एवं मतगणना का सम्पूर्ण कार्य चुनाव प्रक्रिया में दक्ष सरकारी कर्मचारियों के गठित दल मुख्य निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र सिंह सोलंकी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी जे एस पंवार और उनकी टीम के नेतृत्व द्वारा चुनाव प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। दाऊदी बोहरा जमाअत के चुनाव कन्वीनर अनीस डीएम ने बताया कि चुनाव के लिए जमाअत खाना में मतदताओं की सहूलियत के लुए चार बूथ बनाये जाएंगे। उन्होंने दाऊदी बोहरा जमाअत के मतदाताओं से अपील की है कि इस चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान में हिस्सा लेकर लोकतंत्र को मज़बूत करे।

### इमली वाले बाबा का 291वें उर्स मुबारक में आज को पेश होगा संदल



**उदयपुर (पुकार)।** गुलाब बाग स्थित दरगाह हज़रत शाह सय्यद अब्दुल शकुर साबिर अली चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह ( इमली वाले बाबा ) का सालाना 291वां उर्स मुबारक में शुक्रवार को बाद नमाज़ इशा के महफिले मिलाद और महफ़िले शमा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। दरगाह कमेटी के प्रवक्ता मोहम्मद रफीक शाह 'बहादुर' ने बताया कि इमली वाले बाबा साहब के उर्स मुबारक़ में शुक्रवार को खांजीपिर मोहल्ले से हुसैनी कमेटी की जानिब से बाद नमाजे जुम्मा के आकिब हुसैन के नेतृत्व मे चादर शरीफ का जुलुस लाया गया और चादर शरीफ पेश कर अपने महबूब वतन हिंदुस्तान के लिए और सभी जायरिनो के लिए दुआए मांगी गई। बाद नमाजे ईशा के आस्ताने आलिया पर महफ़िले मिलाद का प्रोग्राम हुआ जिसमें नातख्वा हज़रात मोहम्मद समीर कादरी, मोहम्मद कामिल रज़ा और सय्यद इमरान अली ने नातो मनकबत का नज़राना पेश किया इसके बाद महफ़िले शमा का प्रोग्राम हुआ जिसमें दरगाह के पगड़ीबंध कव्वाल नजीर आसिफ नियाजी और उनके हमनवाओ ने सूफियाना कलाम का नज़राना पेश किया। महफ़िलखाना में सैकड़ो जायरीन ने शिरकत की। शनिवार को फारुके आज़म नगर और अंजुमन चौक से अकीदतमंद चादर लाएंगे जो गुलाब बाग की शेर वाली फाटक से जुलुस के रूप मे चादर शरीफ लाकर आस्ताने आलिया पर पेश कर मुल्क की तरक्की और अमनो अमान की दुआए मांगी जाएगी। आज ही के रोज़ देर रात्रि को आस्ताने आलिया पर बाबा साहब के मज़ार पर गुस्ल और संदल पेश किया जाएगा।

# तितरड़ी में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी का किया भूमि पूजन

### 6 करोड़ की लागत से होगा पानी की टंकी का निर्माण



**उदयपुर (पुकार)।** शहर के ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के तितरड़ी में केंद्र सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पानी की टंकी का भूमि पूजन किया गया। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा और गिर्वा पूर्व प्रधान तखत सिंह शक्तावत ने शुक्रवार करीब दोपहर 12:15 बजे भूमि पूजन किया। पानी की टंकी का भूमि पूजन के होने से तितरड़ी क्षेत्र की जनता में भी काफी खुशी देखने को मिली है। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा एवं गिर्वा पूर्व प्रधान तखत शक्तावत का ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात पंडित के मंत्र उच्चारण कर विधि विधान से भूमी पूजन किया गया। भूमि पूजन के दौरान तितरड़ी के वरिष्ठ जन भभूत सिंह सिसोदिया, विजय सिंह सिसोदिया, राम सिंह सिसोदिया, लक्ष्मण सिंह देवड़ा, नज़र सिंह सिसोदिया, श्याम सुंदर शर्मा, उदय लाल आमेटा द्वारा भूमि पूजन किया गया।

ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने बताया कि ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के तितरड़ी पंचायत में के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा लगभग जल जीवन मिशन के अंतर्गत 6 करोड रुपए की लागत से पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है।

इस दौरान तितरड़ी ग्राम वासियों द्वारा ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा और गिरवा पूर्व प्रधान तखत शक्तावत का आभार व्यक्त किया। इस दौरान हिम्मत सिंह देवड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष, भाजपा नेता राजेंद्र सिंह तितरड़ी श्याम सुंदर शर्मा भाजपा नेता , शिवदान सिंह देवड़ा कोटड़ा, राम सिंह सिसोदिया भूतपूर्व उपसरपंच, भाजपा नेता अमृत लाल मेनारिया, नज़र सिंह सिसोदिया, ऑनर सिंह देवड़ा फांदा भाजपा नेता, भाजपा नेता ईश्वर टेलर, नाथु लाल कलाल उद्योगपति, प्रेम सिंह सिसोदिया भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह सिसोदिया ईकाई अध्यक्ष भाजपा, वार्डपंच गोपाल सिंह सिसोदिया, वार्डपंच पंकज चौधरी, प्रेम सिंह देवड़ा रूप सिंह देवड़ा, विमल आमेटा, जयेश आमेटा, उदय लाल आमेटा, तेज सिंह देवड़ा फूल शंकर प्रजापत भगवती लाल प्रजापत , मोहन गायरी, हमेर सिंह सिसोदिया, दिनेश जैन , मोहन लाल मेघवाल सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### विभिन्न प्रबंधकीय प्रतियोगिताओं का आयोजन



**उदयपुर (पुकार)।** भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के प्रबंधन संकाय के दो दिवसीय ऊर्जा मेनेजमेंट फेस्ट के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजित फेस्ट के दूसरे दिन 20 क्यूशचन ब्लइंड कॉल, एड मेकिंग और बिजनेस क्विज जेसी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया गया साथ ही प्रतियोगिता में विजयी हुए छात्रों को ट्रॉफी देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। निर्णायक मंडल में कीर्तिराज सिंह सोलंकी और ताहीर लुकावाला उपस्थित रहे। फेस्ट के सफ़लतापूर्वक आयोजन पर बीएन संस्थान व विद्या प्रचारिणी सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ एस. एस.सारंगदेवोत, सचिव डॉ महेंद्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ और विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ निरंजन नारायण सिंह ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की। इस उत्सव का उद्देश्य छात्रों की प्रतिस्पर्धी भावना को सामने लाना और उनके व्यावसायिक कौशल, कौशल और ज्ञान का परीक्षण करना है। यह मार्केटिंग, एचआर, फाइनेंस, एनालिटिक्स क्षेत्र के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का एक समामेलन है, ताकि नियंत्रित और नकली वातावरण में प्रतिभागियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने लाया जा सके। इसकी अवधारणा, योजना और क्रियान्वयन पूरी तरह से छात्रों द्वारा किया जाता है और यह जिम्मेदारी, जवाबदेही, उत्सव और मौज-मस्ती के बीच एक आदर्श संतुलन है।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधन संकाय के डायरेक्टर डॉ रजनी अरोड़ा ने की साथ ही कार्यक्रम की सराहना करते हुए बधाई प्रेषित की। आयोजन सचिव डॉ शुभी धाकड और डॉ सुतीक्षण सिंह राणावत द्वारा पधारे हुए अतिथियो का स्वागत किया गया। सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन डॉ डिम्पल सिंह गौर के मार्गदर्शन में किया गया डॉ मनोज कुमार शर्मा, डॉ अंजलि गोयल और डॉ पूजा नंदवाना साथ मे उपस्थित रहे।

### हर साल 23 मार्च को मनाया जाएगा इंटरनेशनल बिज़नेसमैन डे



**उदयपुर (पुकार)।** व्यापारियों और उद्यमियों के योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से हर साल 23 मार्च को इंटरनेशनल बिज़नेसमैन डे मनाया जाएगा। यह दिन उन व्यापारियों के संघर्ष, मेहनत और उपलब्धियों को समर्पित होगा, जिन्होंने समाज और देश की आर्थिक प्रगति में अहम भूमिका निभाई है। इस अवसर पर व्यापारियों को एक ऐसा मंच मिलेगा, जहां वे अपनी समस्याओं को साझा कर सकेंगे और बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। बिजनेस सर्कल इंडिया के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि इस दिन को चुनने का खास कारण यह है कि इसी दिन बिज़नेस सर्कल इंडिया की स्थापना हुई थी। यह संगठन व्यापारियों को एक मंच पर लाने, उन्हें प्रेरित करने और उनके लिए नए अवसर पैदा करने का काम करता है। इंटरनेशनल बिज़नेसमैन डे व्यापारिक जगत की उपलब्धियों का प्रतीक बनेगा और इसे एक नई पहचान देगा।

## पासपोर्ट सेवा केंद्र, उदयपुर को पूर्ण पासपोर्ट सेवा केंद्र में उन्नत करने व सुविधाएं बढाने को लेकर चल रहा है परामर्श

### विदेश मंत्रालय ने सांसद मन्नालाल रावत द्वारा पूछे गए प्रश्न पर दिया जवाब

**उदयपुर (पुकार)।** पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके), उदयपुर को पूर्ण पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) में उन्नत करने तथा इसे उन्नत एवं वर्धित सुविधाओं के साथ नए स्थान पर स्थानांतरित करने के संबंध में संबंधित हितधारकों के साथ गहन परामर्श कर रहा है।

उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत द्वारा विदेश मंत्री से लोकसभा में पूछे गए अतारांकित प्रश्न के उत्तर में शुक्रवार को विदेश मंत्रालय द्वारा यह जानकारी दी गई है। सांसद रावत ने अपने प्रश्न में यह जानकारी मांगी थी कि क्या सरकार के पास उदयपुर के पीएसके संचालन को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में उन्नत करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है। इसके जवाब में शुक्रवार को बताया गया कि पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके), उदयपुर को पूर्ण पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) में उन्नत करने तथा इसे उन्नत एवं वर्धित सुविधाओं के साथ नए स्थान पर स्थानांतरित करने के संबंध में संबंधित हितधारकों के साथ गहन परामर्श कर रहा है।

सांसद रावत द्वारा यह जानकारी भी मांगी गई कि सरकार द्वारा आवेदनों को समयबद्ध तरीके से निपटाने के लिए क्या सुधारात्मक उपाय किए गए है या प्रस्तावित हैं। इस पर मंत्रालय द्वारा बताया गया कि मांग में वृद्धि के कारण, मंत्रालय पासपोर्ट जारी करने में तेजी लाने और पासपोर्ट की उच्च तथा व्यस्ततम-समय अनुसार मांग को पूरा करने के लिए लगातार काम करता रहा है, जिसमें दैनिक अपॉइंटमेंट की संख्या में वृद्धि और सप्ताहांत पर विशेष अभियान आयोजित करना शामिल है। विशेष अभियान के तहत लंबित मामलों को निपटाने के लिए मंत्रालय और अन्य क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों के कर्मचारियों को भी तैनात किया जा रहा है। सांसद द्वारा यह भी जानकारी मांगी गई कि क्या सरकार के पास छात्रों की सुविधा के लिए तत्काल पासपोर्ट जारी करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है? इस पर बताया गया कि जहां तक छात्रों को शीघ्र पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करने का संबंध है, वे अपेक्षित शुल्क का भुगतान करके तत्काल श्रेणी के अंतर्गत पासपोर्ट के लिए आवेदन कर सकते हैं और अपेक्षित दस्तावेज पूरे करने के बाद, उनकी सुविधा के लिए पासपोर्ट शीघ्र जारी किया जाता है।

# अन्नकूट महोत्सव को लेकर बांटे पीले चावल

### श्री लक्ष्मीनारायण भगवान ठाकुर जी को धराया जाएगा छप्पन भोग

### एक दिसम्बर को 108 कलशों से निकलेगी विशाल शोभायात्रा, विशाल भजन संध्या का होगा आयोजन



**उदयपुर (पुकार)।** श्री लक्ष्मीनारायण युवा परिषद एवं श्री लक्ष्मीनारायण औदिच्य समाज ट्रस्ट पाणुन्द की ओर से आगामी 1 दिसम्बर को लक्ष्मीनारायण भगवान ठाकुरजी को छप्पन भोग का अन्नकूट धराया जाएगा। संस्थापक हीरालाल गोकलावत एवं परिषद अध्यक्ष जमनाशंकर धुलावत ने बताया कि श्री भगवान लक्ष्मीनारायण का 12वां भव्य अन्नकूट महोत्सव समारोह रविवार 01 दिसम्बर को श्री लक्ष्मीनारायण भगवान मंदिर पाणून्द में धूमधाम से मनाया जाएगा। पूर्व अध्यक्ष बंशीलाल पतावत, नारायण हीरावत व पूर्व कोषाध्यक्ष डालचंद बोरीवाला के निर्देशन में अलग-अलग समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने शहर में औदिच्य समाज के घर-घर जाकर पीले चावल एवं निमंत्रण पत्रिका बांट रहे है। वही समाजजनों को इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में आने का आव्हान कर रहे है। पाणुन्द अन्नकूट आयोजन में जाने के लिए रविवार 1 दिसम्बर सुबह 11 बजे हिरण मगरी सेक्टर 3 स्थित नेमिनाथ कॉलोनी के बाहर 100 फीट रोड से बसों द्वारा रवाना होगे। वही कार्यक्रम की समाप्ति पर पुनः बसों द्वारा पाणुन्द से उदयपुर के लिए रहना होंगे। कोषाध्यक्ष मांगीलाल पतावत व गणेशलाल डूंगावत ने बताया कि रविवार 01 दिसम्बर को गांव में 108 कलशों से विशाल शोभायात्रा के साथ नाचते-गाते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचेंगे जहां ठाकुरजी को 56 भोग धराया जाएगा। छप्पन भोग की शोभायात्रा गौतमलाल, प्रकाश पतावत के घर से निकाली जाएगी। वहीं विशाल भजन संध्या स्व. पन्नालाल डूंगावत की स्मृति में जगदीश लाल, लक्ष्मीलाल, तुलसीराम, रूपलाल, दिलीप एवं गणेशलाल डूंगावत की ओर से आयोजित की जाएगी। उसके बाद कानोड़ के प्रसिद्ध भजन गायक रामजी राव, चावण्ड नारसिंह माता के मुख्य भोपाजी नारायणलाल, राजसमंद के भजन सम्राट ओम प्रकाश लोहार व नरेश लोहार द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं पाणुन्द में समाज नोहरा निर्माण में सहयोग करने वाले भामाशाहों तथा वरिष्ठजनों को समाज गौरव अलंकरण से अंलकृत किया जाएगा। उसके बाद भक्ति-संगीत संध्या, आरती एवं महाप्रसाद का वितरण का आयोजन होगा। भगवान लक्ष्मीनारायण जी को विशेष वेशभूषा का श्रृंगार भी किया जायेगा।

### अपेक्षा रखेंगे तो उपेक्षा होगी : मुनि मेधांश



**उदयपुर (पुकार)।** संसार में एक जैसा जीवन कभी नहीं होता। जीवन में परिवर्तन को स्वीकारने की योग्यता होनी चाहिए। संघर्ष ही जीवन है। किसान कितना संघर्ष करता है। सुख कहा है? आदमी की ये टेंडेंसी है कि उसे जो प्राप्त है उसमे सुख ढूँढ नहीं पाता। प्राप्त को पर्याप्त मानने वाला कभी दुःखी नहीं होता। जो चिज हमे आसानी से मिलती है वह आसानी से चली जाती है। और् जो हमे संघर्ष और चुनौतियों से से मिलती है वह कष्ट आने पर आसानी से नष्ट नही होती। ओरो से अधिक अपेक्षा रखने वालो की उपेक्षा होती है। सुख का मार्ग है संयम। और् दुख का मार्ग है असंयम। उक्त विचार आचार्य महाश्रमण के आज्ञानुवर्ती शासन श्री मुनि सुरेश कुमार जी के सहवर्ती मुनि संबोध कुमार जी 'मेघांश ने महावीर स्वाध्याय भवन सुन्दरवास मे धर्मसभा में संबोधित करते हुए कहे। सभा में बड़ी संख्या मे श्रद्धालु भाई बहन उपस्थित थे।

### लायंस क्लब श्रीजी का दीपावली मिलन समारोह



**उदयपुर (पुकार)।** लायंस क्लब श्रीजी उदयपुर का निजी रेस्टोरेंट में दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजित किया गया। जिसमे क्लब के सभी सदस्यों ने सपरिवार उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया ।सदस्यों द्वारा दीप , फूल जड़ी जला कर आनंद लिया। अध्यक्ष लायन दिनेश माली ने वर्ष 2024-25 बने एमजेएफ लायन राजेन्द्र प्रसाद सनाढ्य व बाल कृष्ण सुहालका का माला, उपरणा व पगड़ी पहनाकर कर स्वागत किया। सभी सदस्यों ने स्वरुचि भोजन का आनंद लिया । सभी सदस्यों ने हाउसजी गेम का आनंद लेते हुए खेला । सचिव लायन आदित्य पांडे ने धन्यवाद दिया । कार्यक्रम का व्यवस्था कोषाध्यक्ष लायन राकेश अरोड़ा ने की।

## परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण - 2024 : पूर्व तैयारियों का सघन पर्यवेक्षण कर दिए आवश्यक सुधार के निर्देश



**उदयपुर (पुकार)।** आगामी 4 दिसंबर को आयोजित होने वाले परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण की तैयारियों को जांचने के लिए शुक्रवार को जिले के शिक्षा अधिकारियों द्वारा सघन पर्यवेक्षण किया।

डाइट प्रिंसिपल डीईओ चन्द्रशेखर जोशी के अनुसार आरएससीआरटी उदयपुर की निदेशक श्वेता फगेड़िया के निर्देशों की पालना में डाइट उदयपुर परिक्षेत्र के समस्त 20 ब्लॉक के लिए नियुक्त प्रभारी एवं सह प्रभारी अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के लिए चयनित 172 में से 86 विद्यालयों का सघन पर्यवेक्षण किया गया।शेष रहे सभी विद्यालयों का पर्यवेक्षण द्वितीय चरण में शनिवार को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है।

इस दौरान संबंधित संस्था प्रधानों को सर्वेक्षण की लेकर तैयारियों के मद्देनजर समस्त बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ ही अभ्यास प्रश्न पत्र और मॉक टेस्ट की नियमित व्यवस्था, शिक्षकों और छात्रों को ओएमआर शीट भरने का पूर्ण अभ्यास कराने और कमजोर छात्रों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित करने और उपलब्धि प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए विशेष मार्गदर्शन प्रदान करने की सलाह दी।

शिक्षा अधिकारियों में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक लोकेश भारती ने कोटड़ा, डीईओ एलिमेंट्री ननिहाल सिंह चौहान ने गिर्वा, एडीपीसी वीरेंद्र सिंह यादव ने नयागांव ,डाइट प्रिंसीपल डीईओ चन्द्रशेखर जोशी ने वल्लभनगर,सहायक निदेशक डॉ दिनेश बंसल ने खेरवाड़ा ब्लॉक सहित जिला मुख्यालय स्थित एडीपीसी,डाइट व डीईओ कार्यालय के शैक्षिक अधिकारियों ने उदयपुर तथा सलूंबर जिले के चयनित विद्यालयों का अवलोकन किया।

# डेयरी फार्मिंग से हो रहा आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का निर्माण



**उदयपुर (पुकार)।** घाटावाला माताजी किसान उत्पादक कंपनी राजस्थान में ग्रामीण डेयरी क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव ला रही है। उदयपुर के बिछड़ी गांव में वर्ष 2022 में स्थापित, महिलाओं के नेतृत्व वाला यह उद्यम बाजारतक पहुंच, उचित मूल्य और स्थायी आय सुनिश्चित कर डेयरी किसानों के लिए जीवन रेखा बना है। गौयम ब्रांड के तहत, जीएमएफपीओ उच्च गुणवत्ता का ताजा दूध और प्रीमियम डेयरी उत्पाद उपलब्धकरा रहा है, जो ग्रामीण समुदायों के जीवन में सफलता और सकारात्मक बदलाव का उदाहरण है।, देबारी क्षेत्र के आस पास के गांवों के लगभग 1 हजार शेयरधारकों द्वारा संचालित, जीएमएफपीओसामूहिक उद्यम की शक्ति इसका सशक्त प्रमाण है। यह पहल हिंदुस्तान जिंक के समाधान कार्यक्रम के तहत संचालित हो रही है।

घाटावाला माताजी एफपीओ से जुडी नारायणी डांगी और प्रेम व्यास जैसी सफलता की कहानियां इसके वास्तविक जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाती हैं। बिछड़ी की रहने वाली नारायणी नेजीएमएफपीओ को 40 रुपये प्रति लीटर दूध बेचकर आर्थिक परेशानियों को दूर किया, जो पहले उनके द्वारा अर्जित किये जाने वाले 25-30 रुपये प्रति लीटर से काफी अधिक है। प्रेम व्यास और उनके पतिदेवेंद्र ने अपने डेयरी उत्पादन को 10 लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 85 लीटर कर दिया, जिससे उन्हें 40 हजार से लेकर 45 हजार रुपये की मासिक शुद्ध आय प्राप्त हुई। ये उदाहरण बताते है कि किस प्रकारजीएमएफपीओ ने ग्रामीण परिवारों के लिए विपरीत परिस्थितियों को अवसर में बदल दिया है। अपनी स्थापना के बाद से घाटावाला माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल करअब तक 4.17 लाख लीटर से अधिक दूध का प्रसंस्करण किया है, जिससे 2.5 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। वार्षिक राजस्व में वित्त वर्ष 2022-23 में 56.43 लाख रुपये, वित्त वर्ष 2023-24 में 1 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 87.65 लाख रुपये शामिल हैं। इसके उत्पाद, जैसे ए2 बिलोना घी, पनीर और दही, बडे होटल जैसे उद्यमियों और उपभोक्ताओं को बेचे जातेहैं, जिसमें ताज ग्रुप ऑफ होटल्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी शामिल है। मजबूत बाजार संपर्क बनाकर, जीएमएफपीओ किसानों को स्थायी आजीविका प्रदान कर सशक्त बनाता है।किसानों को सशक्त बनाने के लिये प्रतिभागियों को कृषि, पशुधनपालन और स्वच्छ दूध उत्पादन हेतु आधुनिक प्रणालियों से रूबरू कराता है। इस कार्यक्रम से 180 गांवों के 30,000 से ज्यादा किसानपरिवार लाभान्वित हो रहे है, जिससे उनकी आय में निरतंर सुधार हो रहा है। शिक्षा, खेल, कौशल विकास, और ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के निर्माण से कंपनी ने राजस्थान और उत्तराखंड के 3,700 गांवोंमें 20 लाख से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। भारत में सीएसआर के तहत सर्वाधिक खर्च करने वाली 10 शीर्ष कंपनियों में से एक हिंदुस्तान जिंक आत्मनिर्भरपारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो समग्र ग्रामीण विकास को आगे बढ़ा रहा है।

### बीएन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कला छात्र ईश्वर की कलाकृति सफलता के सात प्रतीक 11 हजार रु. में बिकी



**उदयपुर (पुकार)।** बीएन पीजी महाविद्यालय के दृश्य कला विभाग के छात्रों द्वारा विभिन्न विषयों को लेकर पेंटिंग्स बनाई गई जिसमें मास्टर्स ऑफ आर्ट्स प्रथम वर्ष के छात्र ईश्वर औदीच्य द्वारा बनाई गई पेंटिंग (सफलता के सात प्रतीक) को उदयपुर के मयंक शर्मा के द्वारा 11,000रू. में खरीदा गया। विभागाध्यक्ष डॉ कंचन राणावत ने बताया कि ईश्वर औदीच्य इस प्रकार की रियलिस्टिक और मॉर्डन स्टाइल की पेटिंग पर काम कर रहे है साथ ही वे एक्रेलिक और मिक्स मीडिया में योग्यता रखते है। अधिष्ठाता डॉ रेणु राठौड़ ने बीएन संस्थान के शताब्दी वर्ष में इस विशिष्ठ उपलब्धि पर बधाई देते हुए ईश्वर के उज्जवल भविष्य की कामना की। यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी डॉ कमल सिंह राठौड़ ने दी।

## संक्षिप्त समाचार

### मरीज व उनके परिजनों का होगा प्रकृति परीक्षण



**उदयपुर (पुकार)।** मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध चिकित्सालयों में कार्यरत शिक्षकों, चिकित्सकों, कर्मचारीयों एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों के अलावा उपचार के लिए आने वाले रोगी, उनके परिजनों एवं स्वस्थ आमजनों का प्रकृति परीक्षण किया जाएगा। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विष्णु कुमार मित्तल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश दीक्षित ने शुक्रवार को स्वंय का परीक्षण करवाकर उदयपुर में प्रकृति परीक्षण अभियान का शुभारंभ किया। महाविद्यालय द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के तीन लाख लोगों के प्रकृति परीक्षण का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए रोगी एवं उनके परिजनों को अपने साथ एण्ड्राइड मोबाइल फोन लाना आवश्यक होगा। मोबाइल में प्रकृति परीक्षण एप डाउनलोड करके शरीर की प्रकृति बारे में पता चल सकेगा। प्रकृति परीक्षण के जरिए कौन- कौन सी बीमारियां हो सकती है और किस तरह का उपचार ले सकते हैं, इस बारे में पता चल सकेगा।

संस्थान के डॉ. रवि शर्मा एवं डॉ. अंकिता चौधरी ने बताया कि अभियान के तहत डॉक्टर्स, फैकल्टी, विद्यार्थियों और अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों का प्रकृति परीक्षण किया जाएगा। हर व्यक्ति के शरीर की प्रकृति अलग-अलग होती है, जिसके कारण उनमें वात, पित्त ओर कफ के संतुलन नहीं होने के कारण बीमारियां हो सकती है। एप के जरिए व्यक्ति आयुर्वेद डॉक्टर को अपने शरीर से जुड़े 22 सवालों के जवाब देगा ताकि यह कफ में से कौनसी प्रकृति में आता जाना जाएगा कि व्यक्ति वात, पित्त है। फिर इन लोगों को उनकी शरीर प्रकृति के अनुसार खान-पान और इलाज के बारे में परामर्श देंगे। आयुर्वेद महाविद्यालय आमजन को एप डाउनलोड करने के लिए जागरूक करेगा। साथ ही क्यूआर कोड के माध्यम से शरीर की प्रकृति का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। जिससे आयुर्वेदिक अस्पतालों में इलाज के दौरान वह डॉक्टर को अपने शरीर की प्रकृति बता सके और उनके इलाज में आसानी हो।

### पालनहार के वार्षिक सत्यापन अनिवार्य

**उदयपुर (पुकार)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित पालनहार योजना के तहत् लाभार्थियों का वार्षिक सत्यापन अनिवार्य होता है। जिले में योजना के तहत् लगभग 5 हजार बच्चों का सत्यापन कार्य लंबित होने से उनका भुगतान नहीं हो पा रहा है। जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल के निर्देषानुसार अब पालनहार दिवस के माध्यम से विभिन्न विभागों का दायित्व निर्धारित कर शत-प्रतिषत सत्यापन का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि षिक्षा व महिला एवं बाल विकास विभाग की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों एवं आंगनवाड़ी प्रवेषित पालनहार योजना के लाभान्वित बच्चों के स्कूल पढ़ने और आंगनवाड़ी प्रवेष का प्रमाण पत्र इन विभागों द्वारा जारी किया जायेगा और ई-मित्र के माध्यम से उनका प्रमाणीकरण करवाना होगा।

### टेनिस बॉल सर्किल क्रिकेट लीग का ट्रायल्स आज

**उदयपुर (पुकार)।** टेनिस बॉल सर्किल क्रिकेट लीग का ट्रायल्स महाराणा प्रताप खेलगांव क्रिकेट एरेना, उदयपुर में 30 नवंबर को आयोजित होगा। ट्रायल्स सुबह 9 बजे से शुरू होंगे इस ट्रायल्स में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ह्लड्ढष्ध्य की वेबसाइट करना होगा या ग्राउंड पर आकर ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। ट्रायल्स के बाद लीग में खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन द्वारा किया जाएगा और लीग का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। उत्तर प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा लीग का आयोजन दिसम्बर में किया जाएगा और ऑक्शन 6 दिसंबर को गोरखपुर में किया जा सकता है।

### इस्कॉन का हरे कृष्ण हरे राम संकीर्तन आयोजन

**डूंगरपुर (पुकार)।** शहर के नालंदा बंगलोज में शुक्रवार प्रातः इस्कॉन उदयपुर के अध्यक्ष प्रभुजी मायापुरवासी अपनी टीम सहित डूंगरपुर पधारे। इस अवसर पर डॉ. नेत्रपाल के परिवार और प्रवीण श्रीमाल विनोद पंचाल द्वारा उनका फूल माला आरती से स्वागत किया गया। उदयपुर इस्कॉन के अध्यक्ष मायापुर वासी प्रभुजी और उनकी टीम द्वारा बेंग्लोज में स्थित मंदिर प्रांगण में भागवत गीता पर चर्चा के साथ हरे कृष्ण हरे राम संकीर्तन किया गया। साथ ही आगामी गीता जयंती कार्यक्रम को डूंगरपुर में इस्कॉन के माध्यम से मनाई जाए, इस पर भी चर्चा की गई, जिसमे शहर में गीता वितरण के साथ संकीर्तन रैली के आयोजन पर भी चर्चा हुई। नालंदा बेंग्लोज में उपस्थित निवासियों और इस्कॉन के भक्तों द्वारा प्रभु जी के डूंगरपुर पधारने पर उनका धन्यवाद देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर इस्कॉन के गोरांग दास, योगेश प्रभु सहित जागृति मीणा और डा अदिति गोठी, डिंपल, शीला श्रीमाल, भूपेंद्र पंड्या, जितेंद्र जोशी सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी के लोग और कई गण मान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### नाबालिक छात्रा से दुष्कर्म के अभियुक्त को 20 साल कठोर कारावास एवं डेढ लाख जुर्माना

**उदयपुर (पुकार)।** स्कूल से छात्रा को बहला- फुसलाकर अपने घर ले जाने और उससे दुष्कर्म करने के मामले में पोक्सो न्यायालय क्रम एक ने नाबालिग को विभिन्न धाराओं में 20 साल कठोर कारावास एवं 1 लाख 42 हजार 500 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

प्रकरणानुसार पीड़िता के पिता ने पहाड़ा थाने में 31 जनवरी 2023 को रिपोर्ट दी थी कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री स्कूल गई थी, जो वापस नहीं आई। अगले दिन वह स्कूल के बाहर अचेतावस्था में मिली। उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि वह पानी पीने गई थी, तभी उसका सहपाठी छात्र उसे अपने घर ले गया और उसकी दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को डिटेन कर उसके खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 15 गवाह और 30 दस्तावेज पेश किए।

### सीएचसी नाई का किया निरीक्षण

**उदयपुर (पुकार)।** भारत सरकार के लक्ष्य कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय टीम द्वारा शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाई का निरीक्षण किया गया है। सीएमएचओ डॉ शंकर एच बामनिया व आरसीएचओ डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि राष्ट्रीय टीम सदस्य डॉ गुरबीर सिंह ढिल्लों और डॉ आनंदी बिस्ट ने सीएचसी नाई के प्रसूति कक्ष की सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मोहम्मद हुसैन बोहरा, डीपीएम सदाकत अहमद और जिला क्वालिटी टीम का सहयोग सराहनीय रहा। आरसीएचओ डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि राज्य सरकार प्रसूति कक्ष में दी जा रही सुविधाओं को उच्च गुणवत्ता युक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं ताकि प्रसूति के समय होने वाले जोखिमों को कम किया जा सके, जिससे मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी की जा सके।

### उप स्वास्थ्य केन्द्र रामा व वरणी एनक्यूएएस सर्टिफाइड

**उदयपुर (पुकार)।** जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र रामा और वरणी एनक्यूएएस सर्टिफाइड हुए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय टीम के सदस्य डॉ जतिन भट्ट और डॉ अलिशा दुब द्वारा 11 नवंबर को रामा और 12 नवंबर को वरणी का निरीक्षण किया गया। इसके बाद रामा और वरणी का राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकरण किया गया है। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रागिनी अग्रवाल ने बताया कि बीसीएमओ बड़गांव डॉ अरुण सिंह, बीसीएमओ भींडर डॉ संकेत जैन, बीपीएम चिराग चित्तौड़ा आदि के प्रयासों से यह उप स्वास्थ्य केन्द्र राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित हुए हैं।

### प्रतिमाह मेगा अपार दिवस 9 और 10 को

**उदयपुर (पुकार)।** प्रदेश के सभी स्कूलों में 9 और10 दिसम्बर को मेगा अपार दिवस मनाया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक माह की 9 एवं 10 तारीख को मेगा अपार दिवस मनाया जाएगा। इधर आपार आईडी जनरेशन का कार्य प्राथमिकता के साथ नवंबर माह में पूर्ण किया जाना है। अधिशेष कार्य दिसंबर माह में ही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है।

राज्य सड़कों के लिए बड़ी सौगात

# प्रदेश की 27 सड़कों के लिए केन्द्र ने 1154.47 करोड़ रूपये की दी मंजूरी

**प्रदेश के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेंगी, विकास के नये आयाम स्थापित होंगे**



**उदयपुर (पुकार)।** प्रदेश की 27 सड़कों के विकास के लिए केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 1154.47 करोड़ रूपये की तथा श्रीगंगानगर में रेलवे अण्डर ब्रिज निर्माण के लिए 30 करोड़ रूपये स्वीकृति दी है। इस राशि से राज्य की 748.80 कि.मी की सड़कों का चौड़ाई करण एवं सुदृढीकरण तथा कोटा में कालीसिंध नदी पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के प्रयासों से केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) से राज्य सड़कों के विकास के लिए तथा सेतु बंधन योजना के तहत केन्द्र सरकार द्वारा यह राशि स्वीकृत की गई है। गौरतलब है कि प्रदेश की विभिन्न सड़कों एवं नवीन वृहद परियोजनाओं के विकास में सहयोग के लिए उप मुख्यमंत्री ने गुरूवार को केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की थी।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के लिए यह महत्वपूर्ण सौगात है,केंद्र सरकार द्वारा 27 राज्य सड़कों के लिए 1154.47 करोड़ रुपये की मंजूरी मिलना, राज्य के बुनियादी ढांचे और विकास को गति देने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से राजस्थान के कई क्षेत्रों को लाभ होगा। इससे न केवल परिवहन सुगम होगा बल्कि व्यापार, पर्यटन और कृषि क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही बेहतर सड़क नेटवर्क से राज्य में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

**इन जिलों मे होगा सड़क निर्माण**

प्रदेश के 15 लोकसभा क्षेत्रों के 17 जिलों में इस राशि से वृहद जिला सड़क (एमडीआर) तथा स्टेट हाईवे श्रेणी की 27 सड़क परियोजनाओं का चौड़ाई करण एवं सुदृढीकरण किया जाएगा।

इस राशि से अलवर लोकसभा क्षेत्र के अलवर जिले में 24 करोड़ की लागत से 24 कि.मी,खैरथल-तिजारा जिले में 69 करोड़ की लागत से 51 कि.मी, कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 49.30 करोड़ की लागत से 28.62 कि.मी, बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र के बालोतरा जिले में 57.50 करोड़ की लागत से 49 कि.मी, भीलवाड़ा के शाहपुरा जिले में 74 करोड़ की लागत से 44 कि.मी, बीकानेर जिले में 73.30 करोड़ की लागत से 71.80 कि.मी, चित्तौडगढ के प्रतापगढ जिले में 20 करोड़ की लागत से 17 कि.मी,जयपुर ग्रामीण तथा सीकर लोकसभा क्षेत्र के जयपुर ग्रामीण में 65 करोड़ की लागत से 57.70 कि.मी सड़कों का निर्माण,चौड़ाईकरण एवम सुदृढ़ीकरण करवाया जाएगा।

इसी प्रकार जालौर में 65 करोड़ की लागत से 49 कि.मी, झालावाड़ जिले में 149.97 करोड़ की लागत से 81.25 कि.मी,जोधपुर के फलौदी जिले में 55.65 करोड़ की लागत से 53 कि.मी,कोटा के बूंदी जिले में 80 करोड़ की लागत से 33 कि.मी तथा कोटा में 70 करोड़ की लागत से कालीसिंध नदी पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण,पाली के जोधपुर ग्रामीण में 98 करोड़ की लागत से 67 कि.मी,राजसमंद में 70 करोड़ की लागत से 58 कि.मी, टोंक में 58.50 करोड़ की लागत से 25.43 कि.मी तथा उदयपुर में 65.25 करोड़ की लागत से 39 कि.मी राज्य सड़कों का सुदृढीकरण एवं चौड़ाईकरण करवाया जाएगा।

# नगर निगम फिर एक बार तैयार : Urban95 के अगले चरण की शुरुआत

**उदयपुर में बच्चों और देखभालकर्ताओं के लिए नए दृष्टिकोण के साथ शहर का विकास होगा**



**उदयपुर (पुकार)।** आवास एवं शहरी मंत्रालय, भारत सरकार और वैन लीयर फाउंडेशन द्वारा देश के 10 शहर 'नरचरिंग नेबरहुड्स- द्वितीय कार्यक्रम' के तहत चुने गए है, जिसमें 'लाईटहाउस सिटी' उदयपुर को भी शामिल किया गया है। राजस्थान से उदयपुर अकेला शहर है, जो यह स्थान पाने में सफल रहा है। शेष शहरों में पुणे, इंदौर, कोच्चि, बंगलौर आदि चुने गए हैं। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य शहरी आबादी क्षेत्र को छोटे बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए सहज, सुगम, सुन्दर और उपयोगी सार्वजानिक स्थान प्रदान करना है।

इस पहल के तहत उदयपुर न केवल छोटे बच्चों और उनके अभिभावकों की शहर से जुडी ज़रूरतों पर न केवल फोकस कर सकेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों के अनुकूल शहरी योजना को मुख्य धारा में लाने के उदाहरण भी प्रस्तुत करेगा, ताकि अन्य शहर भी उससे प्रेरणा ले सके।

वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश टाक ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम और वैन लीयर फाउंडेशन इस प्रोग्राम के तहत आगामी 30 महीनों में शहर के विभिन्न वार्डो को बच्चों के लिए अनुकूल बनाने की दिशा में कई नवाचार करेंगे। इस कार्यक्रम में वर्ल्ड रिसर्च इंस्टीटयूट (WRI) इंडिया का तकनीकी सहयोग रहेगा। इस कार्यक्रम की मुख्यविशेषताओं में एक दीर्घकालीन प्रतिबद्धता और दृष्टिकोण को प्रस्तुत करना है तथा बच्चों के विकास क्षेत्र में काम कर रहे विभागों और गैर सरकारी संथाओं तथा समुदाय को एक साथ मंच पर लाना है।

इस अवसर पर निगम सभागार में आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री राम प्रकाश ने कहा कि उदयपुर छोटे बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए एक बेहतर अनुकूल शहर बनाने के दिशा में प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहा है। पूर्व में अर्बन95 प्रोजेक्ट के अंतर्गत भी कई नवाचार किये गए, जिन्हें देश- विदेश में काफी सराहा गया। उन्होंने बताया कि शहर के चयनित वार्डो को अलग अलग थीम पर बच्चों के लिए 'सार्वजनिक स्थान की अवधारणा' को विकसित करने के प्रयास किये जायेंगे। इन स्थानों का उद्देश्य छोटे बच्चो और उनके देखभालकर्ताओं को सुरक्षित सुलभ और गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक स्थान प्रदान करना है। इस दौरान विभिन्न विभागों, पुलिस, गैर सरकारी संस्थाओं, समुदाय आदि की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

इस दौरान आयोजित बैठक में निगम आयुक्त की अध्यक्षता में अधीक्षण अभियंता मुकेश पुजारी, अधिशाषी अभियंता शशिबाला सिंह, सहायक अभियंता करनेश माथुर, पिंकी सिंगाड़िया, कनिष्ठ अभियंता मोनिका चौधरी हिमांशु अग्रवाल शामिल रहे।

**कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं**

- **दीर्घकालिक प्रतिबद्धता :** उदयपुर नगर निगम ने शहर को बच्चों और देखभालकर्ताओं के लिए अनुकूल बनाने हेतु एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है, जो स्थायी शहरी विकास को बढ़ावा देगा।
- **साझेदारियों का निर्माणः** आईसीडीएस, यूडीए, यातायात पुलिस, और स्वास्थ्य जैसे विभागों के साथ-साथ स्थानीय समुदायों, गैर-सरकारी संगठनों और स्वयंसेवी समूहों की भागीदारी से सार्वजनिक स्थानों का दीर्घकालिक रखरखाव सुनिश्चित किया जाएगा।
- **सामुदायिक भागीदारी :** स्थानीय समुदायों और स्वयंसेवी समूहों को इन स्थानों के डिज़ाइन, रखरखाव और प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
- **ज्ञान साझा करना :** उदयपुर अन्य शहरों के साथ अपने अनुभव और ज्ञान साझा करेगा ताकि इस पहल को पूरे देश में दोहराया जा सके।

## 272 प्लॉटों के बहुचर्चित घोटाले मामले में तीसरी गिरफ्तारी

**आरोपी ने बेचे गए प्लॉट के रुपए अपने खाते में लिए थे**

**उदयपुर (पुकार)।** नगर निगम के 272 प्लॉटों के बहुचर्चित घोटाला मामले में एसओजी ने तीसरी गिरफ्तारी की है।

एसओजी ने आरोपी किशन लाल निवासी एकलव्य बस्ती मल्लातलाई को गिरफ्तार किया है, जिसने हिरणमगरी में बेचे गए एक प्लॉट के 7 लाख रुपए अपने खाते में लिए थे। बाद में इनको दो आरोपियों के जरिए मुख्य आरोपी विक्रम ताकड़िया तक पहुंचाया था। एसओजी की एएसपी स्वाति शर्मा ने बताया कि वर्ष 2022 में दर्ज रिपोर्ट में बताया गया कि राजेन्द्र धाकड़ ने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मिलकर सेक्टर 11 में निगम के 546 नंबर के प्लॉट के फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए। किशन पटेल के नाम से लीज डीड और नामांतरण पत्र जारी करवा लिया। बाद में इसे सलूंबर निवासी अनिल कचौरिया को 50.01 लाख रुपए में बेच दिया।

पूछताछ में सामने आया कि राजेन्द्र धाकड़ ने किशन के खाते में 7 लाख रुपए जमा करवाए थे। किशन ने यह पैसे निकालकर किशन मारवाड़ी और राकेश सोलंकी को दिए। दोनों ने यह पैसे विक्रम ताकड़िया तक पहुंचाए। एसओजी ने आरोपी किशनलाल को रिमांड पर लिया है, जिससे मामले में आगे पूछताछ जारी है। एसओजी मामले में इससे पूर्व वार्ड पंच सहित 2 आरोपियों को इसी माह गिरफ्तार कर चुकी है। अभी दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत में है।

## युवक पर धारदार हथियार से हमला, सिर में 28 टांके आए

**उदयपुर (पुकार)।** शहर के धानमंडी थाना क्षेत्र में एक युवक ने कुछ युवकों के खिलाफ मामूली विवाद होने पर उस पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला दर्ज करवाया है। युवक के सिर में 28 टांके आए हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिराग पुत्र कृष्णचन्द्र भटनागर निवासी गायत्री मार्ग कांजी का हाटा ने रिपोर्ट दी कि 27 नवम्बर को मित्र की शादी में गया था, जहां कपिल परमार से रोहित सिंह की कहासुनी हो गई थी।इसके बाद 7 से 8 लोगों ने कपिल के साथ रोहित के घर के बाहर आकर हंगामा किया व जान से मारने की धमकी देकर गए थे। बाद में रोहित के पास उसके मित्र का फोन आया कि 7 से 8 लोग आए थे। इस पर वह, रोहित व कैलाश सिंह राठौड़ के घर बातचीत करने के लिए गया। इसके बाद भूरा मोची, अजय मोची, कपिल परमार, गणेश मोची, वैभव साहू व अन्य 4 से 5 लोगों ने धारदार हथियार, बैसबॉल का बल्ले, पत्थर, ईंट से साथी कैलाश सिंह राठौड़ व उस पर हमला कर दिया। वह वहां से जान बचा कर भाग गया। आरोपियों ने कैलाश सिंह राठौड़ को घेर लिया और मारपीट की।

## हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**खेरवाड़ा।** हिम्मतनगर गुजरात से हत्या कर फरार आरोपी को खेरवाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है।

थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला ने बताया कि 27 नवंबर को प्रार्थी पप्पूलाल (25) पुत्र नगजी बरण्डा निवासी वादिला फला लराठी ने सीएचसी मोर्चरी पर एक लिखित रिपोर्ट दी थी कि उसके अंकल हक्सी पुत्र फता मीणा घर पर थे तब पड़ोसी जितेन्द्र पुत्र कमल किशोर बरण्डा मीणा निवासी लराठी ने फोन कर बताया कि काका हक्सी की मौत हो गई है। घर पर पत्नी प्रियंका ने बताया कि कल रात को ताराचंद महाराज निवासी भुवाली जिला डूगरपुर घर पर आया था वह रात को घर पर रुका था। ताराचन्द महाराज ने काका की गला दबाकर हत्या कर भाग गया है।

आरोपी ताराचंद (28) पुत्र हुरमाजी अहारी निवासी बिलीया फला पाल वडा पुलिस थाना सदरजिला डूंगरपुर के लराठी निवासी लड़की से मिलने लराठी आया था। रात आरोपी ताराचन्द व और लड़की घर के अन्दर थे। मृतक हक्सी ने उसे बाहर निकलते देख लिया और चिल्लाने लगा तब ताराचंद ने उसकी पहचान छिपाने के लिए घर केअन्दर ही गला दबाकर हक्सी की हत्या कर दी।

आरोपी ताराचन्द घटना के बाद से फरार चल रहा था जिस पर विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने हिम्मतनगर गुजरात से डिटेन कर पूछताछ व आवश्यक अनुसंधान के गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया, जाकर वर्तमान में पीसी रिमाण्ड पर चल रहा है। कार्रवाई करने वाली टीम में दिलीप सिंह थानाधिकारी, प्रभुलाल एवं राकेश मेहता सउनि, हैड कांस्टेबल राकेश, दानवीरसिंह एवं सूर्यसिंह तथा कांस्टेबल अनुजसिंह, भंवरसिंह, हर्षित एवं अंशुल शामिल रहे।

### 25 लाख की बैट्रियां चोरी कर बेचने का मामला दर्ज

**उदयपुर (पुकार)।** शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी दुकान में काम करने वाले युवक के खिलाफ 25 लाख रुपए की बैट्रियां चोरी कर बेचने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार भूपेन्द्र कुमार पुत्र स्व. कांतिलाल जैन निवासी आदर्श नगर ने रिपोर्ट दी कि तोरण बावडी पर उसकी फर्म मैसर्स परफेक्ट पावर सोल्युशन है, जहां पर शाहरुख खान पुत्र मंजूर खान निवासी दिवानशाह कॉलोनी विगत 2 साल से नौकरी कर रहा था। उसने अलग-अलग समय पर उसके गोदाम से 252 बैट्रियों को चोरी कर बाजार में बेच दिया जिनकी बाजार में कीमत करीब 25 लाख रुपए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छात्रा ने फांसी लगा और विवाहिता ने विषाक्त खाकर आत्महत्या की

**उदयपुर (पुकार)।** अम्बामाता थाना क्षेत्र में एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका परिजनों ने उसकी हत्या होने की आशंका जताई है। निर्जरा (20) पुत्री गोविन्दलाल बरांडा निवासी आमड़ा पानरवा गत छह माह से उदयपुर में नाथीघाट पर किराये के मकान में रह रही थी। गुरुवार को उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने शव देखकर हत्या का आरोप लगाया है।

इधर नाई थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने विषाक्त सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि सकुबाई (39) पत्नी रमेश मीणा निवासी बड़ी ऊंदरी ने विषाक्त सेवन कर लिया। उसे एमबी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

**पेड़ से युवक का शव लटका मिला :** प्रतापनगर से आरएसी बटालियन की ओर जा रहे रोड पर श्मशान के पास एक पेड़ से युवक का शव लटका मिला। आधार कार्ड और फोन के द्वारा उसकी पहचान रामलाल (40) पुत्र खेमाराम नायक निवासी रायसर नोखा बीकानेर के रूप में हुई। मृतक गजनेर बीकानेर थाना क्षेत्र में खेती करता था और परिवार के साथ वहीं पर रह रहा था। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट बीकानेर में दर्ज थी।

## भूपालपुरा ग्राउण्ड पर 30 साल बाद होगी रामलीला

**काशी का धर्म प्रचारक मंडल करेगा दस दिन तक राम की लीलाओं का मंचन**



**उदयपुर (पुकार)।** शहर के भूपालपुरा में ऐतिहासिक रामलीला का मंचन 30 नवम्बर से शुरू होगा। दस दिन तक चलने वाली राम की लीलाओं का यह महोत्सव भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिये तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। रामलीला का मंचन काशी का प्रसिद्ध धर्म प्रचारक मंडल द्वारा किया जायेगा। रामलीला का शुभारंभ बालाजी महाराज का ध्वज पूजन करने के साथ ही गणमान्य नागरिकों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ होगा।

भूपालपुरा ग्राउण्ड में 30 नवम्बर से 9 दिसम्बर तक ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव का आयोजन होगा। 30 नवम्बर को भगवान श्रीराम के जन्म की लीलाओं के मंचन के साथ रामलीला का शुभारंभ होगा। प्रतिदिन रात्रि 8.00 बजे से 11.00 बजे तक भगवान राम की विभिन्न लीलाओं का आयोजन होगा जिसमें श्रीराम जन्म, रावण वध, राजतिलक तक की लीलाओं का विस्तार से भव्य अभिनय किया जायेगा। काशी के धर्म प्रचारक मंडल में 25 कलाकार अभिनय करते हैं जो श्रीराम के आदर्श जीवन को एक बार फिर रामभक्तों के सामने जीवंत कर देते हैं।

भूपालपुरा समिति की ओर से उमेश श्रीमाली ने बताया कि तीस साल बाद फिर से भूपालपुरा ग्राउण्ड में रामलीला का मंचन किया जा रहा हैं। श्रीराम के पॉच सौ वर्षो बाद अयोध्या में अपने महल में विराजित होने के बाद रामलीला की विलुप्त होती संस्कृति को बचाने के उद्देश्य से जनसहयोग से रामलीला का आयोजन किया जा रहा हैं, इसका उद्देश्य धर्म का प्रचार प्रसार करना भी हैं। रामलीला मंचन के दौरान मंडल की और से 5100 हनुमान चालीसा भी वितरित की जायेगा।

### लूट का मामला दर्ज

**उदयपुर।** गोवर्धनविलास थाना क्षेत्र में एक युवक ने बाइक सवार तीन बदमाशों के खिलाफ मारपीट कर हजारों रुपए की नकदी लूटने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अफजल पुत्र लतीफ मोहम्मद निवासी कपासन हाल तितरड़ी ने रिपोर्ट दी कि 27 नवम्बर को वह ग्रामीण क्षेत्रों से बैंक की किस्त जमाकर उदयपुर आ रहा था। रास्ते में काया से कुछ पहले बाइक पर 3 बदमाश आए और उसे जबरन रुकवाकर मारपीट की और उसका बैग छीनकर ले गए जिसमें 78 हजार 53 रुपए और कम्पनी का टेब था।

## डिजिटल सखी परियाजना में कार्यशाला

**मावली।** शुक्रवार को एलएंडटी फाइनेंस और मंजरी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में चलाई जा रही डिजिटल सखी परियोजना के अंतर्गत पंचायत समिति सभागार में ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला हुई।इसमें 36 डिजिटल सखी उपस्थित रही। मंच का संचालन मंजरी फाउंडेशन से सत्यनारायण टेलर ने किया। मंजरी फाउंडेशन से प्रोग्राम डायरेक्टर नरेश नैन ने डिजिटल सखी परियोजना के बारे बताया। परियोजना के माध्यम से लगभग 5 लाख लोगों को जागरूक किया जाएगा और 600 ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ कर उनको उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाया जाएगा। विकास अधिकारी चांदमल ने सभी डिजिटल सखियों को आश्वासन दिया कि ग्रामीण क्षेत्र में कभी भी उनकी मदद की जरूरत होगी तो वे पूरा सहयोग करेंगे। सहायक कृषि अधिकारी परसराम जाट ने भी उनके विभाग की जानकारी दी।

ब्लॉक परियोजना प्रबंधक महिला बाल विकास से आशा ने और सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रकाश चौधरी ने विभाग से संबंधित जानकारी के साथ साथ कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। राजीविका से विकास और पूरन ने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को बचत करना और आजीविका से जुड़ने के बारे में बताया। ग्रामीण स्तर में अच्छा काम करने वाली डिजिटल सखी सुमेश कुंवर, भगवंती जाट, मीना देवी, लक्ष्मी पालीवाल को गिफ्ट दिया गया। कार्यक्रम में मंजरी से भाविन, मोनिका, सतवीर और सभी डिजिटल सखी उपस्थित थी।

## 41वीं राज्य स्तरीय जूनियर हैण्डबॉल प्रतियोगिता शुरू

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय खेल प्रांगण में 41वीं राज्य स्तरीय जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री गौतम दक रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रभान सिंह आक्या विधायक ने की। विशिष्ट अतिथि हरीश धनदेव अध्यक्ष राजस्थान हैंडबॉल, प्रचुर गुप्ता क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक चित्तौड़गढ़, पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद सुशील कुमार शर्मा, राजन माली, एसबीआई के प्रबंधक मैनेजर सत्यभान, सागर सोनी आदि के आतिथ्य में प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

आयोजन सचिव दलपत सिंह तिलौली,जवानसिंह चुंडावत, ललितसिंह आमली, विजेंद्रसिंह चौहान, सत्यनारायण सिंह डेट, शैतान सिंह नरदारी, कोषाध्यक्ष निर्देश दागड़ा, लालसिंह अमराणा,कानसिंह सुवावा ने उपस्थित अतिथियों का उपरणा एवं पगड़ी पहना कर स्वागत किया। आयोजन सचिव दलपत सिंह ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष ऋतुराज सिंह शक्तावत ने स्वागत उद्बोधन दिया। प्रतियोगिता में 35 छात्र टीमें एवं 25 छात्राओं की टीमें भाग ले रही हैं।

इस अवसर पर विधायक आक्या ने कहा कि चित्तौड़ की टीमों में राजस्थान में नाम किया है और राष्ट्रीय खेलकूद में राजस्थान का नाम करेंगे। चित्तौड़गढ़ की टीम वर्क राजस्थान में सबसे आगे है।

मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री दक ने खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने पर बल देते हुए कहा कि खेल से अनुशासन की भावना आती है। कार्यक्रम का संचालन पारस टेलर ने किया।

### सूने घर से नकदी व सोना-चांदी चोरी

**उदयपुर।** यहां सविना थाना क्षेत्र में बदमाश सूने मकान से पांच लाख की नकदी, 8 तोला सोना और 10 किलो चांदी चुरा ले गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार विनित हर्षपलानी पुत्र भीमनदास सिंधी निवासी राम सिंहजी की बाडी ने रिपोर्ट दी कि 26 नवम्बर को वह उदयपुर से गोवा विवाह में गया था। रात करीब 2 से 5 के बीच मकान के ताले तोड़ अज्ञात बदमाश 4 से 5 लाख रुपए, 8 तोला सोना, जिसमें तीन चेन, 1 ब्रेसलेट, 5 अंगूठी व एक छोटा सोने का बिस्किट और चांदी के लगभग 8 से 10 किलो सिक्के चुराकर ले गए।

# सम्पादकीय

## अब भी बाल विवाह की विडंबना

इक्कीसवीं सदी के भारत में यदि हर पांच में से एक लड़की का विवाह 18 साल से कम उम्र में हो जाए तो इसे विडंबना ही कहा जाएगा। पिछले एक वर्ष में दो लाख बाल विवाह कानून की सख्ती से रोके गए। निश्चित रूप से बाल विवाह मानवाधिकारों का उल्लंघन ही है। जिससे बच्चियां ताउम्र पढ़ाई से वंचित हो जाती हैं और उनका शारीरिक व मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। सही मायनों में बाल विवाह कुपोषण एवं गरीबी का ऐसा चक्र पैदा करता है जिसकी कीमत राष्ट्र को चुकानी पड़ती है। चौंकाने वाले आंकड़े हैं कि पश्चिम बंगाल, बिहार व त्रिपुरा में 40 फीसदी लड़कियों के विवाह 18 साल से पहले हो जाते हैं। यही वजह है कि केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्रालय ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की है। दरअसल, यह शुरुआत उन राज्यों को लेकर की गई है,जहां बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। तथ्य यह भी कि समाज में गरीबी और बाल विवाह में सीधा रिश्ता है। एक अध्ययन के अनुसार 75 फीसदी बाल विवाह गरीब परिवारों में होते हैं। जो कालांतर गरीबी के नये दुश्चक्र को जन्म देते हैं। निश्चित रूप से हमारे समाज में गरीबी व रूढ़िवाद के चलते इस कुप्रथा को बल मिलता है। अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि संपन्न, शिक्षित और प्रगतिशील समाजों में बाल विवाह के मामले सामान्यत: नजर नहीं आते। वहीं दूसरी ओर लिंगभेद की सोच भी इन विवाहों को बढ़ावा देती है। अभिभावक विषम परिस्थितियों के चलते अल्पवयस्क लड़कियों का विवाह करके जल्दी अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त होना चाहते हैं। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि स्वतंत्रता से पूर्व देश में वर्ष 1929 में बाल विवाह निषेध कानून बनने के बावजूद इस कुप्रथा पर अंकुश क्यों नहीं लग पाया। पहले धारणा थी कि असुरक्षाबोध के चलते बाल विवाह को बढ़ावा मिलता रहा है। कम से कम स्वतंत्र भारत में बाल विवाह की सोच नहीं रहनी चाहिए थी। निस्संदेह, राजग सरकार के दौरान बाल विवाह उन्मूलन के लिये सार्थक प्रयास किए गए। हालिया बाल विवाह मुक्त अभियान की शुरुआत से पहले भी सरकार ने इस दिशा में पहल की थी। इससे पहले वर्ष 2006 में बाल विवाह कानून में सुधार किया गया। इसमें लड़कों के विवाह की उम्र 21 व लड़कियों के विवाह की उम्र 18 वर्ष कर दी गई थी। वहीं वर्ष 2021 में राजग सरकार ने 2006 के कानून में सुधार करके लड़कियों की शादी की उम्र 21 साल करने का प्रस्ताव किया था। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट भारत में 40 फीसदी के करीब लड़कियों के 18 साल से कम उम्र में विवाह होने की बात कहती है। वहीं नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो और नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे हर रोज चार हजार से अधिक बाल विवाह होने का उल्लेख करते हैं। बाल विवाह उन्मूलन की दिशा में असम सरकार की सफलता का अकसर जिक्र होता है, जहां आंकड़ों में तेजी से गिरावट आई है। केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2029 तक बाल विवाह की दर को पांच फीसदी से नीचे लाया जाए। निस्संदेह, बाल विवाह जहां बच्चियों के मौलिक अधिकारों का हनन है, वहीं उनकी शारीरिक व मानसिक क्षमताओं को भी कमतर करता है। इससे जहां लड़कियों के अधिकारों का अतिक्रमण होता है, वहीं उनके शोषण का भी खतरा रहता है। पढ़ाई बीच में छूट जाने से उनके सपने मर जाते हैं। वहीं दूसरी ओर कम उम्र में शादी और बच्चे होने से उनको स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पूरी पढ़ाई न होने तथा नौकरी न कर पाने की स्थिति में वे आर्थिक रूप से पतियों पर आश्रित हो जाती हैं। जिससे उनका स्वाभाविक विकास नहीं हो पाता। जिसके चलते अकसर भावनात्मक विभेद का सामना भी करना पड़ता है। बाल विवाह का होना यह भी बताता है कि हमारे समाज में अभी दहेज प्रथा का दबाव कम नहीं हुआ है। जिससे बचने के लिये अभिभावक तुरत-फुरत अल्पवयस्क लड़कियों की शादी कर देते हैं। लेकिन एक हकीकत यह भी कि सिर्फ कानून बनाने से ही इस कुरीति पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता, समाज में जागरूकता लाने के लिये भी राष्ट्रव्यापी अभियान चलाना होगा।

# एनसीबी अधिकारी पर एसिड अटैक मामले में महिला सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** एनसीबी अधिकारी पर एसिड अटैक मामले में पुलिस ने महिला सहित दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों के धरपकड़ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलवीरसिंह मीणा, गजेन्द्रसिंह राव पुलिस उप अधीक्षक वृत्त प्रतापगढ के मार्गदर्शन में थानाधिकारी प्रतापगढ़ दीपक बंजारा की टीम ने शुक्रवार को एनसीबी अधिकारी के ऊपर एसिड फेंकने के मामले में आरोपी महिला खुशी पुत्री पवन राव व प्रियांशु पुत्र दिनेशचन्द्र तेलगार निवासी प्रतापगढ़ को डिटेन कर बाद पूछताछ के गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार दिनांक शुक्रवार को महेन्द्रपाल सिंह (52) पुत्र गोविंदसिंह सिसोदिया निवासी सांतनु विहार पुलिस थाना वायडी नगर मंदसौर ने थाने में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि गत 28 नवम्बर को दोपहर करीब तीन बजे उन्हें सूचना मिली कि उनके पुत्र हर्षवर्धन पर आरोपी खुशी व उसके साथी प्रियांशु दोनों निवासी प्रतापगढ़ ने जान से मारने की नीयत से एसिड से हमला कर उसकी कार का एक्सीडेंट करा दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के बारे में थानाधिकारी बंजारा ने पुलिस अधीक्षक बंसल को अवगत कराया।

एसपी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थानाधिकारी बंजारा ने टीम का गठन किया और आरोपी खुशी व उसके साथ प्रियांशु को डिटेन कर पूछताछ की। इस पर उन्होंने बताया कि दोनों ने मिलकर हर्षवर्धनसिंह को जान से मारने की योजना बनाई। दोनों प्रतापगढ से मोटरसाइकिल से रवाना होकर बगवास से थोड़ा आगे चित्तौड़गढ़ रोड पर पहुंचे।

वहां पर खुशी को प्रियांशु ने छोड़ दिया और उसको हर्षवर्धन के साथ उसकी कार में पीछे बैठ कर आने और बातों में उलझाकर एसिड से हमला करने को कहा। साथ ही स्वयं के सपोर्ट के लिए कार के पीछे आने की बात कही। दोनों ने तय योजना के अनुसार हर्षवर्धनसिंह को चित्तौड़गढ़ रोड पर बुलाया। हाथ में एक बैग लेकर खुशी उसकी कार में बैठ गई और आगे चलने को कहा। हर्षवर्धनसिंह कार चला रहा था और खुशी अपने साथी प्रियांशु को मोबाइल पर मैसेज करते हुए लगातार अपडेट दे रही थी। इसकी भनक हषवर्धन को लगी तो उसने गाड़ी वापस प्रतापगढ़ की तरफ घुमाई ही थी की खुशी ने अपने बैग से एसिड की बोतल निकालकर उस पर डाल दिया और अपने साथ लाई लकड़ी से उसके सीने पर वार किए।

इधर, हर्षवर्धन द्वारा अचानक गाड़ी के ब्रेक लगाने से पीछे आ रहा प्रियांशु बाइक नहीं संभाल पाया और पीछे से कार से टकरा गया। बाइक की टक्कर से कार का पीछे का कांच टूट गया और प्रियांशु के सिर में चोट लगी। घटना में प्रयुक्त एसिड आरोपी प्रियांशु द्वारा खरीद कर ले जाना सहित दोनों द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार बांसवाड़ा से मोबाइल फोरेंसिक यूनिट बुलवाई गई और हषवर्धन की कार से साक्ष्यों का संकलन किया गया।

गाड़ी से एसिड की बोतल एवं एक लकड़ी जिसमें किलें लगी हुई है, को जब्त किया जाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## 'देश और धर्म रक्षा सबसे ऊपर, बाकी सब गौण'

**बांसवाड़ा (पुकार)।** सनातन परम्पराओं और मूल्यों का संरक्षण तथा अनुपालन ही राष्ट्रीय अस्मिता को सुरक्षित स्वरूप प्रदान कर सकता है। सनातन के नाम पर बातें करते रहने और जरूरत के वक्त तटस्थता ओढ़े रखने से कुछ हासिल नहीं होने वाला। उक्त उद्गार श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्टी निर्मोही अखाड़ा एवं अखिल भारतीय निमोर्ही अनी अखाड़ा अयोध्या के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं क्रांतिकारी संत स्वामी राधे बाबा ने गायत्री मण्डल की ओर से संचालित श्री पीताम्बरा आश्रम में धर्म चेतना कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि समाज को समृद्ध एवं संस्कारवान बनाने के लिए बातों और उपदेशों की बजाय आचरण शुद्धि तथा मन, कर्म एवं वचन से सम्पूर्ण शुचिता का होना जरूरी है। सनातन परम्पराओं का संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए सर्वाधिक आवश्यकता इस बात की है कि पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कर्मयोग में जुटें और व्यक्तिगत महत्त्वाकांक्षाओं को भूल कर एकसूत्री संकल्प को सामने रखकर अपनी अधिक से अधिक ऊर्जा, समय और श्रम तथा बौद्धिक क्षमताओं का उपयोग करें। राधे बाबा ने कहा कि इस कार्य में मुखौटाधारी दोहरा-तिहरा चरित्र और कालनेमिया बहुरूपिया स्वभाव सबसे बड़ी बाधा है और इससे मुक्त हुए बगैर न समाज का भला हो सकता है, न धर्म-अध्यात्म का कल्याण और न ही राष्ट्र रक्षा। समाज, धर्म और देश को सबसे बड़ा खतरा पब्लिसिटी के भूखे-प्यासों, पदवैभव के लोभियों और लोकप्रियता की आतुरता पाले लोगों से है और इन्हीं के कारण सनातन पर कुठाराघात हो रहा है। अब समय आ गया है कि जब हमें अपने-पराये की पहचान करते हुए जीवन व्यवहारों के निर्वाह और राष्ट्रोत्थान में जुटना होगा। जो हमारे धर्म का नहीं, जो राम का नहीं वह हमारे किसी काम का नहीं चाहे वह कितना ही बड़ा क्यों न हो। राधे बाबा ने गायत्री मण्डल की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि श्री पीताम्बरा आश्रम की दिव्य ऊर्जा और आभा हर किसी को प्रभावित करने में समर्थ है और यह स्थल धर्म-अध्यात्म के क्षेत्र में गौरवशाली धाम के रूप में पहचान बनाएगा। संत काका महाराज ने गौरक्षा के लिए आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि भगवान को प्रसन्न करने के लिए गौ का आश्रय, पालन एवं सेवा अनिवार्य है। गायत्री मण्डल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्राच्यविद्यामर्मज्ञ पं. दिव्यभारत पण्ड्या ने मण्डल की गतिविधियों, भावी योजनाओं से अवगत कराया।

# राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा कलक्टर को ज्ञापन

**झल्लारा (पुकार)।** सलूम्बर जिले में विद्युत उत्पादन प्रसारण एवं वितरण निगमों में भिन्न-भिन्न प्रक्रियाओं के लेकर संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया। इसमें जिला महामंत्री कपूर चंद्र बताया कि विद्युत के क्षेत्र में उत्पादन प्रसारण एवं वितरण में भिन्न-भिन्न प्रक्रियाओं एवं मॉडल के नाम पर निजीकरण किए जा रहे हैं।

अंधाधुंध निजिकरण पर रोक के लिए प्रशासन ने कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाए हैं। बल्कि वर्तमान सरकार अपनी लोक कल्याणकारी भूमिका को छोडकर विद्युत क्षेत्र को लाभ-हानि के आधार पर संचालन की मंशा से आगे बढ़ रही है। उसी कारण विद्युत प्रशासन द्वारा विद्युत के वितरण प्रसारण व उत्पादन में वर्तमान से द्रुतगति से भिन्न-भिन्न प्रक्रियाओं एवं मॉडल के नाम पर निजीकरण किया जा रहा है जिसमें राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले उदयपुर कलक्टर और विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता सलूंबर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा केनाम पर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में अमर सिंह जी सांखला, विजय सिंह वाघेला, भारत किशोर सुहाल्का, मानाराम, पुरुषोत्तम कलाल, परविंदर सिंह, महावीर विजयवर्गीय, हेमंत जैन, भगवती मेनारिया, सीमा भाटी, हेमराज डांगी, लाल सिंह सिसोदिया, अभिषेक राय, हिम्मत सिंह देवड़ा आदि शामिल थे। ज्ञापन से पहले समस्त कर्मचारियों ने निजीकरण के विरोध में बाइक रैली के रूप में अधीक्षण अभियंता कार्यालय और कलक्ट्रेट पहुंचे।

## पशु से टकरा कर बाइक सवार युवक घायल

**डूंगरपुर।** पुलिस थाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बलवाड़ा गांव में एक बाइक पशु से टकरा गई, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया, जिसे एम्बुलेंस से राजकीय जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार जालुकुंआ निवासी जीवराम पुत्र हाजा मेणात गुरुवार रात करीब 9 बजे डूंगरपुर से बाइक लेकर अपने गांव की ओर जा रहा था। रास्ते में बलवाड़ा गांव के पास सड़क पर अचानक से पशु सामने आ गया, उससे जीवराम की बाइक पशु से टकरा गई। वह नीचे गिर गया और हाथ, पैर और शरीर में कई जगह गंभीर चोटें आईं, रास्ते से गुजर रहे दूसरे गाड़ीवालों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलने पर 108 ने मौके पर पहुंचकर घायल जीवराम को गंभीर हालत में डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

## ब्राउन शुगर सप्लाई का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** जिले के पुलिस थाना कोतवाली ने ब्राउन शुगर सप्लाई करने के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता हैकि आरोपी शराब और नशे की वस्तुओं की तस्करी का आदतन अपराधी है, उसके खिलाफ खेरवाड़ा थाने में 5 मुकदमे दर्ज हैं। थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि, अवैध नशे की नशे की वस्तुओं की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस ने 21 नवंबर को कृषि मंडी के पास नाकेबंदी कर एक बाइक को रुकवाया। बाइक की तलाशी के दौरान 1.20 लाख रुपए की ब्राउन शुगर बरामद की गई, वहीं कोतवाली पुलिस ने मौके से रोहन अहारी पुत्र मंशाराम अहारी निवासी गोकुलपुरा को गिरफ्तार किया था। उक्त मामले में आरोपी रोहन ने गोतमलाल 34 उम्र पुत्र शंकरलाल डामोर निवासी कटेवडी से लाने की बात बताई। जिस पर पुलिस ने ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाले आरोपी गौतम की तलाश शुरू कर दी। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी गौतम को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं आरोपी गौतम ने उक्त वारदात स्वीकार कर ली है। आरोपी गौतम शराब और नशे की सामग्री सप्लाई करने का मुख्य आरोपी है।

# आईसीसी ने पाकिस्तान को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम, कहा- हाइब्रिड मॉडल ही एकमात्र व्यावहारिक विकल्प

## चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर आईसीसी की मीटिंग रही बेनतीजा, पाकिस्तान अपनी जिद पर अड़ा, अब अंतिम फैसला आज

● **दुबई** (एजेंसी)।



आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को दी गई थी, लेकिन इस टूर्नामेंट के शेड्यूल और वेन्यू को लेकर अब भी सस्पेंस बना हुआ है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को साफ-साफ बता दिया था कि टीम इंडिया पाकिस्तान में होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लेगी। इसके बाद, आईसीसी अब हाइब्रिड मॉडल के तहत इस टूर्नामेंट के आयोजन की योजना बना रहा है।

चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर शुक्रवार, 29 नवंबर को आईसीसी की महत्वपूर्ण बैठक हुई, लेकिन इसका कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। अब इस मीटिंग को एक और दिन के लिए टाल दिया गया है। अगले दिन, यानी 30 नवंबर को नई बैठक होगी, जिसमें यह तय किया जाएगा कि टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित किया जाएगा या फिर इसे किसी अन्य देश में शिफ्ट कर दिया जाएगा। इस बैठक में आईसीसी के 12 पूर्ण सदस्य, तीन एसोसिएट सदस्य और आईसीसी अध्यक्ष शामिल हुए हैं, यानी कुल 16 सदस्य इस पर मतदान करेंगे। आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को स्पष्ट रूप से बता दिया है कि हाइब्रिड मॉडल ही एकमात्र व्यावहारिक विकल्प है, क्योंकि भारतीय सरकार ने पाकिस्तान में भारतीय टीम के जाने से साफ मना कर दिया है। हालांकि, पीसीबी ने हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करने से इंकार कर दिया है और वे चाहते हैं कि सभी मैच पाकिस्तान में ही खेले जाएं। इसके जवाब में उन्हें बताया गया कि ऐसा नहीं हो सकता। अब पीसीबी ने अपनी सरकार के साथ आंतरिक रूप से इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए एक दिन का समय मांगा है।

### हाइब्रिड मॉडल का मतलब क्या होगा?

अगर पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करता है, तो भारत के मुकाबले, एक सेमीफाइनल और फाइनल यूएई में आयोजित किए जाएंगे, जबकि बाकी सभी मैच पाकिस्तान में होंगे और पाकिस्तान के पास मेजबानी के अधिकार होंगे। अगर पाकिस्तान इस हाइब्रिड मॉडल को अस्वीकार करता है और आईसीसी मेजबानी अधिकार छीनकर किसी तीसरे देश को देता है, तो पाकिस्तान पूरी तरह से इस टूर्नामेंट का बहिष्कार कर सकता है। हालांकि सूत्रों का मानना है कि पीसीबी अंततः हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार कर लेगा।

### 2008 मुंबई आतंकी हमलों के बाद से खराब हुए थे रिश्ते

भारत ने 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान में क्रिकेट नहीं खेला है। चैम्पियंस ट्रॉफी 2017 के बाद पहली बार आईसीसी कैलेंडर में वापसी कर रही है, लेकिन इसे हाइब्रिड मॉडल में बदलने का विचार किया जा रहा है। इसमें भारत अपने सभी मैच किसी अन्य स्थान पर, संभवतः यूएई में खेलेगा, जबकि टूर्नामेंट का बाकी हिस्सा पाकिस्तान में आयोजित होगा। पाकिस्तान ने 2017 में इंग्लैंड में आयोजित चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था और वह इस बार 19 फरवरी से 9 मार्च तक होने वाले टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।

### बीसीसीआई अपने फैसले पर अटल

इस बैठक से कुछ घंटे पहले बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने एक महत्वपूर्ण बयान दिया। शुक्ला ने भारत सरकार के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा कि खिलाड़ियों की सुरक्षा भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, हमारी चर्चा चल रही है और स्थिति को देखते हुए निर्णय लिया जाएगा। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता खिलाड़ियों की सुरक्षा है। हाइब्रिड मॉडल भी एक विकल्प है, इस पर विचार किया जा रहा है। भारत सरकार के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने भारतीय टीम के पाकिस्तान जाने के बारे में कहा, बीसीसीआई ने एक बयान जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि वहां सुरक्षा संबंधी चिंताएं हैं और इसलिए यह संभावना नहीं है कि भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी।

▶ सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन

# लक्ष्य के और करीब सेन, सिंधु ने भी पकड़ी रफ्तार, प्रियांशु भी अंतिम चार में

● **लखनऊ** (एजेंसी)

सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में ओलंपियन पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को क्रमशः महिला और पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में आयोजित इस टूर्नामेंट में 2 लाख 10 हजार अमेरिकी डॉलर इनामी राशि के लिए खेले जा रहे मैचों में एक और पुरुष एकल मुकाबले में दूसरी वरीय प्रियांशु राजावत भी जीत के साथ अंतिम चार में पहुंच गए। महिला युगल में दूसरी वरीय त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद पी. भी सेमीफाइनल में पहुंच गईं।

पीवी सिंधु ने चीन की डाई वांग को 21-15, 21-17 से हराया, हालांकि उन्होंने अपनी खेल शैली से पूरी तरह संतुष्टि व्यक्त नहीं की। सिंधु ने पहले सेट में अच्छी शुरुआत की और दूसरे सेट में भी अपनी बढ़त बनाए रखते हुए जीत हासिल की। मैच के बाद सिंधु ने कहा, मैंने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया और पिछली गलतियों से सीखते हुए अपनी रणनीति बनाई। अब मेरी पूरी नजर सेमीफाइनल मुकाबले पर है। अगले दौर में उनका मुकाबला भारत की उन्नति हुड्डा से होगा, जिन्होंने अमेरिका की इशिका जायसवाल को 21-16, 21-9 से हराया।

लक्ष्य सेन ने हमवतन माइसनम लुआंग मेरबा को पहले गेम में 21-8 से हराया, हालांकि दूसरे गेम में मेरबा ने कड़ी टक्कर दी। फिर भी लक्ष्य ने 21-19 से जीतते हुए मैच अपने नाम किया और सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। लक्ष्य ने खुशी जताते हुए कहा, दूसरे गेम में थोड़ी कठिनाई थी, लेकिन अंततः जीतना अच्छा है। अब उनका सामना जापान के शोगो ओगावा से होगा, जिन्होंने भारत के आयुष शेट्टी को 21-7, 21-14 से हराया। पुरुष एकल में, दूसरी वरीय प्रियांशु राजावत ने वियतनाम के गुयेन हे डांग को 21-13, 21-8 से हराया। अब उनका मुकाबला सेमीफाइनल में सिंगापुर के चौथी वरीय जिया हेंग जेसन तेह से होगा, जिन्होंने भारत के आर. संजीवी सतीश कुमार को हराया।






मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो ने मलेशिया के लू बिंग कू और हो लो यी को 21-16, 21-13 से हराया। फिर महिला युगल में, ओलंपियन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो ने पांचवीं वरीय श्रुति मिश्रा और प्रिया कोन्जेंगबम को 21-12, 17-21, 21-16 से हराया। महिला युगल क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीय त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद पी. ने मलेशिया की गो पेई की और तेओह मेई जिंग को 21-8, 21-15 से हराया। वहीं, चीन की बाओ ली जिंग और ली कियान ने भारत की रूतुपर्णा पांडा और स्वेतपर्णा पांडा को 21-9, 21-4 से हराया। मिश्रित युगल में छठीं वरीय थाईलैंड के डी. पुवारानुक्रोह और सुपिसारा पेवसम्प्रान ने भारत के सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरियानाथ को हराया। महिला एकल में, थाईलैंड की एल. चाइवान ने भारत की तसनीम मीर को 21-13, 21-15 से और चीन की वू लुओ यू ने भारत की श्रीयांशी वाली शेट्टी को 20-22, 21-14, 21-19 से हराया। पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में भारत के इशान भटनागर और शंकर प्रसाद उदयकुमार के साथ साई प्रतीक और पृथ्वी के. राय भी अंतिम चार में पहुंच गए।

# बीसीसीआई ने वनडे मैचों के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी लॉन्च की

## शोल्डर पर तिरंगे का शेड, वेस्टइंडीज के खिलाफ विमेंस टीम पहनेगी नई जर्सी

● **मुंबई** (एजेंसी)




भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को टीम इंडिया की नई वनडे जर्सी लॉन्च की। इस मौके पर बीसीसीआई सचिव जय शाह और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भी उपस्थित थीं। यह नई जर्सी मशहूर जर्मन स्पोर्ट्सवियर कंपनी एडिडास द्वारा बनाई गई है।

टीम इंडिया की पिछली जर्सी पूरी तरह नीली थी और कंधे पर एडिडास की तीन पट्टियां थीं। इस बार जर्सी के शोल्डर पर एडिडास की तीन पट्टियों को तिरंगे के रंगों में ढाला गया है। इसके अलावा, जर्सी का नीला रंग पहले से थोड़ा हल्का है, लेकिन साइड्स में गहरे नीले रंग का प्रयोग किया गया है। बीसीसीआई ने नई जर्सी का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स एक्स और इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। हरमनप्रीत कौर ने इस जर्सी के बारे में कहा, मेरे लिए यह सम्मान की बात है कि मेरी मौजूदगी में नई जर्सी लॉन्च की गई। मुझे इसका लुक बहुत पसंद आया, खासकर कंधे पर बना तिरंगा।

### एडिडास के साथ 2028 तक कॉन्ट्रैक्ट

महिला टीम पहली बार इंडीज के खिलाफ नई जर्सी पहनेगी। वेस्टइंडीज की टीम दिसंबर में भारत दौरे पर आएगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 3 वनडे और 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। टी20 सीरीज 15 दिसंबर से मुंबई में शुरू होगी, जबकि वनडे सीरीज 22 दिसंबर से वडोदरा में खेली जाएगी। बीसीसीआई ने एडिडास के साथ 2028 तक के लिए एक नया कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। इससे पहले, भारतीय टीम की जर्सी एसिक्स, नाइकी और एमपीएल जैसी कंपनियों ने बनाई थी। 2020 में एमपीएल ने नाइकी को रिप्लेस किया था और 2023 के अंत में एमपीएल ने अपना करार खत्म कर लिया, जिसके बाद किलर ब्रांड को किट स्पॉन्सर बनाया गया।

### पिछले साल लॉन्च की गई थी तीनों फॉर्मेट की जर्सी

पिछले साल भारतीय क्रिकेट टीम ने एडिडास को किट स्पॉन्सर बनाया था, जिसके बाद कंपनी ने तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे, और टी20) के लिए नई डिजाइन वाली जर्सी जारी की थी। टी-20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया ने नई जर्सी पहनी थी। वेस्टइंडीज और यूएसए में हुए टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने नई नीले रंग की जर्सी में भाग लिया था, जिसमें ऑरेंज कलर का कॉम्बिनेशन था और वी-शेप कॉलर पर तिरंगे के रंग थे।

### 2025 में होगा महिला वनडे वर्ल्ड कप

2025 में भारत में महिला वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन होगा। यह टूर्नामेंट सितंबर और अक्टूबर के बीच राउंड रॉबिन फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें कुल 8 टीमें भाग लेंगी। ऑस्ट्रेलिया इस टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन और सबसे अधिक 7 बार खिताब जीतने वाली टीम है।



### अगले साल जनवरी में मेंस टीम नई जर्सी में दिखेगी

भारतीय पुरुष टीम पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ जनवरी 2025 में नई जर्सी में दिखाई देगी। शुरुआत में भारत और इंग्लैंड के बीच 3 टी20 मैचों की सीरीज होगी, उसके बाद फरवरी-मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम इंडिया इसी जर्सी में खेलती नजर आएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मानसिक स्वास्थ्य पर किया जनचेतना कार्यक्रम



**राजसमन्द।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय धोईन्दा में नाग छाया संस्थान की ओर से मानसिक स्वास्थ्य के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के लाभ, मानसिक तनाव और बीमारियों से बचने के उपाय, आत्महत्या की रोकथाम, परामर्श सेवाओं की आवश्यकता और लाभ के बारे में जानकारी दी गई।

### भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा प्रबंधक को दी श्रद्धांजलि

**राजसमन्द।** भारतीय जीवन बीमा निगम राजसमंद के शाखा प्रबन्धक रामजीवन तापड़िया के निधन पर समस्त अभिकर्ताओं ने हार्दिक श्रद्धांजलि एवं श्रद्धासुमन अर्पित करते की। गौरतलब है कि स्व. तापड़िया ने भारतीय जीवन बीमा निगम में विकास अधिकारी के रूप में आपने अपनी सेवा प्रारम्भ की, अपनी सेवा, समर्पण पूर्ण निष्ठा, सक्रियता से पदोन्नत होकर ब्रांच मैनेजर के पद पर पहुंचे। राजसमंद शाखा ने आज जो मण्डल में अपना उच्च स्थान प्राप्त कर रखा है उसमें तापड़िया का बहुत बड़ा योगदान है।

### डॉ आसिफ को यंग अचीवर, डॉ.पोसवाल को लीडरशिप अवार्ड

**उदयपुर।** प्रदेश के बाल शिशु रोग विशेषज्ञों की वार्षिक कॉन्फ्रेंस राजपेडकॉन 2024 जयपुर में आयोजित होगी। इस वार्षिक कांफ्रेंस में आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर एवं पूर्व विभाग अध्यक्ष एवं यूनिट हेड डॉ मोहम्मद आसिफ को यंग अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह अवार्ड संभाग के सबसे कम उम्र के शिशु रोग विभाग अध्यक्ष, शिशु व नवजात रोगों के इलाज एवं रिसर्च के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रदान किया जाएगा। इसी तरह बाल चिकित्सालय विभागाध्यक्ष डॉ लाखन पोसवाल को चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य एवं आरएनटी मेडिकल कॉलेज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

### वेतन समझौते को लेकर मजदूर संघ के पदाधिकारियों का स्वागत, रैली निकाली

**देवपुरा।** जावर माइंस मजदूर संघ के फैडरेशन व संघ के पदाधिकारियों को मजदूरों ने स्वागत कर रैली निकाली। इस उपलक्ष में समस्त जावर की इकाइयों में संघ के पदाअधिकारियों के साथ फेडरेशन के पदाधिकारीयों का स्वागत किया गया। इस मौके पर जावर माइंस मजदूर संघ के महामंत्री लालू राम मीणा, कार्यवाहक अध्यक्ष नगाराम खराड़ी, वरिष्ठ सचिव सुब्रतो दास, गोपाल सरपटा एवं सिटी प्रेमनाथ, युएम शंकर दास अध्यक्ष फेडरेशन, कल्याण सिंह शक्तावत, एमके लौड़ा, प्रकाश श्रीमाल, जीएस राणावत, एमके सोनी, मांगीलाल अहीर, डिन सिंह राठौड़, मोहनलाल बलाई, रामचंद्र मीणा, शिव सिंह, एसके मोड, जीएस चौहान, पालीवाल मौजूद रहे। सभी पदाधिकारी जावर माता मंदिर परिसर में दर्शन कर जावर माला, बरौनी नॉर्थ बरौली मोर्चा मिल पावर प्लांट आदि स्थानों पर रैली के रूप में गए वहां पर मजदूरों ने स्वागत किया, इस मौके पर फेडरेशन के अध्यक्ष ने बताया कि हिंदुस्तान जिंक मजदूर संघ वर्कर्स फेडरेशन भारत में मजदूरों की सीटों के लिए सर्वोच्च समझौते करती है और करती आएगी।

### राष्ट्रीय स्तर पर बॉस्केटबॉल में रजत पदक प्राप्त करने पर कार्तिक का सम्मान

**नाथद्वारा।** 68 वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत बास्केटबॉल (19 वर्षीय) छात्र-छात्रा प्रतियोगिता 20 से 26 नवम्बर तक पटियाला में की गई। प्रतियोगिता में राजस्थान टीम के खिलाड़ी व श्रीजी पब्लिक के छात्र कार्तिक जोशी ने राष्ट्र स्तर पर धमाकेदार प्रदर्शन कर मेजबान टीम पंजाब के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए रजत पदक हासिल किया। कार्तिक जोशी को नाथद्वारा तहसील में प्रथम बार राष्टः स्तर पर रजत पदक लाने का गौरव प्राप्त हुआ। कार्तिक की इस उपलब्धि के लिए भव्य रैली व स्वागत समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय के निदेशक हेमंत कुमार शर्मा, सह निदेशिका डॉ. लवीना शर्मा, प्रधानाचार्य महिपाल सिंह शक्तावत व उप प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह राजपुरोहित, कार्तिक के परिवारजन, विभिन्न क्षेत्र के खिलाड़ियों तथा नाथद्वारा के आमजनों ने भाग लेकर हर्ष व्यक्त किया।

### खेरवाड़ा महाविद्यालय विकास समिति की बैठक

**खेरवाड़ा।** राजकीय महाविद्यालय खेरवाड़ा की विकास समिति की बैठक शनिवार को प्राचार्य रेखा पंचोली की अध्यक्षता में हुई। विकास समिति के सचिव राजीव शर्मा ने बताया कि प्रारंभ में प्राचार्य रेखा पंचोली ने महाविद्यालय के विकास एवं गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा महाविद्यालय के खेल मैदान का समतलीकरण व दर्शक दीर्घा निर्माण की आवश्यकता पर क्षेत्रीय विकास विभाग से इस कार्य को कराने बजट स्वीकृत कराने पर चर्चा की गई।बैठक में महाविद्यालय विकास समिति के नवनियुक्त सदस्यों का स्वागत किया गया। विकास समिति के सदस्य पारस जैन, अमित कलाल आदि सदस्य उपस्थित थे। आभार प्राचार्य रेखा पंचोली ने ज्ञापित किया।

### युवक का अपहरण कर मारपीट

**उदयपुर।** गोवर्धनविलास थाना क्षेत्र में एक युवक ने कुछ युवकों के खिलाफ बाइक चोरी का आरोप लगा उसका अपहरण कर मारपीट करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार करण पुत्र किशन गमेती निवासी नेला देवड़ा ने रिपोर्ट दी कि वह 27 नवम्बर रात को घर पर खाना खा रहा था। घर के बाहर फिरोज व उसका लडका आदिल व सोनू व एक अन्य व्यक्ति टैंपों लेकर आए और उसे आवाज लगाई तो वह घर से बाहर निकला। इन चारों उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और जबरन टैंपों मे बैठाकर एसबी नगर लेकर गए। ये चारों मोटरसाइकिल चोरी का आरोप लगा रहे थे। उसे मुर्गा शॉप में ले गए, जहां उसके साथ मारपीट की।

### विद्यार्थियों को स्वेटर व पेन बांटे

**खेरवाड़ा।** राउमावि सुंदरा में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वेटर एवं पेन वितरित किए गए। विद्यालय के प्राध्यापक खूबचंद जैन ने बताया कि रिटायर्ड एसीबीईओ भूपेंद्र जैन की प्रेरणा से खेरवाड़ा निवासी कुलदीप शाह द्वारा उनके पिता बाबू लाल शाह पुत्र कमल चंद की द्वितीय पुण्यतिथि पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने 70 छात्रों को सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर वितरित किए गए। विद्यालय में अध्ययन रत अन्य 250 विद्यार्थियों को एक-एक पेन भी वितरित किया गया। सुहानी सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर प्राप्त कर नन्हें बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर समाजसेवी राजू भगोरा, उप सरपंच शशिकांत एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा। विद्यालय परिवार की ओर से भामाशाह एवं प्रेरक का पगड़ी पहनाकर ऊपरना ओढ़ा कर स्वागत अभिनंदन किया गया।

### शिशु वाटिका विज्ञान मेले में दिखाई प्रतिभा

**खेरवाड़ा।** विद्या निकेतन प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को शिशु वाटिका की 12 व्यवस्थाओं पर आधारित शिशु वाटिका विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिशु वाटिका प्रभारी हेमलता दवे ने किया। अतिथि का स्वागत प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य रमा पानेरी ने किया। बच्चों ने हस्तकला, विज्ञान से संबंधित विभिन्न मॉडल के द्वारा अपनी प्रतिभा दिखाई। साथ ही विद्यार्थियों ने कुछ औषधी भी बनाई। प्रभारी दवे ने कहा कि छात्र जीवन में वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि,जागरूकता को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इससे छात्रों में प्रतिस्पर्द्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है। कार्यक्रम में माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार श्रीमाली, ऋषभदेव विद्यालय की प्रधानाचार्य रेखा रावल, जिला सह कार्यवाह पन्नालाल मीणा, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विमल कोठारी, सचिव अमृतलाल पंचाल, भूपेन्द्र जैन आदि उपस्थित थे।

# कर्मचारियों ने बिजली निगम के निजीकरण के खिलाफ किया प्रदर्शन



**राजसमन्द (पुकार)।** विद्युत विभाग में हो रहे निजीकरण के विरोध में शुक्रवार को राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के आव्हान पर राजसमंद जिले के विद्युत कर्मचारियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय और जिला कलेक्ट्रेट पर उग्र प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम तहसीलदार विजय कुमार को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले राजसमंद जिला मुख्यालय सहित जिलेभर के सैकड़ों विद्युत विभाग के कर्मचारी सोमनाथ चौराहा इलाके में स्थित विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर एकत्रित हुए। यहां प्रदर्शन के बाद विद्युत विभाग में निजीकरण के विरोध में अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। यहां से सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी रैली के रूप में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां नारेबाजी के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम तहसीलदार विजय कुमार रेगर को ज्ञापन सौंपा। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि विभाग में ग्रिड, जीएसएस समेत अन्य विभागों में सरकार द्वारा निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। पिछले लंबे समय से कर्मचारियों की भर्ती लंबित है। कर्मचारियों ने निजीकरण के विरोध में नारेबाजी कर एक दिवस के लिए कार्य का बहिष्कार किया, सरकार से निजीकरण बंद करने और नए कर्मचारियों की भर्ती करने, सीपीएफ कटौती बंद कर जीपीएफ कटौती शुरू करने, ऑपीएस लागू करने जैसी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम प्रदेश भर में ज्ञापन दिए हैं। अगर सरकार निजीकरण को नहीं रोकती है तो आगामी समय में आंदोलन तेज होगा। संघर्ष समिति जिला सरंक्षक नारायणसिंह राजपुरोहित ने बताया हाल ही जिले में निजकरण को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा 33/11 केवी के 11 जीएसएस प्रारंभिक तौर पर ठेके पर देने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इन जीएसएस से सम्बंधित सभी कार्य संवेदक द्वारा ही सम्पन्न कराए जाएंगे। वहीं कागजों में तो विभाग द्वारा सभी कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू तो कर दी है। लेकिन वास्तव में किसी भी कर्मचारियों को उसका लाभ नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि विरोध प्रदर्शन की श्रृंखला में शुक्रवार को कार्य बहिष्कार किया गया है। लेकिन यदि उनकी मांगे नहीं मानी गई तो विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले जयपुर में आंदोलन किया जाएगा।

## तम्बाकू नियंत्रण को लेकर चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**राजसमन्द (पुकार)।** जला मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम पंचायत कानादेव का गुडा के विद्यालय राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय काडा तालाब में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को सीएमएचओ डॉ. हेमंत कुमार बिंदल के निर्देशानुसार तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के एनडीसी काउंसलर विनोद पुरोहित ने गुटखा एवं तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभाव एवं कोटपा अधिनियम 2003 की जानकारी दी। परिवार जनों और समाज जनों को जागरुक कर युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। विद्यालय की हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम प्रभारी छवि गंगल ने तंबाकू उत्पादों से होने वाली विभिन्न बीमारियों एवं आर्थिक, सामाजिक दुष्प्रभाव के बारे में बताया। चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संस्था प्रधान हनुमान दास वैष्णव एवं एनडीसी काउंसलर विनोद पुरोहित ने पुरस्कार वितरण किया। निबंध प्रतियोगिता में सुमन कुंवर, करिश्मा कुंवर, योगिता राजपूत, देवेंद्र सिंह, प्रेम सिंह को पुरस्कार दिया गया एवं चित्रकला प्रतियोगिता में नीम राजपूत, वर्षा, लक्ष्मी कुंवर, कोमल कुंवर, निशा राजपूत को पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में विद्यालय के अध्यापकों अरुण प्रजापत, लाल सिंह, सुमित्रा गिरी, सुमन चौधरी, कालूसिंह सोलंकी और कल्पना गुर्जर ने भूमिका निभाई।



## राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पीईईओ संपर्क अभियान में संगठन की कार्यशैली से कराया अवगत

**राजसमन्द, (पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा राजसमंद की कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश एवं जिले से प्राप्त निर्देशों की पालना में उपशाखा अध्यक्ष रामेश्वर लाल गुर्जर के नेतृत्व में पीईईओ संपर्क कार्यक्रम किया गया। इसमें संगठन की रीति नीति एवं कार्यशैली से अवगत कराया गया। संपर्क अभियान के तहत उप शाखा कार्यकारिणी की सदस्यों ने राजसमंद ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों पसुन्द, बोरज, मुंडोल व शहरी क्षेत्र के सनवाड़ व राजनगर में कार्यरत प्रधानाचार्यों से संपर्क कर संगठन की कार्य शैली से अवगत करा परिचय करवाया। पसुन्द ग्राम पंचायत के पीईईओ धर्मेंद्र कुमार टेलर, बोरज कार्यवाहक पीईईओ नारायणसिंह राव, मुंडोल पीईईओ महेंद्र सिंह झाला, सनवाड़ यूसीईईओ प्रवीण पहाड़िया से सम्पर्क कर विभिन्न शिक्षक समस्याओं के समाधान की चर्चा की गई। इस दौरान उपशाखा अध्यक्ष रामेश्वर लाल गुर्जर, उपशाखा मंत्री अरुण प्रजापत, कोषाध्यक्ष घनश्याम खत्री, सभाध्यक्ष शिवदास बैरागी, ईश्वर सिंह कुम्पावत, रोशन कच्छारा, भरत सिंह राव, मीरा रेगर, भागचंद खटीक आदि कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे। इसी तरह राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कुंवरिया द्वारा प्रदेश से प्राप्त निर्देशों की पालना में उपशाखा अध्यक्ष गणेश कुमावत के नेतृत्व में पीईईओ प्रधानचार्य वणाई में संपर्क कर संगठन की कार्यशैली, संगठन की रीति नीति से अवगत कराया। साथ ही विभिन्न शिक्षक समस्याओं के समाधान की चर्चा की गई।



## वीसी में हुई कर्मयोगी, एक वर्ष के कार्यक्रमों, संपर्क और ई फाइल की समीक्षा

**राजसमन्द (पुकार)।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने शुक्रवार को सभी जिलों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस कर विभिन्न विषयों पर समीक्षा की। उन्होंने आई-गोट कर्मयोगी, राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों, संपर्क पोर्टल पर पेंडिंग प्रकरणों, निस्तारण की स्थिति, ई फाइल पर निस्तारण की प्रगति आदि की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने दिसंबर माह में सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर सभी को दिशा-निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट स्थित डीओआईटी वीसी कक्ष में अतिरिक्त जिला कलक्टर नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी जुड़े। वीसी के पश्चात अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



## राजकीय सेवानिवृत्तों के लिए जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुति की तिथि 31 जनवरी तक के लिए बढ़ाई

**राजसमन्द(पुकार)।** राजस्थान सेवा सिविल पेंशन नियमानुसार सरकारी पेंशनरों को एक बार नवंबर माह में जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का प्रावधान है जिसकी तिथि 30 नवंबर निश्चित की गई थी। राजस्थान राज्य सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी महासंघ के संभाग महामंत्री प्रभु गिरि गोस्वामी तथा जिला अध्यक्ष घनश्याम जोशी ने बताया कि हाल ही में 28 नवंबर संयुक्त शासन सचिव पेंशन के आदेश अनुसार अब यह तिथि 31 जनवरी 2025 तक के लिए बढ़ाई गई है। इस अवधि में पेंशन का भुगतान पूर्व अनुसार निरंतर किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि पेंशनर्स को ऑनलाइन पेंशन पोर्टल, ई मित्र, बायोमेट्रिक विधि पोस्ट ऑफिस, बैंक के माध्यम से, राजस्थान के विभिन्न कोषालयों, उपकोषालयों एवं पेंशन कार्यालय में राजपत्रित अधिकारी से हस्ताक्षरित करवा कर जीवित प्रमाण पत्र जमा करवाने एवं इसके अतिरिक्त सहायक कर्मचारी को छोड़कर सेवारत अधिकारी, कर्मचारी द्वारा अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से पोर्टल पर जीवित प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध है। सरकार द्वारा हाल ही में जारी किए गए नवीन आदेश अनुसार अब पेंशनर्स अपना जीवित प्रमाण पत्र आगामी 31 जनवरी 2025 तक प्रस्तुत कर सकेंगे।

## विधायक माहेश्वरी ने की राजसमंद में विशेष राजस्व न्यायालय और श्रम न्यायालय की स्थापना की मांग

**राजसमन्द (पुकार)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने शुक्रवार जयपुर में विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल से भेंट कर राजसमंद जिला मुख्यालय पर विशेष राजस्व न्यायालय और श्रम न्यायालय की स्थापना की मांग रखी। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने मंत्री को अवगत कराया कि राजसमंद जिला मुख्यालय पर बड़ी संख्या में राजस्व एवं श्रम संबंधी प्रकरण लंबित चल रहे हैं। इन मामलों के शीघ्र समाधान के लिए विशेष न्यायालयों की स्थापना अत्यंत आवश्यक है ताकि आमजन को न्याय मिलने में देरी न हो और विवादों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जा सके। भेंट के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंत्री के कार्यालय में विधायक दीप्ति माहेश्वरी का भावपूर्ण स्वागत किया। विधायक ने आशा व्यक्त की कि मंत्री इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर न्याय प्रक्रिया को सुलभ और प्रभावी बनाने में सहयोग करेंगे।



**किरण माहेश्वरी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर राजसमंद में हवन अनुष्ठान का आयोजन**

पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री एवं भाजपा पूर्व राष्ट्रीय महासचिव स्वर्गीय किरण माहेश्वरी की चतुर्थ पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में शनिवार को विधायक कार्यालय में प्रातः 9 बजे हवन, अनुष्ठान एवं पूर्णाहुति का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विधायक एवं किरण माहेश्वरी स्मृति मंच की संयोजिका दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि स्वर्गीय किरण ने अपनी धार्मिकता, विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता, संगठन क्षमता और प्रशासनिक दक्षता से संपूर्ण देश में अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। मेवाड़ की किरण के नाम से विख्यात किरण माहेश्वरी का असामयिक निधन राजसमंद और पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आज हवन अनुष्ठान की तैयारियों की समीक्षा की। अनुष्ठान का उद्देश्य उनकी भावी जीवन यात्रा की मंगल कामना और उनके आदर्शों को याद करते हुए समाज में प्रेरणा देना है। इस दौरान स्वर्गीय माहेश्वरी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के जुटने की संभावना है।

## भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन पर्व की जिला बैठक आयोजित




**राजसमन्द (पुकार)।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन पर्व की जिला बैठक विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, जिला संगठन पर्व प्रभारी महेंद्र बोहरा व भाजपा जिलाध्यक्ष मान सिंह बारहठ के सानिध्य में भाजपा जिला कार्यालय में हुई। जिला मीडिया प्रभारी अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि भाजपा जिला संगठन पर्व की बैठक में संगठन पर्व जिला पर्यवेक्षक कुलदीप धनकड़ ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी उन कार्यकर्ताओ की वजह से हैं जो निस्वार्थ भाव से बूथ पर कार्य कर रहे हैं। भाजपा में नेता से पहले कार्यकर्ता की महत्ता होती है और यही बात संगठन पर्व में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। संगठन पर्व में आप सभी को कार्य करने वाला कार्यकर्ता की पहचान करनी है न कि किसी व्यक्ति विशेष के घनिष्ठ हो उसकी यह संगठन पर्व निष्पक्षता के साथ मनाया जाएगा, इस बात का मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं। महेंद्र बोहरा ने कहा कि हम सभी के लिए संगठन सर्वप्रथम होता है उसकी गरिमा का विशेष तौर से हमेशा हम सभी को ध्यान में रखना होता है आज हम विश्व के मानचित्र पर प्रमुखता से खड़े हैं। उसका मुख्य कारण भाजपा के कार्यकर्ता ही है जिसकी वजह से भारत देश का इतना नाम है और इसको हम सभी मिलकर ओर आगे लेकर जाएंगे। जिलाध्यक्ष मान सिंह बारहठ ने सभी के सामने संगठन पर्व को लेकर अभी तक कि रूपरेखा सभी के सामने मंडल के अनुसार प्रस्तुत की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा इसके साथ ही आगामी 5 तारीख तक कि रूपरेखा भी बनाई गई। इस दौरान विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड़, हरिसिंह रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पुरोहित, भंवरलाल शर्मा, नंदलाल सिंघवी, महामंत्री गोपाल कृष्ण पालीवाल, अशोक सोनी, सुनील गांधी, शोभालाल रेगर सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मजिस्ट्रेट ने किया विशेष विद्यालय का मासिक निरीक्षण

### संतोषजनक मिली व्यवस्थाएं

**राजसमन्द (पुकार)।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) संतोष अग्रवाल ने श्री द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान द्वारा संचालित जागृति विशेष आवासीय विद्यालय राजसमंद का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं शिक्षा के स्तर की जांच की गई। अग्रवाल ने बताया कि वक्त निरीक्षण बालकों को अध्ययन करवाया जा रहा था। विद्यालय प्रशासन द्वारा जानकारी दी गई कि बालकों का चिकित्सीय परीक्षण 13 नवम्बर को डॉ. वीके बोहरा ने किया गया। मनोरंजन हेतु छात्रावास में लगाई गई टीवी कार्यशील अवस्था में है। सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। बालकों को सर्दी में गर्म पानी से नहाने हेतु गीजर की व्यवस्था है। बालकों को सुबह भोजन में सब्जी व चपाती दी गयी। गृह में पेयजल के लिये समुचित व्यवस्था है। आवासीय विद्यालय में 35 बालकों का आवासरत होना पाया गया, जिनके लिए डबल डेकर बेड, गद्दे, चादर, तकिये पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। अग्रवाल ने बालकों को लैगिंक अपराधों के प्रति जागरूक करने हेतु दक्ष शिक्षक के माध्यम से विद्यालय में अध्ययनरत बालकों को अवगत करवाने के निर्देश दिए।



## कमीशन की दरों में बदलाव के खिलाफ एलआईसीआई एजेंट्स ने सौंपा ज्ञापन

**राजसमन्द (पुकार)।** कमीशन की दरों में बदलाव और (क्लॉ बैक) दिए गए कमीशन को वापस लेने के प्रावधान के खिलाफ एलआईसीआई एजेंट्स ने मैनेजिंग डायरेक्टर भारतीय जीवन बीमा निगम को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि कमीशन की दरों में बदलाव के नाम पर हमारे कमीशन में कमी कर दी गई है, जबकि हम लगातार कमीशन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इस कदम ने हमारी रातों की नींद हराम कर दी है। हमने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि प्रबंधन इस तरह के एजेंट विरोधी नियम लेकर आएगा। पूरे देश में एजेंट बहुत परेशान, व्यथित, दुखी और गुस्से में हैं। हम मांग करते हैं कि पहले वर्ष में कमीशन 25 प्रतिशत तथा 40प्रतिशत बोनस के रूप में रखा जाए। दूसरे वर्ष से पॉलिसी की अवधि के अंत तक इसे बढ़ाकर 40 प्रतिशत किया जाए। साथ ही कहा गया है कि हम क्लॉ बैक क्लॉज का पुरजोर विरोध करते हैं तथा आपसे अनुरोध करते हैं कि इसे वापस लिया जाए। अखिल भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता महासंघ की कोर कमेटी की बैठक में सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करने का निर्णय लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें...

## आकोला नगरपालिका में तीन दिवसीय रोजगार मेला शिविर आयोजित



**आकोला।** नगरपालिका मिनी सचिवालय में शुक्रवार से तीन दिवसीय रोजगार मेला शिविर का आयोजन प्रारंभ हुआ। राष्ट्र स्तरीय सुरक्षा कम्पनी में विशेष नि भर्ती अभियान के तहत होम सिक्योरिटी सर्विसेज इण्डिया प्रा. लि. की ओर से नगरपालिका अध्यक्ष तारा मालीवाल के सानिध्य में नगरपालिका में 29-30 नवम्बर व 1 दिसम्बर को शिविर सम्पन्न होगा। इस मौके पर भर्ती टीम कमांडेड पुष्कर पटेल, सहायक कमांडेड दलपत सिंह मीणा, योगेश सालवी के सहयोग से , 29 नवम्बर शुक्रवार को शिविर में लगभग दो दर्शन अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

**बैरोजगार को रोजगार की जानकारी हेतु रोजगार का अवसर**

इस योजना के तहत सुरक्षा विभाग मे नोकरी पाने का सुनहरा अवसर है। होर्ड सिक्योरिटीज (एच एस पी एल) के द्वारा व उदयपुर, चित्तौड़गढ़ जिले मे 1000 विभिन्न पदो पर भर्ती- सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, सहायक सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी, क्षेत्र अधिकारी व अन्य पद जिसमें उम्र सीमा- 17.6 से 45 वर्ष बताया गया। उपस्थित होने वाले को स्तावेज- आधार कार्ड, पेन कार्ड, 8 वी, 10 वी, 12 वी, ग्रेजुएशन मार्कशीट की तीन- तीन कोपियां, पासपोर्ट साइज़ 3 फोटो व प्रॉस्पेक्ट फीस 147 रूपये साथ लेकर पहुंचे अनिवार्य होगा। शुभारंभ के इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन तारा मालीवाल, सरिता बारेशा, कुन्दन कोदली सहित नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित थे।

## मंडी में आवंटित दुकानों के सुचारू संचालन करने के लिए कलेक्टर ने व्यापार संघ से की बैठक



**सलूंबर ।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में सलूंबर मंडी में आवंटित दुकानों के संचालन के संबंध में व्यापार संघ के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ बैठक ली बैठक में 11 दिसंबर को मंडी सुचारू रूप से संचालन करने की सहमति बन गई है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के प्रयासों से सलूंबर जिले में लंबे समय से बंद पड़ी दुकानें अब पुनः सुचारू रूप से चल सकेगी और आमजन को भी एक स्थान पर ही सभी चीजें उपलब्ध हो पाएगी। बैठक में व्यापारियों ने उनकी समस्याओं से अवगत कराया जिस पर जिला कलक्टर संधू ने व्यापार संघ के सभी व्यापारियों को विश्वास दिलाते हुये कहा कि व्यापारियों की कृषि मंडी सम्बंधित नियमानुसार सभी समस्याओं का प्राथमिकता के तौर पर शीघ्र समाधान करवाया जाएगा ताकि व्यापारियों को परेशानी का सामना न करना पड़े ।

## अम्बे विहार मधुवन में संगीतमय सुन्दरकांड पाठ

**चितौड़गढ़ ।** शनिवार सांय 7.30 बजे से श्री परशुराम रामायण मंडल चेरिटेबल ट्रस्ट चितोड़गढ़(राज.) द्वारा भारतीय वेशभूषा के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ नवीन अग्रवाल के निवास न.15 गायत्री स्कूल के पास मधुवन चित्तौड़गढ़ पर रखा गया है द्य आयोजन से जुड़े अग्रवाल ने बताया की संगीतमय सुन्दर कांड पाठ मंडल संरक्षक अध्यक्ष हरिओम मौड़ के दिशा निर्देशन में मुख्य गायक वक्ता जनार्दन मौड़, हिमांशु मौड़ ,अरुणमौड़ ,खुशीगर्ग,चतरुलाल न्याति, रमेश सोनी,स्वीटी शर्मा ,भैरु लाल दशोरा ,ताराचंद शर्मा ,कार्तिक मौड़, प्रेमलता मौड़ ,सन्ध्या तेली,सीता शर्मा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा एवं सभी भक्तों से विनती करते की पधार कर प्रभु गुणगान व भक्ति का रस पान करे ।

## निगम के केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीद के संबंध में किसानो हेतु सुचना

**चित्तौड़गढ़।** भारत सरकार एवं भारतीय खाद्य निगम, मुख्यालय, नई दिल्ली के दिशा निर्देशानुसार राजस्थान में इस वर्ष गेहूं की खरीद के लिए सरकारी मूल्य में 'भारी बढ़ोतरी' की गयी है. न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425/- रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा किसानों को उनकी उपज के मूल्य का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में गेहूं बेचने के 48 घंटों में नियमानुसार कर दिया जायेगा। भारतीय खाद्य निगम, मण्डल कार्यालय, उदयपुर के अधीनस्थ राजस्व जिलों उदयपुर/ बांसवाड़ा/ चित्तोडगढ़/ प्रतापगढ़/राजसमंद में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद अधिक से अधिक मात्रा में करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस उद्देश्य हेतु स्रष्टढ्ढ द्वारा उक्त जिलों में 18 खरीद केन्द्र खोले जाने है जिसके अंतर्गत राजसमंद जिले में (कांकरोली, मदारा, कुरज), चित्तौड़गढ़ जिले में (डूंगला, भादसोड़ा, कनेरा, पहुना, निम्बाहेड़ा, बस्सी, जावदा, आकोला), उदयपुर जिले में वल्लभनगर, बांसवाड़ा जिले में (छींच, बड़ोदिया, गनोडा एवं तलवाड़ा), प्रतापगढ़ जिले में (प्रतापगढ़ एवं छोटी सादडी) खरीद केंद्र खोले गए है जिससे की ज्यादा से ज्यादा किसानो को लाभान्वित किया जा सके। भारतीय खाद्य निगम द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं की खरीद का कार्य https://mspproc.rajasthan.gov.in के माध्यम से किया जाएगा। किसान अपना पंजीकरण उक्त पोर्टल पर ई-मित्र, अटल सेवा केंद्र एवं अन्य माध्यम से करवा सकते है।

## जिला कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक



**चित्तौड़गढ़।** वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 12 दिसंबर से 15 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने आयोजित होने वाले किसान सम्मेलन, युवा सम्मेलन, रोजगार उत्सव, महिला सम्मेलन सहित जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी एवं जिला दर्शन पुस्तिका के प्रकाशन की तैयारी एवं उसके विमोचन सहित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जिला दर्शन पुस्तिका और प्रदर्शनी के माध्यम से जिले में किए गए नवाचारों, विशेष उपलब्धियां आदि को प्रदर्शित करने तथा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम, एडीएम भू अवाप्ति रामचंद्र खटीक, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, एसीईओ विशाल सीपा, सहित संबंधित अधिकारीकरण उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन की कैंटीन से बाल श्रमिक को मुक्त करवाया

**भीलवाड़ा ।** चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म स्थित कैंटीन पर बाल श्रमिक की सूचना मिलने पर बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक मोहम्मद अशफाक खान के निर्देशानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने रेलवे सुरक्षा बल से संपर्क किया। रेलवे स्टेशन पर स्थित कैंटीन से एक नाबालिग बालक को बाल श्रम से रेस्क्यू किया। टीम ने बालक को बाल कल्याण समिति अध्यक्ष चंद्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव के समक्ष प्रस्तुत किया गया, बाल कल्याण समिति ने बालक को एवरेस्ट शेल्टर होम में आश्रय हेतु रखवाया। काउंसलिंग के दौरान बालक ने काउंसलर निर्मला पुरोहित को बताया कि वह कैंटीन पर चाय बनाने, चाय नाश्ता देने का काम करता है। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान रेलवे सुरक्षा बल की एसआई रेखा बाई, कास्टेबल देशराज, चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रभारी हेमंत सिंह सिसोदिया, काउंसलर निर्मला पुरोहित एवं केस वर्कर शिवराज खटीक ने उक्त कार्यवाई की।

# जिला कलक्टर ने ली बैठक, दिए दिशा निर्देश



**सलूंबर (पुकार) ।** राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर जिले में आगामी 12 से 15 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने शुक्रवार शाम को जिला कलक्टर कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली तथा कार्यक्रमों के सुचारू संपादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर को रन फॉर विकसित राजस्थान, युवा सम्मेलन एवं रोजगार उत्सव, जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ,जिला दर्शन पुस्तिका का विमोचन, पंच गौरव का शुभारंभ आदि का आयोजन किया जाएगा वही 13 दिसंबर को किसान सम्मेलन, 14 दिसंबर को महिला सम्मेलन एवं अंत्योदय सेवा शिविर तथा 15 दिसंबर को राज्य स्तर से वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने बैठक में कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए सफल एवं सुचारु आयोजन के दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर जारी हुए निर्देशों के अनुपालना करते हुए अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यक्रमों के लिए योजना बनाने एवं तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रमों के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में लाभान्वित होने वाले लाभार्थियों को सूचीबद्ध करने, कार्यक्रमों के आयोजन स्थल, रूट मैप, ट्रैफिक प्रबंधन, एम्बुलेंस, टेंट, माइक, बैठक व्यवस्था, पेयजल, चल शौचालय सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने आगामी बैठक में अपने विभाग से संबंधित की गई कार्यवाही तथा प्राप्त अन्य निर्देशों से अवगत कराने के भी निर्देश दिए।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर राजलक्ष्मी गहलोत,आयुक्त नगर परिषद गणपत लाल खटीक, एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार, जिला समाज कल्याण अधिकारी हेमन्त खटीक, सूचना प्रौद्योगिकी जीवन राम मीणा,पीआरओ पुष्पक मीणा, कृषि विभाग गोस मोहमद सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अमृता हॉट मेले ने खरीददारों का मन मोहा



**भीलवाड़ा (पुकार) ।** जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से ग्रामीण हाट बाजार में आयोजित अमृता हॉट मेला अपने उत्पादों की वजह से खरीददारों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। सहायक निदेशक महिला अधिकारिता नगेंद्र कुमार तोलंबिया ने बताया कि अमृता हाट मेले में मुख्य रूप से लक्ष्मणगढ़ की जूतियां, बगरू की प्रिंट, अजमेर का हैंडलूम, जयपुर की कुर्तियां, सांगानेर की प्रिंटेड चादर, भरतपुर की मूर्तियां, स्वनिर्मित साबुन व अन्य उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मेले में 2 हजार रू. से अधिक की खरीद करने पर मिलने वाले आकर्षक पुरस्कार ने भी खरीददारों को प्रोत्साहित कर रहा है। सहायक निदेशक ने बताया कि मेले में दूसरे दिन मेहंदी प्रतियोगिता व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम विनीता सोनी, द्वितीय अनीता आगाल व सना गोरी तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम रतन कंवर, द्वितीय श्रुति पिंकू तथा स्वामिनी तृतीय स्थान पर रही। मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। मेले के दूसरे दिन जेंडर संवेदनशीलता, घरेलू हिंसा, बाल विवाह जैसे विषयों पर कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें गंगा दाधीच व राम प्रसाद शर्मा ने विचार व्यक्त किये।

## गंगापुर में सहाडा विधायक पितलिया ने किया शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (जनता क्लीनिक) का शुभारंभ



**भीलवाडा (पुकार) ।** शुक्रवार को गंगापुर में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (जनता क्लीनिक) का उद्घाटन सहाडा विधायक श्री लादूलाल पितलिया व सीएमएचओ डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने फीता काटकर किया। जनता क्लीनिक के शुभांरभ होने से क्षेत्रवासियों को अपने नजदीक ही राज्य सरकार की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि गंगापुर में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (जनता क्लीनिक) खुल जाने से क्षेत्र के लोगों को घर के पास ही अच्छी चिकित्सा सुविधाएं मुहैया हो सकेगी। जनता क्लीनिक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की समस्त प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही आमजन के उपचार के लिए राज्य सरकार की निःशुल्क दवाईयों व जांच का लाभ मिल सकेगा। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन कुमार शर्मा, डॉ. राजेन्द्र मौर्य, अन्य चिकित्साकर्मी, आशाएं व जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा महिलाओं ने साबुन, बर्तन धोने का लिक्विड, फिनायल और अगरबत्ती बनाने का लिया प्रशिक्षण



**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** बैंक ऑफ बड़ौदा (ग्रामीण स्वराजेगार प्रशिक्षण संस्थान) गाँव डूंगला तह. बड़ीसादड़ी में राजीविका के स्वयं समुह की महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से छः दिवसीय प्रशिक्षण बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा साबुन, बर्तन धोने का लिक्विड, फिनायल और अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा डूंगला से शाखा प्रबंधक संजय कुमार थे। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी डूंगला से नरेश ढाबरिया, संजय वैष्णव, प्रगति प्रसार अधिकारी योगेश गुर्जर, बैंक ऑफ बड़ौदा से निवेदिता, राजस्थान ग्रामीण आजिविका विकास परिषद डूंगला से ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक ममता कुमारी माली एवं संस्थान के फैकल्टी सत्यनारायण कुमावत उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए रोजगार से जुड़ने हेतु प्रेरित किया एवं विभिन्न प्रेरणात्मक गतिविधियों की सहायता से अपना लक्ष्य प्राप्त करने के उद्धेश्य से भी अवगत कराया गया। एवं प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार शुरू करने एवं सरकारी बैंक से ऋण लेकर अपना व्यवसाय शुरू करने पर बल दिया।

फैकल्टी सत्यनारायण कुमावत ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए रोजगार से जुड़ने हेतु प्रेरित किया एवं विभिन्न प्रेरणात्मक गतिविधियों की सहायता से अपना लक्ष्य प्राप्त करने के उद्धेश्य से भी अवगत कराया गया। एवं प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित किया।

मास्टर ट्रेनर रिंकु वैष्णव ने केमिकल रहित घरेलु व हर्बल सामग्री नीम, तुलसी, हल्दी, बेसन, ग्सिरीन जेल, कलर गुलाब, चंदन, औरेंज की सुगंध का उपयोग करते हुए साबुन, फिनायल, बर्तन धोने का लिक्विड एवं अगरबत्ती बनाना सिखाया।

फैकल्टी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को बताया की बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान द्वारा बेरोजगार युवक- युवतियों के लिए स्वरोजगार हेतु ब्यूटी पार्लर प्रबन्धन, सिलाई, होममेड अगरबत्ती निर्माता, ज्वेलरी बनाना, डेयरी एवं वर्मी कम्पोस्ट, बकरी पालन के निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित है। अन्त में फैकल्टी सत्यनारायण कुमावत ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद दिया।

# सहाडा विधायक पितलिया ने नौनिहालों को दवा पिलाकर गंगापुर से किया विटामिन-ए कार्यक्रम का शुभारंभ



**भीलवाडा (पुकार) ।** जिले में विटामिन-ए अभियान का शुभारंभ शुक्रवार को सहाडा विधायक लादूलाल पितलिया व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेंद्र पुरी गोस्वामी ने गंगापुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से बच्चों को दवा पिलाकर किया। अभियान के दौरान जिले में 9 माह से 5 वर्ष तक के लक्षित 1 लाख 60 हजार बच्चों को जिले की समस्त आंगनबाडी केन्द्र तथा स्वास्थ्य केन्द्रों पर विटामिन-ए की यह खुराक पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेंद्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और रतौंधी सहित आंखों की अन्य बीमारियों से बचाव के लिए चिकित्सा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ समन्वित प्रयास द्वारा जिले में बच्चों को विटामिन-ए सिरप पिलाने का यह चरण पूरे एक माह तक चलेगा, जो कि शुक्रवार से 29, दिसंबर 2024 तक चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला अस्पताल पर विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि विटामिन-ए अभियान के इस चरण में भीलवाड़ा जिले के शत-प्रतिशत लक्षित बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के सफल आयोजन व शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए माइक्रो प्लानिंग की गई है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जिन स्थानों पर आंगनबाड़ी केन्द्र नहीं हैं या कार्यकर्ता व आशा का पद खाली है वहां एएनएम बच्चों को यह खुराक पिलाएगी। अपने बच्चे के 9 माह पूरे होते ही उसे अपने नजदीकी आंगनबाडी केन्द्र या स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाकर विटामिन-ए की खुराक पिलाना न भूले। ध्यान रहे एक भी बच्चा विटामिन-ए की खुराक पीने से वंचित न रहे। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन कुमार शर्मा, डॉ. राजेन्द्र मौर्य, अन्य चिकित्साकर्मी, आशाएं मौजूद रहे।

## बीमा कंपनी के विरुद्ध 10 लाख का अवार्ड पारित

**चित्तौड़गढ़।** न्यायालय जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रभुलाल आमेटा व सदस्यगण अरविन्द भट्ट, राजेश्वरी मीणा ने केसीसी ऋण के साथ किये गये बीमे की अवधि के दौरान कृषक की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेन्स कंपनी के विरुद्ध 10 लाख रुपये की राशि मय ब्याज व मानसिक संताप, आर्थिक क्षति, परिवाद व्यय के 7500 रुपये दिलाये जाने का आदेश सुनाया। प्रकरणानुसार रामरखी होटल के पीछे आनन्द विहार निवासी प्रार्थिया रतनदेवी पत्नि उदयलाल पुरोहित ने यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेन्स कंपनी, ग्राम सेवा समिति आंवलहेड़ा व सीकेएसबी बैंक चित्तौड़गढ़ के विरूद्ध एक परिवाद आयोग में अपने अधिवक्तागण भगवतसिंह गिलुण्डिया, कुलदीप सुवालका के मार्फत इस आशय का पेश किया कि प्रार्थीया के पति उदयलाल ने विपक्षी समिति से केसीसी के तहत ऋण प्राप्त किया, जिसके साथ 522.90 रुपये प्रीमियम काट कर जीवन सुरक्षा बीमा व 188.80 रुपये प्रीमियम काटकर एक दुर्घटना बीमा कुलिया दस लाख रुपये का किया हुआ था जिसे प्रतिवर्ष रिन्युअल किये थे। उदयलाल की दुर्घटनावश कृषि कार्य करते समय जहरीले जानवर के काटने से स्क्रब टाईफस विथ मॉड्स नामक बीमारी पर चित्तौड़गढ़ व उदयपुर में विभिन्न अस्पतालों में इलाज के बावजूद मृत्यु हो गई। समिति आंवलहेड़ा द्वारा 93 हजार 449 रुपये का ऋण माफ कर दिया गया। आवश्यक दस्तावेज सहित बीमा क्लेम चाहने पर बीमा कम्पनी द्वारा इसे दुर्घटना से मृत्यु नहीं मानते हुए क्लेम खारीज कर दिया गया जिस पर न्यायालय में परिवाद पेश किया गया। जहाँ दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आयोग ने परिवाद स्वीकार करते हुए उक्त आदेश सुनाया।

**ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन दिसंबर2024 में**

## अध्यनरत एवं गैर अध्यनरत युवाओं को अपना हुनर दिखाने का सुनहरा अवसर

**डूंगला (पुकार) ।** युवा मामले एवं खेल विभाग राजस्थान सरकार के आदेश अनुसार डूंगला में ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव 2024 -25 का आयोजन दिसंबर 2024 के पहले सप्ताह में आयोजित होगा, राजस्थान के दुर्लभ एवं लुप्त कला एवं संस्कृति को संवर्धन संरक्षण एवं प्रोत्साहित करने हेतु यह आयोजन विभिन्न विधाओं को लेकर किया जाएगा उक्त युवा महोत्सव में 15 वर्ष से 29 वर्ष के युवा विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे जिसके अंतर्गत थीम आधारित प्रतियोगिताएं समूह लोक नृत्य,समूह लोक गायन, एकल लोक नृत्य,एकल लोक गायन,कविता, कहानी लेखन, पेंटिंग,टेक्सटाइल, एग्रो प्रोडक्ट आदि विधाओं में अपना प्रदर्शन करेंगे प्रतिभागी की आयु 1 अप्रैल 2024 को 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए इस महोत्सव में अध्यनरत एवं गैर अध्यनरत युवा भाग ले सकेंगे आयु संबंधी प्रमाण पत्र के लिए सेकेंडरी स्कूल का प्रमाण पत्र या आधार कार्ड मान्य होगा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना आवश्यक है केवल ऑनलाइन पंजीकरण के आधार पर ही इस प्रतियोगिता में भाग लिया जा सकेगा ब्लॉक स्तर पर यह आयोजन 1 दिवसीय होगा । भाग लेने के इच्छुक समस्त प्रतिभागी राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइट www.youthboard. rajasthan.gov.in पर अपना रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें रजिस्ट्रेशन की हार्ड कॉपी स्थानीय सीबीइओ कार्यालय डूंगला में रजिस्ट्रेशन डेस्क पर शारीरिक शिक्षक श्याम सिंह चौहान एव भगवती लाल बाबेल को जमा करावे ,सीबीईओ जब्बार खान देशवाली युवाओं से अपील करते हैं कि वे अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवा कर इस कार्यक्रम मे भाग ले । रजिस्ट्रेशन हेतु दी गई साइट पर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकेगा।

# खेल-कूद प्रतियोगिता में खुला घोषणाओ का पिटारा

## ओगड संत प्रताप जी महाराज के 126 वे जन्मोत्सव हुआ आयोजन




**भूपालसागर (पुकार) ।** उपखंड के जासमा मगरा स्थित शनिदेव व ओगड़ संत प्रताप जी महाराज की तपोभूमि परिसर मे प्रताप अखिल भारतीय धनगर गाडरी समाज के तत्वाधान में श्री 1008 श्री प्रताप जी महाराज के 126वे जन्मोत्सव के उपलक्ष में गाडरी समाज द्वारा द्वितीय खेलकूद ओपन प्रतियोगिता सहकारिता मंत्री गौतम दक के मुख्य आतिथ्य व निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, जिला अध्यक्ष मिठू लाल जाट, पूर्व जिला अध्यक्ष रतन लाल गाडरी, जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडोली, देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत, जलदाय विभाग मंत्री सुरेंद्र सिंह रावत, प्रधान हेमेंद्र सिंह राणावत, भाजपा वरिष्ठ नेता बलवंत सिंह ओस्तवाल, जिला मंत्री कर्नलसिंह कांकरवा,मण्डल अध्यक्ष ओमप्रकाश मेनारिया, उप प्रधान प्रतिनिधि देशराज गुर्जर,वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिंदुस्तान जिंक नरहरि देव सिंह राठौड़, जिला अध्यक्ष गाडरी समाज कालूराम गरदाना, के विशिष्ट आतिथ्य में खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर गाडरी समाज द्वारा मंचासिन अतिथियों का मेवाडी पगडी व उपरना पहनाकर स्वागत सम्मान किया । सहकारिता मंत्री गौतम दक ने अपने उद्बोधन में बताया कि खेल को खेल की भावना से खेलते हुए भाईचारा कायम रखना चाहिए इस अवसर पर गाडरी समाज द्वारा मांग करने पर जिला प्रमुख व प्रधान की सहमति से पांच लाख रुपए सामुदायिक भवन की घोषणा व पांच लाख मेला ग्राउंड में सीसी रोड़ की घोषणा की वही 3 लाख रुपए कबड्डी मेट के लिए घोषणा की। खेलकूद प्रतियोगिता में वालीबॉल की 16 टीम तथा कबड्डी की 32 टीमें भाग ले रही है प्रतियोगिता का शुभारंभ वालीबॉल का प्रथम मैच मंत्री गौतम दक व विधायक श्री चंद कृपलानी ने वालीबॉल खेल कर किया प्रथम मैच कुंडिया व राजपुरा के बीच हुआ जिसमे राजपुरा की टीम विजेता रही वही कबड्डी का पहला मैच मकनपुरिया व जाशमा के बीच हुआ जिसमे मकनपुरिया टीम विजय रही। उद्घाटन समारोह मे एडवोकेट मोहन लाल गाडरी, जाशमा सरपंच देवी लाल लोहार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश गाडरी,पन्ना लाल, रतन लाल,भेरुलाल गाडरी फलासिया सहित सैकड़ों की संख्या में गाडरी समाजगण व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन माधवलाल गाडरी धनेरीया ने किया। इस दौरान पुलिस उप अधीक्षक हरजीलाल यादव के दिशानिर्देश में थानाधिकारी तुलसी राम आचार्य मय जाब्ता तैनात रहे।

## विधायक आक्या ने किया हजारेश्वर महादेव के समीप निर्माणाधीन पुलिया का निरीक्षण

**चित्तौड़गढ़ ।** चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने शुक्रवार को हजारेष्वर महादेव के पास से बुंदी रोड तक गंभीरी पदी पर निर्माणाधीन नई पुलिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने अधिकारियो को आवष्यक दिशा-निर्देष प्रदान किये। उल्लेखनीय है कि विधायक आक्या के सतत प्रयासो से साढ़े 12 करोड़ की स्वीकृत लागत से निर्माणाधीन इस पुलिया का कार्य पूर्णता की ओर है तथा इस पर आवागमन शीघ्र ही आरम्भ होने वाला है। विधायक आक्या ने नगर परिषद व यूआईटी के अधिकारियों के साथ पुलिया का निरीक्षण कर पुलिया के दोनो ओर विद्युत पोल लगाने, आवश्यक रंग रोगन कराने, पुलिया पर दोनों तरफ सुरक्षा की दृष्टि से जांलियां लगाने एवं अन्य आवश्यक कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए ताकि इस पुलिया को शीघ्र ही आमजन को समर्पित कर इस पर आवागमन सुव्यवस्थित रुप से प्रारंभ किया जा सके। विधायक आक्या ने कुछ जगह सड़क की चैड़ाई को लेकर आ रही समस्या को देखते हुए संबंधित खातेदारो को बुलाकर उनसे समझाइष की, जिस पर सड़क की चैड़ाई बढ़ाने के लिए सहमति बनी। विधायक आक्या ने इसके साथ ही कूकड़ा रिसॉर्ट के पास से भोई खेड़ा लिंक सड़क का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

## संक्षिप्त खबरें...

### सुरभि गौशाला में आर्गेनिक खेती पर समीक्षा बैठक संपन्न



**भीलवाड़ा।** शहर के आटूण रोड पर स्थित न्यू सुरभि गौशाला में ऑर्गेनिक खेती पर समीक्षा बैठक विधायक अशोक कोठारी की अध्यक्षता व आरसीएम चौयरमेन त्रिलोकचन्द छाबड़ा के आतिथ्य में सम्पन्न हुई। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, मौसमी सब्जियां भोने के लिए तैयारियां की जा रही है। गौमाता से प्राप्त गोबर का सदुपयोग करते हुए जैविक खेती के माध्यम से सब्जियां तैयार की जाएगी। जैविक खेती के तहत वर्तमान में गना, अमरूद, नेपियर गास, सेजल (मोरिंगा) शुद्ध रूप से जैविक ही तैयार करके उपयोग में लिया जा रहा है। शहर में निवासरत लोगो को जैविक सब्जियां प्राप्त करने के लिए, प्रोत्साहित करने के लिए छत पर नेट हाउस बनाया गया। जिसमें खीरा, लौकी, टमाटर, शिमला मिर्च, लगा दी गयी है, जो एक मॉडल के रूप में विकसित होगा, जिससे स्वयं के घर की छत पर सब्जियां उत्पादित कर शुद्ध एवं पौष्टिक उत्पादन लेकर शहर में निवासरत लोग लाभ ले सकेंगे। इस दौरान लाल जी महाराज, देवीलाल गुर्जर, कृषि पर्यवेक्षक रतन शर्मा, डॉ. देवेंद्र कुमावत, गौसेवक एवं उद्योगपति रवि अग्रवाल, महेश नवहाल, गौशाला प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

### सुजस कॉलेज के स्टूडेंट्स ने एथलेटिक्स में जीते मेडल



**भीलवाड़ा।** एमडीएस विश्वविद्यालय अजमेर में आयोजित एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में सुजस महाविद्यालय के छात्र विनोद कुमावत पुत्र महावीर कुमावत ने हाई जंप, खुशबू कुमारी गुर्जर पुत्री भैरूलाल गुर्जर ने हेमर थ्रो में सिल्वर मेडल जीता। सुजस महाविद्यालय शैक्षिक उत्कृष्टता के साथ-साथ ही खेलकूद में भी श्रेष्ठ था। दोनों विद्यार्थियों के महाविद्यालय पहुंचने पर संस्थान सीईओ रोशन भारद्वाज व स्टाफ ने स्वागत किया। कोच महावीर गुर्जर, उमा राजपूत व कॉलेज इंचार्ज गिरजेश कुमार का भी सम्मान किया।

### विद्यार्थियों को दी काउंसलिंग संबंधी जानकारी



**भीलवाड़ा।** एसटेक नर्सिंग कॉलेज, पैरामेडिकल व फार्मेसी कॉलेज की संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम में 100 से अधिक बच्चों को काउंसलिंग से संबंधित जानकारी दी गई। पिछले 15 सालों में संस्था के सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम, प्लेसमेंट रहे हैं। संस्था के विद्यार्थी देश के अलावा विदेशों में भी अच्छी नियुक्ति प्राप्त कर रहे हैं। संस्था का 30 से अधिक बीघा में कैंपस बना हुआ है। फार्मेसी, नर्सिंग, पैरामेडिकल संचालित कर रही है। एमएससी नर्सिंग व पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्क्रिप्ट के माध्यम से अत्याधुनिक तकनीक को कैसे मेडिकल साइंस में अप्लाई किया जाता है व विभिन्न प्रकार की मेडिकल सहायता के बारे में भी बताया गया। हाल ही में बच्चे ऊंचे पदों पर विदेश में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम में बच्चों के सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी व एसटेक ग्रुप की चेयरपर्सन मान कुंवर तोतला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# पालिका में कार्यरत संविदा कार्मिको के बकाया मानदेय व टेण्डर को लेकर सौंपा ज्ञापन



**फतहनगर (पुकार)।** पालिका में कार्यरत संविदा कार्मिको के बकाया मानदेय व टेण्डर को लेकर आज संविदा कार्मिकों ने सांसद सी.पी.जोशी के नाम एक ज्ञापन विधानसभा प्रभारी कृष्णगोपाल पालीवाल को सौंपा। इस ज्ञापन में इन कार्मिकों ने बताया कि पालिका में कार्यरत संविदा कार्मिक विगत 10-12 वर्षो से प्लेसमेंट एजेन्सी के मार्फत सेवाएं दे रहे है। वर्ष 2023-24 में पालिका द्वारा श्री गणपति सिक्योरिटी सर्विसेज को पालिका कार्यालय में कार्मिक सप्लाई हेतु दिनांक 01.09. 2023 को कार्यादेश जारी किया गया। सभी ठेका कार्मिको को दिनांक 30.06.2024 तक का भुगतान नियमित किया। माह अगस्त 2023 का भुगतान आज दिनांक तक नहीं किया गया। दिनांक 01.07.2024 से नियमति रूप से पालिका द्वारा समय पर टेण्डर नहीं करने से हम कार्मिको द्वारा दिनांक 01. 07.2024 से 15.08.2024 तक पालिका में कार्य करवाया गया और कहा गया कि आप सभी ठेका कार्मिक पालिका में कार्य करते रहे आपको भुगतान किया जावेगा जो आज दिनांक तक नहीं किया गया और कई बार अध्यक्ष/उपाध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी कृष्ण गोपाल माली के समक्ष पेश होने पर कहा कि आप कार्य करते रहो आपका भुगतान किया जावेगा। ऐसे बहला फुसला कर सभी ठेका कार्मिको से कार्य करवाया गया और कहा गया कि आप सभी ठेका कार्मिक कार्यालय में काम नहीं करते हो तो आपको कार्यालय से हटा दिया जावेगा एवं अन्य कार्मिको को कार्य पर रखा जावेगा। तत्पश्चात् पालिका द्वारा कार्मिक सप्लाई हेतु दिनांक 08.08.2024 को टेण्डर जारी किया जिसमें फर्म आशापुरा सिक्योरिटी गार्ड एवं भूतपूर्व सैनिक सोसायटी को दिनांक 15.08.2024 को उक्त फर्म को कार्यादेश जारी किया गया। संवेदक द्वारा पालिका में कार्मिकों के भुगतान हेतु 15 दिवस का बिल पेश किया जिसमें पालिका द्वारा संवेदक को किये गये भुगतान व संवेदक द्वारा कार्मिकों के खाते में हस्तांतरित राशि में अन्तर होने व पूर्व के संवेदक द्वारा दिये गये वेतन से भी कम राशि का भुगतान सभी कार्मिकों को किया गया। साथ ही सभी कार्मिकों के पी.एफ की राशि भी पोर्टल पर कार्मिकों के खाते में कम जमा होने से हम सभी ठेका कार्मिको का आर्थिक शोषण किया जा रहा है जिससे हम सभी ठेका कार्मिको में भारी रोष व्याप्त है। उक्त वेतन भुगतान व पी.एफ राशि के संबंध में पालिका कार्यालय में सभी ठेका कार्मिकों द्वारा पूर्व में भी दिनांक 30. 10.2024 को अधिशाषी अधिकारी के समक्ष पेश होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। उसके उपरान्त भी पालिका व संवेदक की मिली भगत होने से पालिका द्वारा एक भी नोटिस संवेदक को नही दिया गया। माह सितम्बर 2024 के भुगतान में भी इसी तरह की पुनः गलती दोहराई गई है तथा हम सभी ठेका कार्मिकों द्वारा पालिका में संबंधित शाखा प्रभारी से वार्तालाप करने पर और संवेदक को पालिका में बुलाने व समस्या समाधान हेतु कहा गया परन्तु संवेदक एक भी बार पालिका में आकर हम सभी कार्मिकों से बातचीत नही कि गयी एवं संवेदक द्वारा हमसे अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। उसके उपरान्त भी पालिका द्वारा कोई कार्यवाही नही की गयी। पालिका द्वारा दिनांक 05.11.2024 को राशि 45.00 लाख का पालिका में कार्मिक सप्लाई हेतु टेण्डर जारी किया गया परन्तु आज दिनांक तक कार्यादेश जारी नही किया गया। ऐसी स्थिति में हम कार्मिक कई वर्षों से पालिका में प्लेसमेंट ऐजेन्सी के मार्फत अपनी सेवाएँ दे रहें है। हमारे परिवार का भरण पोषण भी वेतन पर निर्भर है। वेतन नहीं मिलने पर हमारा भरण पोषण करना मुश्किल हो रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि 15 दिवस का भुगतान व माह अक्टूबर-2024 नवम्बर-2024 का भुगतान (कुल-4 माह 15 दिवस) का भुगतान नही किया जाता है तो इस स्थिति में हम सभी ठेका कार्मिक दिनांक 03. 12.2024 से पालिका में कार्य का बहिष्कार किया जाकर धरने पर बैठने की समस्त जिम्मेदारी पालिका प्रशासन की रहेगी।

## निःशुल्क साइकिल वितरण योजना अनवरत जारी रहेगी, छात्राओं को इसका लाभ मिलता रहेगा- विधायक पितलिया



**भीलवाड़ा (पुकार)।** राज्य सरकार के निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गूंदली में कक्षा 9 में अध्यनरत 16 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। प्रभारी मुरलीधर अहीर एवं सहयोगी सत्यनारायण खटीक ने बताया कि कक्षा 9 में पढने वाली पात्र 16 छात्राओं को विधायक लादूलाल पितलिया एवं गूंदली सरपंच शंभू लाल गुर्जर ने साइकिल का वितरण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक पितलिया ने कहा कि यह योजना अनवरत जारी रहेगी और छात्राओं को इसका लाभ मिलता रहेगा। सरपंच गूंदली शंभू लाल गुर्जर ने सभी का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर रायमल गुर्जर, देवा लाल गुर्जर, नारायण लाल गुर्जर, महावीर सेन, कालू लाल गुर्जर, रतन लाल गुर्जर उपस्थित थे।

## भीलवाडा जिला चाय विक्रेता संस्थान ने वितरित किए जरूरतमंद बच्चों को 151 स्वेटर



**भीलवाड़ा (पुकार)।** भीलवाडा जिला चाय विक्रेता संस्थान भीलवाड़ा के पदाधिकारियों द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मालीखेड़ाएवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीथास में 151 जरूरतमंदों को स्वेटर वितरित किये गये। प्रचार मंत्री विकास मून्दड़ा ने बताया कि सर्दी की अधिकता को देखते हुये संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा मालीखेड़ा एवं पीथास के सरकारी विद्यालय में ठण्ड से बचाव हेतु बच्चों को स्वेटर वितरित किये गये। स्वेटर प्राप्त करते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे जो देखने लायक थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवरतनमल झाबक, विशिष्ट अतिथि धनराज जाजू, महेश जाजू, सुनील पानेरी एवं सरपंच छोटू सिंह थे। मंच संचालन लादू पारीक ने किया। इस मौके मालीखेड़ा प्रधानाचार्य रमेश चंद्र सेन, पीथास उप प्रधानाचार्य सीता देवी, विद्यालय स्टॉफ सरपंच छोटू सिंह, रतनलाल काल्या, महावीर मुंधड़ा, लक्ष्मी लाल झाबक आदि सदस्यों उपस्थित थे। अंत में छोटू सिंह सरपंच द्वारा संस्थान का आभार प्रकट किया।

## गंगापुर में सहाडा विधायक पितलिया ने किया शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ



**भीलवाड़ा (पुकार)।** जिले के गंगापुर में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (जनता क्लीनिक) का उद्घाटन सहाडा विधायक लादूलाल पितलिया व सीएमएचओ डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने फीता काटकर किया। जनता क्लीनिक के शुभारंभ होने से क्षेत्रवासियों को अपने नजदीक ही राज्य सरकार की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि गंगापुर में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (जनता क्लीनिक) खुल जाने से क्षेत्र के लोगों को घर के पास ही अच्छी चिकित्सा सुविधाएं मुहैया हो सकेगी। जनता क्लीनिक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की समस्त प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही आमजन के उपचार के लिए राज्य सरकार की निःशुल्क दवाईयों व जांच का लाभ मिल सकेगा। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन कुमार शर्मा, डॉ. राजेन्द्र मौर्य, अन्य चिकित्साकर्मी, आशाएं व जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

## श्री पार्श्वनाथ सेवा संस्थान ने महिलाओं के लिए शुरू किया निःशुल्क डिजिटल स्किल्स कोर्स

**भीलवाड़ा।** महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से श्री पार्श्वनाथ सेवा संस्थान ने महिला उत्थान कार्यक्रम के तहत 1 माह का निःशुल्क सोशल मीडिया मैनेजमेंट और डिजिटल स्किल्स डेवलपमेंट कोर्स शुरू किया है। यह कोर्स महिलाओं को डिजिटल तकनीकों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रभावी उपयोग सिखाकर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगा। संस्थान के सचिव महावीर जैन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि आने वाले एक वर्ष में संस्थान ने 1,000 महिलाओं को निःशुल्क सोशल मीडिया स्किल्स में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें डिजिटल युग में सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इच्छुक महिलाएं और बालिकाएं आधार कार्ड और एक फोटो के साथ संस्थान के कार्यालय में जल्द से जल्द संपर्क कर सकती हैं। सीटें सीमित हैं, इसलिए रजिस्ट्रेशन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। संस्थान की इस पहल को समाज के विभिन्न वर्गों से व्यापक सराहना मिल रही है।

### फलासिया में रात्रि चौपाल का आयोजन

## जिला कलक्टर ने सुने लोगों के अभाव- अभियोग, पेयजल समस्या के निराकरण हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करने की निर्देश दिए

### मेधावी विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित कर संवाद किया





**भूपालसागर (पुकार)।** जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत समिति भूपालसागर की फलासिया ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने एक-एक कर ग्रामीणों के अभाव- अभियोग सुने और उनके निराकरण के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रात्रि चौपाल का आयोजन इसलिए करते हैं कि ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी ऐसी समस्याए जिनका तुरंत समाधान कर सकें उनका समाधान किया जाए।रात्रि चौपाल में पट्टा, पीएम आवास, खाद्य सुरक्षा, कृषि कनेक्शन, किसान सम्मान निधि, बिजली, अति' मण हटाने सहित सरकारी विभागों से लगभग 45 प्रकरणों में आमजन की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करते हुए उन्होंने अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने क्षेत्र में पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु बीडिओ और जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में लगे आरओ वाटर प्लांट की जांच करने, स्कूल में खेल मैदान विकास हेतु प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बिजली विभाग के अधिकारियों को 11 हज़ार केवी लाइन हटाने हेतु डिमांड नोट देने तथा ढीले पड़े तारों को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग को सड़कों का रिपेयर कराने, तहसीलदार को सार्वजनिक भूमि पर अति' मण हटाने हेतु नियमानुसार कार्यवाही करने, बीडीओ को पंचायतों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त उचित मूल्य की दुकान खुलवाने, श्रमिक कार्ड बनाने, आबादी विस्तार करने जैसी मांगों पर अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालयों, मनरेगा, कचरा निस्तारण, स्वच्छता, कृषि कनेक्शन आदि की स्थिति की समीक्षा की और विद्यार्थियों का हेल्थ चेकअप कराने, लैंड सीडिंग, ई केवाईसी आदि कार्यो को लंबित नहीं रखने तथा विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किया।

**मेधावी विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित किया**

जिला कलक्टर ने बोर्ड परीक्षाओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके करियर को लेकर संवाद भी किया। विद्यार्थियों से संवाद करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि अभी करियर को लेकर ज्यादा तनाव ना ले, कक्षा के विषयों को सीखने पर ध्यान दें। यहीं पढ़ाई कंपीटीशन में काम आएगी। मेहनत करते रहे जीवन में सफलता जरूर मिलेगी। विद्यार्थी जीवन में सोशल मीडिया का कोई उपयोग नहीं है। सोशल मीडिया से दूर रहे। मोबाइल का उपयोग पढ़ाई के लिए करें। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने पौधरोपण हेतु दान करने वाले शिक्षको को भी सम्मानित किया। उन्होंने शिक्षकों को विषय के प्रति रुचि जागृत करने एवं उसे आकर्षक बनाकर पढ़ाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर प्रधान हेमेंद्र सिंह राणावत, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, उपखंड अधिकारी पुनीत गेलड़ा, तहसीलदार अपूर्व गौतम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक अशीन शर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार दिनेश कुमार जागा, उपनिदेशक उद्यान शंकर लाल जाट, डीओआईटी उपनिदेशक प्रवीण जैन, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक कल्पना शर्मा सहित जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अधिशेष शिक्षकों के समायोजन को लेकर शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधि मंडल की निदेशक से हुई वार्ता



**डूंगला (पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधि मंडल ने अधिशेष शिक्षकों के समायोजन को लेकर प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में निदेशक माध्यमिक शिक्षा से वार्ता की।

जिला अध्यक्ष पूरण मल लौहार और जिला मंत्री रामलक्ष्मण त्रिपाठी के अनुसार संगठन के प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि संगठन ने निदेशक महोदय को अधिशेष शिक्षकों के समायोजन निर्देशों से उत्पन्न भ्रांतियों से अवगत कराते हुए स्पष्टता की मांग की।इस पर निदेशक ने कहा कि सोशल मीडिया पर अधिशेष शिक्षकों के समायोजन को लेकर कई तरह की बाते चल रही है और इसी कारण शिक्षकों में भ्रांतियां उत्पन्न हो रही है।प्रदेश में मात्र 6000 से 7000 शिक्षक ही अधिशेष हो रहे हैं ।बहुत ज्यादा संख्या में अधिशेष नहीं है।किसी विद्यालय में कार्यरत शिक्षक से संबंधित विषयानुसार पद नहीं होने पर ही अधिशेष माना जाएगा,अन्य शिक्षक इससे प्रभावित नहीं होंगे। महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में संविदा शिक्षकों के कारण अधिशेष शिक्षकों पर पुनर्विचार कर उचित निर्णय लिया जाएगा। किसी भी शिक्षक को अपनी ग्राम पंचायत या ब्लॉक से बाहर नहीं भेजा जाएगा।इसलिए शिक्षकों को इस प्रक्रिया से असहज महसूस नहीं करना चाहिए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने कहा कि निदेशक महोदय के साथ वार्ता सकारात्मक रही है।किसी भी शिक्षक का अहित नहीं होने देंगे और जरूरत पड़ने पर माननीय शिक्षा मंत्री जी से भी बात करेंगे। प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के लिए परीक्षा दे चुके कार्मिकों के लिए भी निदेशक महोदय से चर्चा हुई है। इस पर भी शीघ्र निर्णय होना है।इस अवसर प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष संस्कृत शिक्षा अभय सिंह राठौड़ सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश नेतृत्व द्वारा अधिशेष शिक्षकों के समायोजन विषय को लेकर निदेशक से वार्ता कर समाधान करने के लिए चित्तौड़गढ़ से संभाग संयुक्त सचिव रमेश चंद्र पुरोहित,प्रदेश प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के मदन लाल जोशी,जिला संगठन मंत्री डॉ हीरा लाल लुहार,जिला संगठन मंत्री महिला नौसर जाट,जिला सभाध्यक्ष तेजपाल सिंह शक्तावत,उपसभाध्यक्ष उदय लाल अहीर और सैयद मुकर्रम अली,वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश दत्त व्यास, उपाध्यक्ष(पुरुष) नाथू लाल डांगी,उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा हमीर सिंह चुंडावत,उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षा बीरबल सिंह, उपाध्यक्ष संस्कृत शिक्षा कैलाश चंद्र मालू,सचिव माध्यमिक गोपाल व्यास,सचिव प्राथमिक मुकेश त्रिपाठी,सचिव संस्कृत इकबाल हुसैन,सचिव महिला बसंती सुथार,अतिरिक्त जिला मंत्री नर्बदा शंकर पुष्करणा,महिला मंत्री मधु जैन,कोषाध्यक्ष सागर मल पटवा एवं सदस्य अध्यापक सुशील कुमार लड्डा,वरिष्ठ अध्यापक सदस्य दिनमान वशिष्ठ,प्राध्यापक सदस्य सत्यनारायण गर्ग ,प्रधानाचार्य सदस्य रविन्द्र सिंह सिसोदिया,संस्कृत शिक्षक सदस्य कन्हैया लाल तंबोली,प्रयोगशाला सहायक सदस्य नरपत सिंह चौहान,शारीरिक शिक्षक सदस्य चावंड सिंह चुंडावत,सेवानिवृत्त शिक्षक नक्षत्र मल शर्मा ,प्रबोधक सदस्य चंदन सिंह शक्तावत ने आभार व्यक्त किया ।

## मार्गी होंगे गुरु बृहस्पति साल 2025, इन 3 राशियों का जागेगा सोया भाग्य

**निंबाहेड़ा (पुकार)।** साल 2024 अब खत्म होने वाला हैं और बस अब कुछ ही दिनों में नए साल की शुरुआत होने वाली हैं। फिलहाल देव गुरु बृहस्पति वक्री होकर वृषभ राशि में हैं और फरवरी 2025 में मार्गी होंगे। श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय जावदा के ज्योतिष विभाग के सहायक आचार्य डॉ ललित किशोर शर्मा ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बृहस्पति के मार्गी होने से कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती हैं।

**मेष राशि-** मेष राशि वाले जातकों के लिए गुरु का मार्गी होना बहुत फायदेमंद साबित हो सकता हैं। बृहस्पति आपकी राशि से धन और वाणी भाव में सीधी चल चलेंगे। इस दौरान आपको अचानक पैसे मिल सकते हैं। खासकर जो लोग लेखन मीडिया या संचार के क्षेत्र में है उनके लिए यह समय शानदार रहेगा। नौकरी खोज रहे लोगों को नई नौकरी मिलने के अवसर मिलेंगे। आप नौकरी पैसा हैं तो प्रमोशन मिल सकता हैं। निवेश के लिए अच्छे मौके मिलेंगे। मेहनत का फल मिलेगा।

**वृष राशि-** बृहस्पति आपके लग्न भाव में रहेंगे, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। इससे समय आप कहीं क्षेत्रों में सफलता पा सकते हैं। नए लोगों से मिलने का मौका मिलेगा। आपकी समाज में पहचान बढ़ेगी। मान सम्मान बढ़ेगा। शादीशुदा लोगों के रिश्ते मजबूत होंगे व परिवार में सुख शांति रहेगी।

**कर्क राशि-** गुरु आपकी राशि से लाभ स्थान में रहेंगे, जिससे आपकी आमदनी बढ़ सकती हैं। नए-नए तरीकों से पैसा कमाने के मौके मिलेंगे। काम में आपको तारीफ और सम्मान मिलेगा। शेयर बाजार या लॉटरी में भी मुनाफा होने के योग बन रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट



उदयपुर (पुकार)। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के साथ उदयपुर लेकसिटी मॉल में फिल्म द साबरमती रिपोर्ट देखी। विधायक फूलसिंह मीणा ने कहा कि यह फिल्म 27 फरवरी 2002 को गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की घटना पर बनी है तथा फिल्म गुजरात में 2002 में कारसेवकों से भरी साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगाए जाने की घटना पर आधारित है।

उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने फिल्म देखने के बाद कहा कि पूर्व के समय जो घटना हुई थी, उसे लेकर झूठ परोसा गया था। लेकिन इस फिल्म में सत्य को उजागर किया गया है। कांग्रेस ने हमेशा भ्रम फैलाने की कोशिश की और जनता को गुमराह किया, लेकिन अब जनता ने उनके इस झूठ को बेनकाब कर दिया है। आज मैं अपने कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के साथ फिल्म देखने आया हूं।

इस अवसर पर भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कविता जोशी, जिला महामंत्री मनोज मेघवाल, जिला मंत्री अमृत मेनारिया, करणसिंह शक्तावत, मण्डल अध्यक्ष हिम्मतसिंह देवड़ा, गिरिश शर्मा, हजारी जैन, जिला परिषद सदस्य पिंकी माण्डावत कविता जोशी एवं भगवतीलाल तेली, कमलेश शर्मा, शिवदानसिंह देवड़ा, सीताराम डांगी, विधानसभा मिडिया प्रभारी बी.एल. डांगी, सहप्रभारी खुबेश सुथार, मुकेश जोशी, लोकश गोड़, रूचिका चौधरी, सोनिका जैन, भंवर सालवी, महेश पुरी गोस्वामी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 47 दिवसीय सिल्क प्रदर्शनी प्रारम्भ, 80 स्टालों पर जनता कर रही खरीदारी



उदयपुर (पुकार)। श्रीकृष्णा आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट द्वारा शुक्रवार से तीसरी सिल्क ऑफ इंडिया प्रदर्शनी प्रारम्भ की गई। प्रदर्शनी में देश के विभिन्न स्थानों की 80 स्टॉलें लगायी गई। श्रीकृष्णा आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट के निदेशक योगेन्द्रसिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में कलकत्ता की साड़ी,आसमा सिल्क,भागलपुरी सिल्क व ड्रेस मेटेरियल, मेरठ खादी के कुर्ते व शर्ट,खेकड़ा की बेडशीट,मुंबई की फैशन ज्वैलरी, मधुबनी पेन्टिंग, बनारसी सिल्क साड़ियां,दिल्ली के कॉटन सूट, कश्मीर आर्ट,कश्मीर सिल्क, कश्मीर के ड्रायफ्रूट, राजस्थानी बांधनी साड़ी, बगरू कॉटन शर्ट,सहारनपुर का फर्नीचर, खुरजा की क्राकरी आदि की स्टॉलें लगायी गई है। श्याम सिंह नरूका ने बताया कि प्रदर्शनी में 1000 से अधिक उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। प्रदर्शनी में बुनकरों ने भी अपने उत्पादों की स्टॉल लगायी है। प्रदर्शनी में पटोला सिल्क की 50 हजार रूपयें की साड़ी सहित सिर्फ सिल्क की ही 12 स्टॉलें लगायी गई है। प्रति वर्ष संस्था की ओर से 8 प्रदर्शनी लगायी जाती है।

### के.के. गुप्ता मेवाड़ जनशक्ति दल के संरक्षक मनोनीत



उदयपुर (पुकार)। मेवाड़ जनशक्ति दल राजस्थान द्वारा संगठन के प्रेरणा प्राश्रेय स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती की अनुशंसा पर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। मेवाड़ जनशक्ति दल के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा ने शुक्रवार को कोर कमेटी की बैठक में सर्व समिति से समाजसेवी, उद्योगपति स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) के समन्वयक के के गुप्ता को संगठन में संरक्षक के दायित्व पर मनोनीत किया। के के गुप्ता संगठन के मजबूत स्तंभ बनकर समाज सेवा, धर्म प्रचार, संस्कृति की सुरक्षा में सहायता प्रदान करेंगे। यह जानकारी जिला अध्यक्ष देवेंद्र बोयल दी।

### परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन दिया



उदयपुर (पुकार)। शुक्रवार को छात्र नेता बनवारी धाकड़ के नेतृत्व में परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन दिया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि 2 और 3 दिसंबर को पशु परिचर सीधी भर्ती की परीक्षा है और उसी दिन सुखाड़िया विश्वविद्यालय के बहुत से विद्यार्थियों की मुख्य परीक्षा भी है तो उनको जगह विद्यार्थी परीक्षा नहीं दे सकते। अतः आपसे निवेदन है कि 2 और 3 दिसंबर की सभी परीक्षाएं स्थगित की जाए। इस दौरान दिग्विजय सिंह, अंकित, अभिषेक आदि मौजूद थे।

### नए कर्म करें : रीटा बहन



उदयपुर (पुकार)। बिना आत्मा के शरीर खोखला है। आत्मा के बिना शरीर का कोई महत्व नहीं रहता है। उसी प्रकार परमात्मा का ज्ञान सभी को होना चाहिए। बीते कर्म को भूलकर नए कर्म का सोचना चाहिए। ब्रह्मकुमारी सेन्टर संचालिका बी.के. रीटा बहन और मोटिवेशन स्पीकर लेखक दत्ता रोकड़े ने तारा संस्थान द्वारा संचालित माँ द्रौपदी देवी आनन्द वृद्धाश्रम में विचार व्यक्त किये। आवासियों को आत्मा और शरीर के महत्व के बारे में समझाया। बुजुर्गों से मानसिक और शारीरिक एक्सरसाइज करवाई। कार्यक्रम सफल बनाने में शैलेष बक्षी, सतीश कलाल, राजकुमार मेघवाल का योगदान रहा।

## सुगम यातायात और शहर सौंदर्यीकरण के कार्य जारी

# दुर्गा नर्सरी रोड़ चौड़ाईकरण व आयड़ सौंदर्यीकरण कार्यों का किया अवलोकन, दिए निर्देश

### शहर विधायक और जिला कलक्टर ने किया निरीक्षण



उदयपुर (पुकार)। राज्य सरकार की मंशा अनुरूप शहरवासियों के लिए सुगम यातायात व्यवस्था और शहर सौंदर्यीकरण को लेकर विभिन्न प्रकार की परियोजनाएं प्रगतिरत हैं और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनप्रतिनिधि और अधिकारी प्रभावी मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन और जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने नगर निगम, युडीए व स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के समीप दुर्गा नर्सरी रोड़ पर चल रहे सड़क चौड़ाईकरण कार्य तथा आयड़ नदी सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया व महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए।

शुक्रवार अपराह्न शहर विधायक ताराचंद जैन और जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल टीआरआई के समीप पहुंचे और सड़क चौड़ाईकरण कार्य का निरीक्षण किया। विधायक एवं जिला कलक्टर ने टीआरआई के परकोटे को तोड़ कर किए जा रहे सड़क चौड़ाईकरण कार्य क में आ रहे अवरोधों को यथाशीघ्र हटवाकर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को सुगम आवागमन का लाभ मिल सके। उन्होंने इस कार्य के क्रियान्वयन कार्य से जुड़े अधिकारियों को कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। इसके पश्चात विधायक व कलक्टर ने सिटी मॉल के सामने तथा आयड़ पुलिया के दूसरे छोर पर आयड़ नदी सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट के तहत चल रहे फेसिंग कार्य का भी अवलोकन किया। इस दौरान भी उन्होंने चिन्हित अवरोधों को हटाते हुए जल्द से जल्द फेसिंग कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, स्मार्ट सिटी के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कृष्णपालसिंह चौहान, अधिशासी अभियंता दिनेश पंचौली, युडीए तहसीलदार अभिनव कुमार सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



शहर में अवैध व्यवसासिक गैस सिलेण्डर जब्त करने की कार्यवाही करती रसद विभाग की टीम।

## गैस रिफिलिंग मशीन व सिलेण्डर जब्त

उदयपुर (पुकार)। घरेलू गैस सिलेण्डर की कालाबाजारी और अवैध गैस रिफिलिंग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशों पर रसद विभाग की टीम ने उदयपुर में कार्रवाई करते हुए गैस रिफिलिंग मशीन व सिलेण्डर जब्त किए। जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि विभाग एवं प्रशासन के निर्देश पर प्रवर्तन अधिकारी विनोद परमार, प्रवर्तन निरीक्षक ड़ॉ. कोमल सिंह सोलंकी, वरिष्ठ सहायक राजेन्द्र सिंह राणावत एवं राहुल तंवर की टीम गठित की गई। टीम ने बीड़ानगर के सामने सेक्टर 6 में आकस्मिक निरीक्षण कर श्री राम संजीवन मिश्रा के यहां से 9 घरेलू गैस सिलेण्ड़र एवं 1 गैस रिफिलिंग मशीन (मोटर) जब्त की। इसके साथ ही 100 फीट रोड़ सेक्टर 3 उदयपुर में भी 3 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं 2 अवैध व्यवसासिक गैस सिलेण्डर जब्त किए गए।

## सुरक्षित मातृत्व आश्वासन कार्यक्रम की संभाग स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न



उदयपुर (पुकार)। सुरक्षित मातृत्व आश्वासन कार्यक्रम की संभाग स्तरीय कार्यशाला शुक्रवार को संयुक्त निदेशक डॉ. प्रकाश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर बामनिया ने बताया कि कार्यशाला में उदयपुर और बांसवाडा संभाग के लेबर रूम से संबंधित चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग आफिसर,एल एचवी, डीपीएम उपस्थित रहे। राज्य स्तर से डॉ तरुण चौधरी और उदयपुर जिले से आरसीएचओ डॉ अशोक आदित्य उपस्थित थे। संयुक्त निदेशक शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम लक्ष्य और सुमन दोनों ही आज अत्यन्त आवश्यक है। मातृ और शिशु स्वास्थ्य को लेकर हमें सतर्क रहना होगा और सुविधाओं को उच्च स्तर का बनाना होगा। डॉ तरुण चौधरी ने बताया कि मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने हेतु हमें हमारे प्रसूति कक्ष की सेवाओं को बेहतर बनाना होगा। इंफेक्शन कंट्रोल का सख्ती से पालन करना होगा। आरसीएचओ डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि उदयपुर जिले में सीएचसी खेरवाड़ा, मावली, परसाद को राष्ट्रीय स्तर पर लक्ष्य कार्यक्रम में प्रमाणित करवाया गया है और आगे सीएचसी गोगुंदा,टीडी, झाड़ोल को प्रमाणित करने के लिए तैयार किया जा रहा है। उदयपुर में मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम किया गया है। ऐसे ही पूरे संभाग में किया जा सकता है।

# सरकार की पहली वर्षगांठ पर होंगे विविध आयोजन

### उदयपुर में 14 दिसम्बर को होगा राज्य स्तरीय अन्त्योदय सेवा शिविर व महिला सम्मेलन

### मुख्य सचिव ने वीसी के माध्यम से ली बैठक



उदयपुर (पुकार)। राज्य सरकार के कार्यकाल का 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 से 15 नवम्बर तक राज्य एवं जिला स्तर पर विविध आयोजन होंगे। कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से बैठक ली। उदयपुर से जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल, एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, सीईओ जिला परिषद हेमेंद्र नागर सहित अन्य अधिकारीगण डीओआईटी सभागार में मौजूद रहकर वीसी से जुड़े। वीसी में राज्य सरकार के कार्यकाल का 1 वर्ष पूर्ण होने पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि 12 दिसम्बर को राज्य एवं जिला स्तर पर रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन होगा। इसके अलावा युवा सम्मेलन, रोजगार उत्सव, पंच गौरव शुभारंभ, जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी, जिला दर्शन पुस्तिका विमोचन कार्यक्रम होंगे। राज्यस्तरीय आयोजन मारवाड़ा इंटरनेशनल सेंटर जोधपुर में होगा। 13 दिसम्बर को राज्य एवं जिला स्तर पर किसान सम्मेलन होंगे।

**गांधी मैदान में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम :** 14 दिसम्बर को अन्त्योदय सेवा शिविर व महिला सम्मेलन का आयोजन होगा। इसका राज्य स्तरीय कार्यक्रम गांधी मैदान, उदयपुर में प्रस्तावित किया गया है। इसमें आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इसी तरह 15 दिसंबर को राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी और राज्य स्तरीय कार्यक्रम जवाहर कला केंद्र, जयपुर में आयोजित होगा। मुख्य सचिव ने सभी आयोजनों को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियों पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने ई-फाइलिंग, आई गोट मिशन कर्मयोगी, संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों आदि की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**सरकार की पहली वर्षगांठ के आयोजनों को सफल बनाएं :** वीसी के पश्चात जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उन्होंने सरकार की पहली वर्षगांठ पर उदयपुर में होने वाले जिला स्तरीय आयोजनों के साथ ही राज्य स्तरीय अन्त्योदय सेवा शिविर को उत्सवी अंदाज में आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की पहली वर्षगांठ पर होने वाले आयेजनों को प्राथमिकता में रखते हुए कार्य करें तथा प्रत्येक कार्यक्रम को बेहतर से बेहतर ढंग से आयोजित करने पर फोकस किया जाए।

# राज्य लोक उपापन में पारदर्शिता विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला





उदयपुर (पुकार)। पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेन्ट एण्ड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट जयपुर द्वारा राज्य लोक उपापन में पारदर्शिता विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र, क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित किया गया । संस्थान के संयुक्त निदेशक परशुराम सैनी (राज. लेखा सेवा) ने बताया कि संस्थान द्वारा वित्त से सम्बन्धित विभिन्न विषयों यथा प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट, ऑक्शन मैनेजमेन्ट, वित्त विभाग की पहलों, अलटरनेटिव एण्ड इनोवेटिव फंडिंग मैकेनिस्म पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप, बजट प्रबंधन, बजट प्रबन्धन, फाइनेंस फॉर नॉन फाइनेंस एक्जिक्यूटिव,,आईएफएमएस आदि विषयों पर कार्यक्रम आयोजित करवाये जा चुके है, जिसमें लगभग 4000 सरकारी अधिकारियों-कार्मिकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग के अतिरिक्त निदेशक तुलसीराम अग्रवाल ने वित्त विभाग की इस पहल का स्वागत किया तथा प्रशिक्षण की महता बताते हुए सरकारी खरीद को पारदर्शी बनाने में राजस्थान सरकार की अग्रणी भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने लोकसेवकों को इन अधिनियम के मूल उद्देश्यों के समझने की आवश्यकता पर बल दिया। सैनी ने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में तुलसीराम अग्रवाल, निर्मल चित्तोड़ा, सेवानिवृत अति. मुख्य अभियन्ता, पी.एच.ई.डी. उदयपुर, दलपत सिंह राठौड मुख्य लेखाधिकारी, उदयपुर विकास प्राधिकरण, गौरव सोमानी, परियोजना अधिकारी, जिला परिषद् राजसमन्द, अनिल जैन सेवानिवृत, अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता पी.एच.ई.डी. अजमेर तथा चार्टेड अकाउन्टेंट, निखिल चित्तोड़ा रहे। प्रशिक्षण कार्यकम का मुख्य उद्देश्य सरकारी खरीद में पारदर्शिता लाना, सभी का समान अवसर प्रदान करना तथा सरकारी खरीद में दिन-प्रतिदिन विभागों में आने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु क्या बेहतर प्रयास किये जा सकते है।

## सर्दी के मौसम में मुर्गियों की देखभाल विषय पर संगोष्ठी

उदयपुर (पुकार)। पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को सर्दी के मौसम में मुर्गियों की देखभाल विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संस्थान के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने कहा कि सर्दी के मौसम में अण्डों की मांग बढ जाती है और मुर्गीपालक इस मौसम में पूर्ण अण्डा उत्पादन तभी प्राप्त कर सकते है जब वे इस मौसम में मुर्गीयों के बचाव का पूर्ण ध्यान रखे और उनकी उचित देखभाल करें। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मुर्गीपालन व्यवसाय में अपार संभावनाएं है। ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार की दृष्टि से इस व्यवसाय का भी चयन करना चाहिए। संस्थान के डॉ. सुरेश शर्मा ने भी उपयोगी सुझाव दिए।

## चेतना भटनागर का सम्मान



उदयपुर (पुकार)। एमबी हॉस्पिटल उदयपुर के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर चेतना भटनागर उत्कृष्ट नर्सिंग सेवा एवं व्यवहार के लिए सभी वार्ड पर प्रभारियों द्वारा माला, उपरणा, पगड़ी व शोल ओढ़ाकर व उपहार ट्रोली भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। नरेश पूर्बिया ने बताया कि अध्यक्षता नर्सिंग अधीक्षक गीता आहारी थी। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश पालीवाल व हसीना आहरी थी। कार्यक्रम में हेमंत आमेटा,अमीन खान, नारायण सिंह, पुष्कर वीरवाल, नरेश पूर्बिया, गणेश लाल डांगी, महेंद्र सिंह सारंगदेवोत, जितेंद्र भटनागर, उर्मिला मीणा, अर्चना भाटी, प्रवीण सुथार, सज्जन राठौड़, पुष्पा मलवारी, बिंदु,तारा सांगवाल, गीता मीणा सहित कई सिनियर नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित थे।

## गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज एवं एएसीएम के बीच हुआ एमओयू



उदयपुर (पुकार)। गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, उदयपुर एवं एकेडमिक एसोसिएशन ऑफ़ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट(एएसीएम) उदयपुर के बीच में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। जिसके तहत विद्यार्थियों के हित में एसोसिएशन द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों हेतू निःशुल्क कार्यशालाएं, सेमिनार कॉन्फ्रेंस करवाए जाएंगे। गुरु नानक कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल कोठारी जी ने बताया कि इस प्रकार के रूश्च से निश्चित ही वाणिज्य एवं अन्य विषय की छात्राओं को रोजगार प्राप्त करने मे सहायता मिलेगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सागर सांवरिया ने साझा किया कि एसोसिएशन द्वारा राजस्थान एवं अन्य राज्य के विभिन्न महाविद्यालय के इस प्रकार के एमओयू साइन किए गए हैं जिसके अंतर्गत विभिन्न वर्कशॉप के माध्यम से छात्राओं को शिक्षा में गुणवत्ता एवं रोजगारपरक बनाने हेतु कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर संस्था सचिव अमरपाल सिंह पाहवा एवं वाइस प्रिंसिपल डॉ अनुज्ञा पोरवाल महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. श्वेता जैन एवं एसोसिएशन के सचिव डॉ हेमंत कडूनिया उपस्थित रहे।

## गीता ज्ञान व्याख्यान मालाः योगः कर्मसु कौशलम् पर हुआ उद्बोधन




उदयपुर (पुकार)। गीता परिवार द्वारा गीता जयंती पूर्व आयोजित गीता ज्ञान व्याख्यान माला के अंतर्गत हैप्पी होम स्कूल, प्रतापनगर में आयोजित कार्यक्रम में गीता चिंतक आशीष जी सिंहल ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' विषय पर विद्यार्थियों को प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भगवद्गीता का सार योग है और योग का अर्थ केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि कर्मों को कुशलतापूर्वक करने की कला है। उन्होंने बताया कि 'योगः कर्मसु कौशलम्' का सीधा अर्थ है—कर्मों को निष्काम भावना और समर्पण के साथ करना। यह दृष्टिकोण न केवल जीवन को उत्कृष्ट बनाता है, बल्कि हर कार्य में संतुलन और आनंद भी लाता है।आशीष जी सिंहल ने बताया कि योग का तात्पर्य मन, शरीर और आत्मा के सामंजस्य से है, जो हर कर्म को साधना बना देता है। कर्मों में निपुणता ही योग है। उन्होंने कर्मों में कुशलता का अर्थ केवल तकनीकी दक्षता से नहीं, बल्कि कार्य को ईश्वर अर्पण की भावना से करने से जोड़ा। व्यक्ति जब फल की चिंता किए बिना मनोयोग से कार्य करता है, तो वह गीता के कर्मयोग सिद्धांत का पालन करता है।

विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि पढ़ाई, सेवा, और परिवार के प्रति कर्तव्य को भी कुशलता और निपुणता की भावना से किया जा सकता है।

मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि इस अवसर पर गीता परिवार के प्रचारक गोपाल कनेरिया ने आओ गीता सीखें ऑनलाइन निःशुल्क गीता कक्षा के बारे में जानकारी दी और 8 दिसंबर को निंबार्क कॉलेज में आयोजित होने वाले गीता जयंती महोत्सव का आमंत्रण दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गौ भक्त सम्पत लाल माहेश्वरी द्वारा प्रार्थना से हुआ, जिसमें उन्होंने प्रार्थना के जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रार्थना आत्मा की शुद्धि और मन की शांति के लिए आवश्यक है।

स्कूल की उप प्राचार्य निर्मला सालवी ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम का संयोजन गीता परिवार के रॉबिन चौधरी ने किया।

इस कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और गीता के इस अमूल्य ज्ञान से प्रेरणा प्राप्त की।

श्रीमद् भगवद गीता व्याख्यान माला का दूसरा सत्र महावीर विद्या मंदिर, प्रभात नगर में आयोजित किया गया। सत्र में गीताव्रती संतोष दीदी ने कहा कि गीता संगम की त्रिवेणी है। भक्ति की प्रतीक मां गंगा, कर्म की प्रेरणा मां यमुना, ज्ञान की स्वरूपा मां सरस्वती का त्रिवेणी संगम प्रयागराज में होता है। ठीक वैसे ही गीता ज्ञान, कर्म,भक्ति की त्रिवेणी है। जो मानव इसमें डुबकी लगाता जाता है उसका जीवन सफल और सार्थक बनता है । श्रीमद भगवदगीता में बताएं ध्यान योग का अभ्यास करवाया गया जिससे बच्चों में ध्यान के माध्यम से स्मरण शक्ति और धारण शक्ति का विकास हो । प्रकृति के संरक्षण में ही मानव के जीवन की सुरक्षा है इस संदर्भ में संरक्षण की उपयोगिता बताते हुए कहानी के माध्यम से बच्चों को प्रकृति से प्रेम करने के लिए प्रेरित किया। ओंकार प्रार्थना और कृष्ण तुम्हारी गीता हम भी सुनना चाहें गीत का सामूहिक गायन पुरोहित डा भूपेंद्र शर्मा ने करवाया। आभार नवनीत भट्ट ने ज्ञापित किया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.